नई दिल्ली
शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 239
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 10

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## नौसेना में शामिल होगा डीएसी ए-20 पोत, बढ़ेगी युद्धक क्षमता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमा पर बने हुए तनाव के दौर में 16 दिसंबर को भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में डीएसी ए-20 जहाज शामिल होगा। जिससे बल की राजनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि 16 दिसंबर को स्वदेश में डिजाइन के साथ बनाए गए इस पोत को दक्षिणी कमांड में आयोजित किए जाने वाले एक समारोह में बल में शामिल किया जाएगा। यह जहाज गोताखोरी में सहायक है। जिसके जरिए नौसेना की गोताखोरी और पानी के अंदर सहायता क्षमताओं में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। पोत को कोलकाता स्थित मेसर्स टीआरएसएल द्वारा निर्मित किए जाने वाले पांच जहाजों में से पहला है। जो उन्नत- अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियों से लैस है। इनकी मदद से यह सुरक्षा, विश्वसनीयता और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बोले पीएम, द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की

# टैरिफ संकट के बीच... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत

**वैश्विक शांति-स्थिरता के लिए दोनों देशों ने साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर वाशिंगटन डीसी द्वारा नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न संकट, एच1बी वीजा कार्यक्रम पर की गई सख्ती और महंगे गोल्ड कार्ड जैसी घोषणा के मध्य



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए लगभग सभी जरूरी मुद्दों (व्यापार, रक्षा, निवेश और ऊर्जा भी शामिल) पर चर्चा की गई है। इसके ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रपति ट्रंप संग हुई सार्थक बातचीत

पीएम मोदी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत हुई है। हमने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया है। प्रधानमंत्री के मुताबिक, भारत और अमेरिका अंतरराष्ट्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। वहीं, दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि भारत और अमेरिका के शीर्ष नेताओं के बीच व्यापार, जटिल तकनीक, ऊर्जा, रक्षा व सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई है। दोनों साझा चुनौतियों का मुकाबला करने और आपसी हितों से जुड़े हुए मामलों के विषय में भी एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

**15 से 18 दिसंबर तक की होगी पीएम की यह विदेश यात्रा**

## अगले सप्ताह सोमवार से जॉर्डन, इथोपिया, ओमान की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान समय में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई तमाम चुनौतियों के इस दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह सोमवार से जॉर्डन, इथोपिया और ओमान की चार दिवसीय (15 से 18 दिसंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान के जरिए बताया कि पीएम मोदी की इस विदेश यात्रा का आगाज जॉर्डन से होगा। जहां पर वह ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### ऑलटाइम हाई पर पहुंची चांदी, 2 लाख के पार

नई दिल्ली। अंतराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों ने गुरुवार को नया रिकॉर्ड बना दिया। चांदी का



दाम 62.50 डॉलर प्रति औंस के अपने नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इस तेज उछाल के बाद अब भारतीय बाजारों में भी चांदी का दाम 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गया है।

### रुपया डॉलर के मुकाबले फिर धड़ाम, 54 पैसे गिरे

नई दिल्ली। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के 2026 तक होने की खबरों के सामने आने के



बाद गुरुवार को अंतर-दिवसीय कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 54 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 90.48 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.95 पर खुला।

**मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी**

**आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए इसकी तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया है**

# यूपी में 26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की 'समयसीमा' बढ़ाई गई



**घर-घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर 2025 को समाप्त हो गई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत कुल 6 राज्यों में हो रही एसआईआर की प्रक्रिया के लिए समय सीमा को और 14 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए इसकी तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया है। आयोग ने एसआईआर की तारीखों को लेकर एक आदेश भी जारी किया है।

चुनाव आयोग पहले ही केरल के लिए तारीख में बदलाव की घोषणा कर चुका है। विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर सवाल उठा रहीं थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था। आयोग का ये आदेश इन तमाम आरोपों के बीच ही आया है।

**विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर सवाल उठा रहीं थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था। आयोग का ये आदेश इन तमाम आरोपों के बीच ही आया है**

**दावों, आपत्तियों का निपटारा और विशेष सत्यापन अभियान 7 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा**

**विपक्ष ने समय सीमा को लेकर उठाए थे सवाल**



एसआईआर सर्वे करते बीएलओ

### तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे

उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा को बढ़ाई गई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी। तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे। आयोग का मानना है कि मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना प्राथमिकता है, इसलिए अतिरिक्त समय देना आवश्यक हो सकता है। कोई भी योग्य वोटर पीछे न छूटे, इसे पक्का कराने के लिए नए ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को आएगी**

चुनाव आयोग की तरफ से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार,बूथ स्तर के अधिकारियों की तरफ से घर-घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर, 2025 को समाप्त हो गई। मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित किया जाएगा, जिसके बाद नागरिक 16 दिसंबर, 2025 और 15 जनवरी, 2026 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राहुल को शाह ने दिया था करारा जवाब

एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों को लेकर लोकसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब दिया था। उन्होंने इस दौरान कहा कि 5 नवंबर 2025 को राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप को तंज कसते हुए परमाणु बम बताया था। शाह ने कहा था कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक परमाणु बम फोड़ा था। परमाणु बम के अंदर उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोट पड़े। बाद में चुनाव आयोग ने साफ किया कि जिस हाउस 265 की बात राहुल गांधी कर रहे हैं, वह कोई छोटा मकान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि यह घर एक एकड़ का पुश्तैनी प्लॉट है, जिसमें अनेक परिवार एक साथ निवास कर रहे हैं। चूंकि हर परिवार के घर का अलग नंबर नहीं दिया गया है, इसलिए सभी जगह हाउस नंबर 501 एक ही है। उन्होंने यह भी बताया था कि एक परिवार की तो तीन पीढ़ियां साथ में ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में दिया डिजिटल अरेस्ट फ्राड से बचाने का फार्मूला**

## सिंगापुर की तर्ज पर भारत में भी लागू हो मनी-लॉक और कूलिंग आफ पीरियड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



गुरुवार को संसद के शून्यकाल में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने डिजिटल अरेस्ट जैसे गंभीर वित्तीय मामले को उठाते हुए मांग की है कि नागरिकों की जीवन भर की बचत को बचाने के लिए सिंगापुर की तर्ज पर 'मनी लॉक' फ़ीचर और कूलिंग-ऑफ पीरियड गाइडलाइंस को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए ताकि उनकी जिन्दगी भर की मेहनत की कमाई, उनके बचत को बचाया जा सके।

अग्रवाल ने कहा है यह एक गंभीर वित्तीय मामला है जो नागरिकों, खासकर बुजुर्गों की आर्थिक सुरक्षा को खतरा कर रहा है। लगातार 'डिजिटल अरेस्ट' फ्रॉड में एक खतरनाक बढ़ोतरी देखी जा रही है जो एक बहुत ही जटिल अपराध है जहां अपराधी वीडियो कॉल के जरिए सीबीआई या पुलिस अधिकारियों का रूप धारण करके झूठी गिरफ्तारी की धमकी देकर उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूर करते हैं और फिर उनकी पूरी जिंदगी की जमा-पूंजी लूट लेते हैं।

उन्होंने हाल की ही एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक पीड़ित ने अपनी जिन्दगी की पूरी कमाई लगभग 30 करोड़ रुपए की रकम खो ▶▶ शेष पेज 5 पर

**प्रियंका वाड्रा ने यूपी कांग्रेस में भरी ऊर्जा**

## 14 दिसंबर की रैली को लेकर नेताओं को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी ने आगामी राजनीतिक रणनीति एवं योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रमुख नेतृत्व के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख अजय ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 14 दिसंबर की दिल्ली रैली की तैयारियाँ

प्रियंका और वेणुगोपाल ने रामलीला मैदान, दिल्ली में होने वाली बड़ी रैली को सफल बनाने के लिए सभी नेताओं को दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से सलाह मशविरा किया। इस रैली का उद्देश्य "वोट चोरी" के विरोध तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को लेकर आम जनता का जागरूक समर्थन जुटाना है।

### भविष्य की रणनीति व योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा

एआईसीसी में आहूत उच्चस्तरीय बैठक में पार्टी की आगामी भविष्य की रणनीतियों, कार्यक्रमों, जनसमर्थन कवायद, तथा संगठनात्मक मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं को स्थानीय स्तर पर जन जागरण और सदस्यता अभियान तेज़ करने के निर्देश दिए गए।

### जनाधार बढ़ाने के लिए सक्रिय अभियान

प्रदेश में सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने और पार्टी का जनाधार बढ़ाने के उपायों पर भी सीनियर नेताओं से बारी बारी विमर्श किया गया। संगठन कहाँ चूक रहा है, कैसे जनप्रिय कार्यकर्ताओं को सियासी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केंद्रीय गृहमंत्री शाह से भी मिले मुख्यमंत्री नायब**

## पीएम मोदी से मिले सीएम सैनी, विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। इस अवसर पर सैनी ने हरियाणा के परिवारजनों की ओर से प्रधानमंत्री को पांचजन्य शंख का स्मृति स्वरूप भेंट किया, जो धर्म और सत्य का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि "प्रदेश में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और भविष्य की प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के मंत्र से प्रेरित होकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**10 हजार का अतिरिक्त ट्रैवल वाउचर भी देगी**

**जिनकी यात्राएं बदली उनको ये मुआवजा**

## अब इंडिगो एयरलाइन 5 से 10 हजार रु. तक का देगी मुआवजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब इंडिगो ने 3, 4 और 5 दिसंबर को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने की वजह से यात्रियों को राहत देने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को सरकार के नियमों के अनुसार 5,000 रु. से 10,000 रु. तक का मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही एयरलाइन ने सबसे ज्यादा प्रभावित यात्रियों के लिए 10,000 रुपए तक के अतिरिक्त



ट्रैवल वाउचर जारी करने की भी घोषणा की है। यह फैसला उन यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है, जिनकी यात्रा योजनाएं अचानक बदल गईं और जिन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस ट्रैवल वाउचर की खास बात यह है कि इसे अगले 12 महीनों तक कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यात्री भारत में इंडिगो की किसी भी घरेलू उड़ान या फिर अंतरराष्ट्रीय रूट के लिए इन वाउचर का उपयोग कर सकते हैं। इंडिगो ने बताया कि 10 हजार रु. का ट्रैवल वाउचर उन यात्रियों को दिया जाएगा, जिनकी यात्राएं एक से ज्यादा बार बदलनी पड़ीं, यानी जिनकी उड़ानें बार-बार रीशेड्यूल हुईं, या ▶▶ शेष पेज 5 पर

**दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हुई बैठक, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी रहे मौजूद**

## मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा के सांसदों के साथ की बैठक, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हरियाणा के सांसदों के साथ बैठक की। इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों पर बारीकी से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। सैनी ने कहा कि सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में भी निरंतर विकास कार्य जारी है। उन्होंने बैठक में सभी सांसदों से उनके क्षेत्र से जुड़ी मांगों को लेकर भी चर्चा की और विकास कार्यों पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि बैठक का मकसद विकास कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाना है ताकि आमजन को सरकारी परियोजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस मौके पर सांसदों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद ने कहा, राष्ट्रपति की नीतियों से भारत को खो देगा अमेरिका, मजबूत होगा रूस का साम्राज्य**

**ट्रंप बोले, गोल्ड कार्ड से खुलेंगे भारत, चीन के प्रतिभावान छात्रों और पेशेवरों के लिए अमेरिका में बसने (स्थायी नागरिकता) के रास्ते**

## अमेरिका में विपक्ष के निशाने पर ट्रंप की नीतियां, राष्ट्रपति ने चला गोल्ड कार्ड का मास्टरस्ट्रोक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के अलग-अलग भागों में चल रहे सैन्य संघर्षों की वजह से बनी हुई अस्थिरता के बीच अमेरिका की भारत को लेकर बनाई जाने वाली नीतियां और उन पर दिए जाने वाले विपक्षी दलों के तर्क इन दिनों मीडिया की सुखियों में छाए हुए हैं।

ताजा मामला अमेरिका के मुख्य विपक्षी दल और कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक दल की सांसद सिंडी



कमलागर डोव के बयान से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने दो टूक अंदाज में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी भारत संबंधी नीतियां दोनों देशों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यह है अमेरिकी सांसद का पक्ष

विपक्षी सांसद कमलागर डोव ने अमेरिकी कांग्रेस की विदेश मामलों की दक्षिण-केंद्रीय एशिया पर गठित की गई उप-समिति की बैठक को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। जिसमें उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर राष्ट्रपति अपने रुख पर जस का तस कायम रहते हैं तो ट्रंप अमेरिका के एक ऐसे राष्ट्रपति बन जाएंगे। जिन्होंने भारत को खो दिया या अधिक स्पष्टता के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हास्यास्पद है नोबेल पुरस्कार का जुनून

डोव के मुताबिक, जब कभी अमेरिकी इतिहास की किताबें लिखी जाएंगी और उनमें ट्रंप की भारत से शत्रुता के आगाज का मसला आएगा तो यह उसका एक ऐसा बिंदु कहलाएगा। जिसका भारत के साथ हमारे दीर्घकालिक सामरिक हितों का कोई लेना देना नहीं होगा। मेरी नजर में मामला सिर्फ और सिर्फ ट्रंप के नोबेल शांति पुरस्कार जीतने तक के व्यक्तिगत जुनून तक ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

# तीन करोड़ 59 लाख की डिमोनेटाइज्ड करेंसी के साथ चार लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिम जिले की वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र चौकी पुलिस ने 3.59 करोड़ की डिमोनेटाइज्ड करेंसी बरामद की है। इस सिलसिले में चार लोगों को पकड़ा गया है। आरोपी पुराने नोटों को उनके वास्तविक मूल्य से कम दाम पर लोगों को बेचते थे और झूठा दावा करते थे कि इन्हें आरबीआई में बदला जा सकता है। इस संबंध में अशोक विहार थाने में मामला दर्ज किया गया है।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पुलिस ने सभी नोट 500 एवं 1000 रुपये के है। शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 4 के पास से चार लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम हर्ष (22) निवासी सेक्टर-25, रोहिणी, टेक चंद ठाकुर (39) निवासी सेक्टर-25, रोहिणी, लक्ष्य (28) निवासी बृज पुरी, दिल्ली और विपिन कुमार (38) निवासी फिरोजशाह रोड, दिल्ली एवं स्थायी निवासी योरा गांव, थाना जोगिंदर नगर, हिमाचल प्रदेश बताये गये हैं। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे डिमोनेटाइज्ड करेंसी को गलत दावों के आधार पर लोगों को बेचते थे। वे यह झूठा विश्वास दिलाते थे कि इन नोटों को आरबीआई में बदला जा सकता है, जिससे भोले-भाले नागरिक इनके बहकावे में आ जाते थे। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वर्ष 2021 से आशीष और तरुण नामक दो व्यक्तियों के संपर्क में थे। लगभग दो तीन महीने पूर्व इन व्यक्तियों ने आरोपियों को करोड़ों रुपये की डिमोनेटाइज्ड करेंसी उपलब्ध होने की जानकारी दी तथा इसे बदलवाने में सहयोग के बदले भारी कमीशन का लालच दिया। गिरफ्तार आरोपी मोबाइल फोन के माध्यम से मिले निर्देशों के आधार पर काम करते थे। उन्हें आश्वासन दिया गया था कि पुराने नोटों को खपाने और उन्हें असली करेंसी में बदलवाने में मदद करने पर बड़ी राशि मिलेगी। हर्ष और लक्ष्य भाई है।

## बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 49 लाख ठगने वाले तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 49 लाख की ठगी करने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम अर्जुन सैनी (20), विमलेश (19) और मोहम्मद आबिद उर्फ मुबाशिर (20) बताये गये हैं। आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। जांच में छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। उन्होंने पुलिस को बताया कि डिजिटल अरेस्ट कर उनके साथ 49 लाख की ठगी की गई है। आरोपियों तक पहुंचने के लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान की और उन्हें लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि सिंडिकेट पीड़ितों को डराने के लिए पुलिस अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों का रूप धारण करता था। इसके बाद उन्हें कानूनी नतीजों की झूठी धमकी देकर बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता था। पैसे अकाउंट में आने के बाद रकम एटीएम से निकाल ली जाती थी।

## खबर संक्षेप

### बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के चांदनी महल इलाके में गुरुवार दोपहर एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने का मामला सामने आया। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस शॉर्ट सर्किट की आशंका जता रही है। दमकल विभाग के मुताबिक दोपहर करीब 12:12 बजे चांदनी महल स्थित एक चार मंजिल इमारत में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे 1 बजे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान आसपास की इमारतों को भी एहतियातन खाली करवा लिया गया था। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है।

### एपी ढिल्लो के कॉन्सर्ट से चुराये थे मोबाइल, चार पकड़े

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने आईजीआई स्टेडियम में सिंगर एपी ढिल्लो के कॉन्सर्ट के दौरान लोगों के महंगे मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना समेत चार लोग पकड़े गये हैं। इनके नाम सरगना सलमान (35), इमरान (28), शाहरुख (32) और वसीम (25) पता चलें। इनसे आठ आईफोन समेत 40 महंगे मोबाइल बरामद किए गये। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार राजधानी में बढ़ी मोबाइल चोरी की घटनाओं को देखते हुए क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट मोड पर है। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि महंगे मोबाइल फोन चोरी करने वाला एक गिरोह संगीत समारोहों, मेट्रो व रेलवे स्टेशनों के अलावा अन्य व्यस्त सार्वजनिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को निशाना बनाता है। इनपुट के बाद यमुना विहार मेट्रो स्टेशन के पास जाल बिछाया गया। आरोपियों को मौके पर आते ही एक कार के साथ दबोच लिया गया। इनके पास से चोरी के 40 फोन बरामद हुये। पूछताछ में पता चला कि वे आइफोन चोरी करने के तुरंत बाद एल्युमिनियम फायल में लपेट देते थे, ताकि सिग्नल ब्लाक हो जाएं। फाइंड माई आईफोन या रिमोट लाकिंग के जरिए उनका पता नहीं लगाया जा सकता था।

# सड़कों के लिए अगले पांच साल की कार्ययोजना करें तैयार : रविंद्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सड़कों और क्षेत्र के विकास की अन्य परियोजनाओं के लिए अगले पांच साल की कार्ययोजना तैयार की जाए। यह निर्देश गुरुवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविंद्र इंद्राज सिंह ने बवाना विधानसभा और उससे गुजरने वाली प्रमुख सड़कों एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जन समस्याओं और उनकी सुविधा बढ़ाने के आधार पर नई परियोजनाओं की कार्ययोजना तैयार करने के साथ ही निर्माणाधीन सड़कों एवं उनकी मरम्मत और फुटपाथ, आरसीसी ड्रेन, फुटओवर ब्रिज, नालों की डिसिल्टिंग के कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री इंद्राज ने अगले पांच साल की कार्ययोजना तैयार कर, समय से योजना और फण्ड की मंजूरी लेने के निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों में बाधा न आये और लोगों को अधूरे विकास कार्यों के कारण समस्या न हो। उन्होंने बादली-बवाना रोड, बवाना-औचंदी रोड, औचंदी-टटेसर रोड और बवाना-कंझावला रोड पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने जेएनवी स्कूल के नजदीक फुटपाथ निर्माण, औचंदी गांव में नाले और फुटपाथ का निर्माण, बवाना-कंझावला रोड पर जर्सी बैरियर लगाने एवं शाहबाद डेयरी में फुटओवर ब्रिज के निर्माण की प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। इनके लिए 23 करोड़ रूपये की योजनाएं प्रस्तावित हैं। इंद्राज ने बवाना में सड़क मरम्मत, नालों की डीसिल्टिंग, साइनेज बोर्ड लगाना, फुटपाथ की मरम्मत, पर्यावरण सुरक्षा हेतु एंटी-स्मॉग गन और वाटर स्प्रिंकलर का संचालन जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को सुरक्षित और स्वच्छ बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की अध्यक्ष एस राधा ने किया डीएमआरसी एकेडमी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन (सीबीसी) की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान ने डीएमआरसी एकेडमी का दौरा किया। इस अवसर पर डीएमआरसी एकेडमी के आला अधिकारी मौजूद थे। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह हमारे लिए खुशी प्रेरणा की बात है कि सीबीसी चेयरपर्सन चौहान ने दौरा किया। इस अवसर पर एकेडमी और उसकी सुविधाओं के बारे में सीबीसी चेयरपर्सन के सामने एक छोटा प्रेजेंटेशन रखा गया। जिससे उन्हें यहां दी जाने वाली ट्रेनिंग क्षमताओं और इसके सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई। प्रेजेंटेशन के बाद, चेयरपर्सन ने एकेडमी के अत्याधुनिक ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का भी दौरा किया, जिसमें कंप्यूटर बेस्ड ट्रेनिंग लैब, मॉडल रूम, डिजिटल लाइब्रेरी, ड्राइविंग और मेंटेनेंस सिमुलेटर आदि अत्याधुनिक उपकरण आदि शामिल थे। डीएमआरसी के अनुसार इस अवसर पर सीबीसी की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान ने एकेडमी के ट्रेनिंग इकोसिस्टम की तारीफ करते हुए उत्साहवर्धक सराहना भी की। उन्होंने अपने शब्दों में इस दौरे का वर्णन करते हुए कहा, मुझे इस संस्थान को चलाने वाले जोशीले, समर्पित और शानदार बुद्धि वाले लोगों के समूह से मिलकर बहुत ही शानदार और अद्भुत अनुभव हुआ। मैं लीडरशिप टीम को सलाम और मुझे उनके शानदार काम को दिखाने में लगाए गए समय और प्रयास के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देती हुं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत टीम को शुभकामनाएँ।

# दिल्ली पुलिस ने नकली वस्तुओं के बाजार का किया पर्दाफाश, रोजमर्रा की वस्तुओं तक भी फैला है जाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में पिछले कुछ महीनों में की गई एक के बाद एक छापेमारी में यह पता चला है कि राष्ट्रीय राजधानी में नकली सामान बनाने वाले केवल विलासिता की वस्तुओं या छोटे पैमाने पर नकली सामान बनाने तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि इसमें रोजमर्रा की वस्तुएं भी शामिल हो गयी हैं। देसी घी से लेकर एंटासिड पाउडर तक, इंजन ऑयल से लेकर शैम्पू और डिटर्जेंट तक व जींस से लेकर स्कूल की पाठ्यपुस्तकों तक, दिल्ली पुलिस ने एक विशाल और तेजी से फैलते नकली सामानों के बाजार का पर्दाफाश किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹नकली सामान बनाना एक गंभीर अपराध है, लेकिन हमारी टीमें कड़ी निगरानी रख रही हैं और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि 2023 से अब तक नकली सामान के उत्पादन और बिक्री से जुड़े 740 मामलों का पर्दाफाश किया गया है और इस साल जनवरी से सितंबर तक कॉपीराइट अधिनियम के तहत कुल 132 मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि यह नेटवर्क हाल के वर्षों में सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता सुरक्षा के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के रूप में उभरा है। एक बड़ी छापेमारी में अलीपुर में पुलिस टीमों ने लोकप्रिय ब्रांड के लेबल वाले टिन में पैक किए गए लगभग 1,500 किलोग्राम नकली 'देसी घी' बरामद किया। पुलिस ने भंडारित उत्पाद के साथ-साथ कच्चे माल के ड्रम और पैकिंग मशीनें भी जब्त कीं।

पुलिस ने बताया कि बाद में बवाना औद्योगिक क्षेत्र में इसी तरह की एक इकाई का भंडाफोड़ किया गया, जहां हजारों लीटर मिलावटी घी अस्वच्छ परिस्थितियों में संग्रहित पायी गयी। उन्होंने बताया कि तस्कर सस्ते वनस्पति तेल का इस्तेमाल कर रहे थे।

हालांकि, सबसे चौंकाने वाली कार्रवाई तब हुई जब पुलिस ने नकली एंटासिड पाउच बनाने वाली एक इकाई का भंडाफोड़ किया। इन पाउच का इस्तेमाल घरों में लगभग रोजाना होता है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने कच्चे पाउडर, पैकेजिंग रोल और सीलिंग मशीनों के साथ लगभग एक लाख पैकेट जब्त किए। इन्हें प्रमुख ब्रांडों की तरह ही पैक किया गया था, जिससे आम खरीदार के लिए पहचानना बेहद मुश्किल था। छापेमारी करने वाली टीम ने पाया कि नकली एंटासिड में सही औषधीय यौगिक नहीं थे, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि आपात स्थिति में इन पर निर्भर रहने वाले उपभोक्ताओं को गंभीर जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि एक अन्य अभियान में एक व्यापक अंतरराज्यीय आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े गोदामों से एक लाख से अधिक नकली गोलियां, कैप्सूल और मलहम बरामद किए गए, जिनमें स्टेरॉयड और दर्द निवारक दवाएं शामिल थीं। पहले की छापेमारी से मिली जानकारियों के आधार पर दिल्ली के बाहर स्थित कई अवैध कारखानों को भी बंद कर दिया गया। दिल्ली के नकली सामान के बाजार में टूथपेस्ट, शैम्पू और डिटर्जेंट जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं भी हैं।

## फतेह नगर स्थित गुरु हरकिशन स्कूल को बंद नहीं किया, केवल शिफ्ट किया गया है: गुरुद्वारा कमेटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने साफ किया है कि फतेह नगर स्थित गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल को बंद नहीं किया गया केवल शिफ्ट किया गया है। लेकिन कुछ लोग जानबूझकर गलत अफवाह उड़ा रहे है। इस बारे में कमेटी के सदस्य गुरमीत सिंह भाटिया ने बताया कि गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल फतेह नगर की ब्रांच बंद नहीं हुई है बल्कि उसे शिफ्ट किया गया है। इस मामले में कुछ लोगों द्वारा वीडियो पोस्ट करके पूरी तरह से गलत प्रचार किया जा रहा है, जो सही नहीं है। भाटिया ने बयान जारी करते हुए कहा कि मेरा नाम लेकर जवाब देने की बात कही गई थी, इसलिए स्पष्ट करना चाहते हैं कि गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल फतेह नगर की ब्रांच बंद नहीं हुई, बल्कि शिफ्ट हुई है। उन्होंने कहा कि दिसंबर महीने में आम तौर पर लोग बच्चों के छोटी क्लास में एडमिशन करवाते हैं, ऐसे में भ्रामक वीडियो वायरल करने से कौम का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल कौम की अमानत हैं और उनकी बेहतरी के लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की मौजूदा टीम पूरी मेहनत से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जहाँ तक कमेटी द्वारा किए जा रहे कामों का सवाल है, तो कमेटी की ओर से इस समय 50 रुपये में एमआरआई और सीटी स्कैन व मुफ्त डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा कमेटी कर्मचारियों के लिए फ्लैट और हॉस्टल भी बना रही है तथा और भी कई कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कभी सरदार मंजिंदर सिंह सिरसा, कभी सरदार हरमीत सिंह कालका और कभी सरदार जगदीप सिंह काहलों के बारे में भ्रामक वीडियो पोस्ट करते हैं।

# आरएसएस सदैव राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण के लिए है प्रतिबद्ध : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) सदैव राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात गुरुवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के समवेत सभा हॉल में 'संघ के 100 वर्ष' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संघ के सौ वर्षों की यात्रा हमें बताती है कि राष्ट्रीय विकास का आरंभ आत्मबोध, परिवार के प्रति उत्तरदायित्व, सामाजिक समरसता और सामूहिक कर्तव्य से होता है।उन्होंने कहा कि 27 सितंबर 1925 को नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सौ वर्षों में सेवा, अनुशासन और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व पर आधारित एक संगठित राष्ट्र चेतना का निर्माण किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार, अरविंद भालचंद्र मार्डिकर, वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय तथा इस्कॉन बेंगलुरु के उपाध्यक्ष भरतर्षभ दास उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि संघ की शताब्दी यात्रा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित अद्वितीय तप, त्याग, अनुशासन और सेवा का परिचायक है। आज यह विश्व का सबसे बड़ा और अनूठा स्वयंसेवी संगठन इस तथ्य का प्रमाण है कि राष्ट्र सेवा को जीवन का लक्ष्य मानकर चलने वाले स्वयंसेवकों ने इसे सशक्त आधार प्रदान किया। गुप्ता ने कहा कि संघ ने समाज में सांस्कृतिक चेतना जगाने, चरित्रवान नागरिक तैयार करने, सामाजिक सद्भाव बढ़ाने और कर्तव्यबोध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# अदालत ने उमर खालिद को बहन की शादी में शामिल होने के लिए दी अंतरिम जमानत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए 16 से 29 दिसंबर तक की अंतरिम जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने खालिद को अंतरिम राहत प्रदान की जो 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से संबंधित मामले में आरोपी है। न्यायाधीश ने आरोपी को 20,000 रुपये के निजी जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि के दो मुचलके पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि अंतरिम जमानत अवधि के दौरान, आवेदक (खालिद) सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करेगा।

अदालत ने उसे निर्देश दिया कि वे केवल अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से ही मिलेगा। इसने कहा कि खालिद को अपने घर पर या उन स्थानों पर रहना होगा जहां उनके द्वारा बताए गए विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। अदालत ने खालिद को 29 दिसंबर की शाम को जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पिछले साल उसे एक और शादी में शामिल होने के लिए सात दिनों की अंतरिम जमानत दी गई थी। उसे 2022 में भी इसी तरह की राहत दी गई थी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इरफान, पुत्रः श्री कलाम, पताः वेगाबाउंड बाराखंबा पार्क, दरगाह हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** ने **FIR No. 273/2022, dated 09.09.2022, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इरफान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इरफान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 273/2022, dated 09.09.2022, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **इरफान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.01.2026 को 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री मनुज कौशल**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–03**
**कमरा नं. 512, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/16651/SE/2025**


## मुख्यमंत्री का सभी इंजीनियरों को संदेश, बहाने नहीं चलेंगे, एक्शन और परिणाम पर हो फोकस

# प्रदूषण के खिलाफ युद्धः दिल्ली की सड़कें होंगी सुंदर, सुरक्षित और स्वच्छ : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिल्ली की सड़कों को सुंदर, सुरक्षित और स्वच्छ बनाया जाएगा। इसके लिए हर स्तर पर इंजीनियरों और अधिकारियों की सक्रियता और जवाबदेही जरूरी है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सिविक सेंटर के केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में 'स्टैंडर्ड फ्रेमवर्क फॉर रोड रिडेवलपमेंट' पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दिल्ली में सड़क निर्माण, सौंदर्यीकरण, ग्रीन कवर, ड्रेनेज, यूटिलिटी मैनेजमेंट और मेंटेनेंस के लिए एक एकीकृत और मानकीकृत ढांचा तय करना था, ताकि सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित हो सके। इस बैठक में पीडब्लूडी, एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ सीएक्यूएम , सीएसआईआर, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर तथा राहगीरी फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेषज्ञों ने राजधानी की अवसंरचना, यातायात प्रबंधन, शहरी डिजाइन और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इन्द्राज सिंह, डॉ पंकज कुमार सिंह, दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों और विभागों को स्पष्ट किया कि हमारी सरकार दोषारोपण में नहीं, बल्कि कार्रवाई और परिणामों पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया है और किसी भी काम में धन की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के लिए सभी विभागों को अपने एस्टीमेट और योजनाएँ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, प्रतिनिधियों और इंजीनियरों से हर कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि नालों, जल निकासी, सड़कों और फुटपाथों की समस्या केवल तभी हल होगी जब अधिकारी स्वयं अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। उन्होंने मिंटो ब्रिज और आरके पुरम अंडरपास से सम्बंधित समस्याओं का उदाहरण देते हुए बताया कि सभी विभागों के समन्वय से ही इनका तुरंत समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर इंजीनियरों और अधिकारियों की सक्रियता और जवाबदेही जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कचरा प्रबंधन, ओपन बर्निंग रोकने, नए बायोगैस और ग्रीन वेस्ट प्लांट लगाने, वेट वेस्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई बिल्डिंगों को जीरो वेस्ट, ग्रीन और सेल्फ-सस्टेनेबल बनाया जाए, और वाटर हार्वेस्टिंग, मिस्ट और एंटी-स्मोग गन जैसी सुविधाएं लागू हों। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से हर कार्य में पूर्ण निष्ठा, समर्पण और सामूहिक प्रयास की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण, अवसंरचना सुधार और सड़क सुरक्षा के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। हर चुनौती का समाधान संभव है, और इसे निष्ठापूर्वक लागू करना सभी की साझी जिम्मेदारी है।

## दिल्ली को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करें अधिकारी : प्रवेश वर्मा

इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले नौ महीनों में कई प्रशासनिक सुधार किए हैं, इसके साथ-साथ अधिकारियों और इंजीनियरों की सक्रियता और जिम्मेदारी भी उतनी ही अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों के बीच जिम्मेदारी तय करने में देरी होती है और तीसरी एजेंसियों के हस्तक्षेप से समय भी बर्बाद होता है। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित किया कि वे व्यक्तिगत और विभागीय हितों से ऊपर उठकर दिल्ली को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करें।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करन** पुत्र राजू, निवासी झुग्गी नं. टी–63, टी–हट्स, चूना भट्टी, कीर्ति नगर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 502/21 धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 502/21 धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **करन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.01.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री वसुन्धरा आजाद,**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, (पश्चिम),**
**कमरा नं. 146, प्रथम तल,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/16592/WD/2025**

## 'हमारी सरकार ने वर्षों पुरानी समस्या का केवल 10 माह में किया समाधान'

# दिल्ली में होंगे अब 13 जिले, शासन होगा और अधिक सुचारू : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने राजधानी में प्रशासनिक कार्यों को अधिक कुशल, सुगम और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक लेते हुए दिल्ली के मौजूदा 11 राजस्व जिलों का पुनर्गठन करते हुए 13 नए राजस्व जिलों के गठन को मंजूरी प्रदान की। यह निर्णय शासन को सरल, पारदर्शी और समन्वित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने का यह निर्णय वर्षों से लंबित था, जिसे किसी भी सरकार ने निपटाने का प्रयास नहीं किया। हमारी सरकार ने मात्र 10 माह में इस लक्ष्य को पूरा कर दिखाया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के विजन को धरातल पर उतारने का एक सशक्त उदाहरण है।

### जिला प्रशासन को बनाया जाएगा और अधिक मजबूत

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन किसी भी शासन का केंद्र बिंदु होता है और जनता के जीवन में सरकार की सबसे नज़दीकी इकाई है। दिल्ली की तेजी से बढ़ती आबादी, निर्माण गतिविधियों, शहरी विस्तार और नागरिक सेवाओं की जटिलताओं को देखते हुए जिला प्रशासन को और अधिक संगठित, प्रभावी और जवाबदेह बनाना समय की जरूरत था। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में सेवाओं के बेहतर समन्वय, त्वरित वितरण, शिकायतों के तेज समाधान और प्रभावी निगरानी के लिए छोटे, संतुलित और प्रशासनिक रूप से सशक्त जिलों का गठन आवश्यक था। इसी उद्देश्य से अब दिल्ली में 11 की जगह 13 जिलों का गठन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लंबे समय से दिल्ली के राजस्व जिलों की सीमाएं नगर निगम जोन, एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की सीमाओं से मेल नहीं खाती थीं। इससे सेवा वितरण में देरी, शिकायतों में भ्रम, भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन में कठिनाई और विभिन्न विभागों के क्षेत्रों में असमानता जैसी समस्याएं लगातार उत्पन्न होती थीं। नए पुनर्गठन के बाद 13 जिलों की सीमाएं पूरी तरह से दिल्ली नगर निगम, एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की सीमाओं के अनुरूप होंगी, जिससे शासन में स्पष्टता आएगी और विभागों के बीच समन्वय तेज होगा।

नई संरचना के तहत 11 जिलों को बढ़ाकर 13 और 33 सब-डिवीजन को बढ़ाकर 39 सब-डिवीजन किया जा रहा है। इससे अधिकारियों पर कार्यभार संतुलित होगा और नागरिकों को सेवाएं अधिक त्वरित मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार सभी 13 जिलों में आधुनिक, बहु-विभागीय 'मिनी सचिवालय' स्थापित करेगी, जहां नागरिकों को एक ही स्थान पर राजस्व कार्यालय, एसडीएम, एडीएम, तहसील, उप-पंजीयक कार्यालय समेत अनेक सेवाएँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि कई विभागों के दफ़्तर अलग-अलग इमारतों में होने से नागरिकों को भारी असुविधा होती थी। मिनी सचिवालय बनने से सेवाएं एक ही परिसर में मिलने लगेंगी, समन्वय बढ़ेगा और जिलाधिकारियों द्वारा निगरानी व समीक्षा अधिक प्रभावी हो जाएगी।

## न्यूनतम पारा लुढ़ककर सिंगल डिजिट हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** गत तीन चार दिन बाद एक बार फिर गुरूवार को मौसम का मिजाज बदला और न्यूनतम पारा लुढ़ककर सिंगल डिजिट में 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसका मतलब दिन में अब भी मौसम सुहावना बना हुआ है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली के अनुसार शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री कमी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। जबकि अगले तीन चार दिन मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। सुबह व शाम को कई क्षेत्रों में हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। जबकि दिनभर आसमान साफ सुथरा रहेगा, सूरज की गमारहट देने वाली तपिश महसूस होगी। कोई बड़ा मौसमी सिस्टम बदलेगा इसकी संभावना नहीं के बराबर है। आईएमडी का कहना है कि फिलहाल बारिश की संभावना भी नहीं के बराबर ही है। हवाएं कुछ तेज हो कसती है लेकिन बहुत अधिक गति नहीं होगी। पर्यावरण विभाग के अनुसार वायु प्रदूषण में कमी आने का सिलसिला अगले दो चार दिन संभव हो सकता है।

## महारैली की तैयारी पूरे जोरों पर, यादव ने किया रामलीला मैदान का दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के सांसद व नेता विपक्ष राहुल गांधी की 14 दिसंबर 2025 को रामलीला मैदान में होने वाली महारैली की तैयारियां जोरों पर चल रही है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन व अन्य के साथ रैली स्थल रामलीला मैदान का दौरा किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष यादव ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को रैली संबंधित जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि किसी चीज की कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अलावा पूरे दिन में महारैली की तैयारियों के लिए पांच अलग अलग जिला कांग्रेस समितियों की बैठकें भी आयोजित हुई। इस अवसर पर यादव व काजी के अलावा मनीष चतरथ, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर नरेंद्र नाथ, मीडिया प्रभारी अनिल भारद्वाज और प्रदेश प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा सहित अन्य छोटे बड़े नेता मौजूद थे। यादव ने आह्वान करते हुए कहा कि यदि हमें अपने वोट बचाना है तो खुलकर भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर सामने आना होगा। आईए 14 दिसंबर की महारैली में और वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी की आवाज को बुलंद करके महारैली को सफल बनाएं। यादव ने कहा कि रामलीला मैदान के दौरे और जिला की बैठकों में भी महारैली को लेकर गहराई से चर्चा हुई।

## पश्चिम दिल्ली में पाइप लाइन की मरम्मत कार्य के चलते जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली में पानी की मेन पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कार्य के चलते संबंधित दर्जनों कॉलोनियों व अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित होगी। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने बताया कि पश्चिम दिल्ली स्थित रेडिसन ब्लू होटल पश्चिम विहार में पाइप लाइन की मरम्मत की जाएगी। डीजेबी अनुसार पश्चिम विहार केशोपूर नाले के ऊपर लीकेज की मरम्मत और बीजे मार्ग अंडरपास पर लीकेज का पता लगाने के कारण कई क्षेत्रों में आज शुक्रवार 12 दिसंबर 2025 को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

डीजेबी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार के अनुसार बुडेला यूजीआर, मायापुरी यूजीआर , सीतापुरी, नासिरपुर, जीवन पार्क, जनकपुरी के कुछ हिस्से, केशोपुर एसटीपी और स्टाफ क्वार्टर, दिल्ली कैंटोनमेंट एरिया, आर.के. पुरम, वसंत विहार, वसंत कुंज, वसंत गांव, आनंद निकेतन, शांति निकेतन, वेस्ट एंड, कटवारिया सराय, बेर सराय, किशनगढ़, सफदरजंग डेवलपमेंट एरिया, मुनिरका, जेएनयू, महरौली, आईआईटी, ग्रीन पार्क, सफदरजंग एन्क्लेव, अफ्रीका एवेन्यू यूजीआर डी-2 ए ब्लॉक जनकपुरी, सागरपुर, शंकर विहार यूजीआर, सदर बाजार, झरेरा, महिपालपुर यूजीआर, डीयर पार्क यूजीआर, एमईएस, ग्रेटर कैलाश और उनके आस-पास के इलाके शामिल है। इनसे जुड़े अधिकांश क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित होगी। ऐसे में संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ता जरूरत पड़ने पर संबंधित कार्यालयों से निशुल्क पानी के टैंकर मंगाए जा सकते है।

# बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में नजफगढ़ और शाहदरा लिंक ड्रेन से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्टों को मिली मंजूरी : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



एक दशक बाद आयोजित दिल्ली बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की आयोजित बैठक में नजफगढ़ ड्रेन और शाहदरा लिंक ड्रेन से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्टों को हरी झंडी दी गई। इस बात की जानकारी सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को दी। बैठक की अध्यक्षता करने वाले मंत्री प्रवेश ने कहा कि मंजूर प्रोजेक्टों के तहत झटिकरा से बसईदारापुर तक दोनों तटों पर दो-लेन सेवा मार्गों का 453 करोड़ 95 लाख रुपए का निर्माण कार्य, और नजफगढ़ ड्रेन में जमा 91 लाख घन मीटर पुरानी गाद को हटाने के लिए बड़े स्तर पर डीसिल्टिंग अभियान हेतु ईओआई जारी करना शामिल है। बोर्ड ने सड़क चौड़ीकरण, एलिवेटेड कॉरिडोर और वैज्ञानिक सिल्ट निस्तारण जैसे उन्नत मोबिलिटी उपायों की संभावनाओं का भी अध्ययन करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त कैलाश नगर ड्रेन के रीमॉडलिंग, क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण, शाहदरा लिंक ड्रेन के सौंदर्यीकरण और ट्रंक ड्रेन नंबर-1 के साथ एलिवेटेड रोड के व्यवहार्यता अध्ययन को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

मंत्री प्रवेश ने बताया कि सरकार वर्षों की संस्थागत उपेक्षा को सुधार रही है। कई वर्षों तक नालों की अनदेखी की गई, जिसके कारण जलभराव, ट्रैफिक जाम और अस्वच्छ वातावरण की समस्या बढ़ी। हमारी सरकार मिशन मोड में इस उपेक्षा को सुधारने का काम कर रही है।

आज लिए गए फैसले ग्रामीण दिल्ली और आसपास की विधानसभा क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को सीधी राहत देंगे। मंत्री ने कहा कि बैठक का सबसे बड़ा निर्णय नजफगढ़ ड्रेन के दोनों तटों पर कठोर दो-लेन सेवा मार्गों के निर्माण का है। छावला ब्रिज, बसईदारापुर और झटिकरा के बीच यह लगभग 57 किमी लंबा मार्ग यूईआर-दो, आउटर रिंग रोड और इनर रिंग रोड के समानांतर चलता है, लेकिन वर्षों से इसका उपयोग सीमित था। इस कॉरिडोर के विकसित होने पर यह तेज, वैकल्पिक और उच्च-क्षमता वाला यात्रा मार्ग बन जाएगा।नया मार्ग प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक लोड कम करेगा, इंडस्ट्रियल कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, आपात स्थिति में वैकल्पिक रूट उपलब्ध कराएगा और पश्चिम व दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के यात्रियों को बड़ी राहत देगा। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह 57 किमी का स्ट्रेच दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण मोबिलिटी कॉरिडोर में बदल सकता है।

इसे संरचित सेवा मार्ग नेटवर्क के रूप में विकसित कर हम नजफगढ़, मटियाला, उत्तम नगर, विकासपुरी और पश्चिमी दिल्ली के लाखों यात्रियों की आवाजाही को आसान बना रहे हैं। वहीं बोर्ड ने निचले हिस्सों में एलिवेटेड कॉरिडोर की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए अधिकारियों को कहा है।

### नजफगढ़ ड्रेन की तकनीक-आधारित डीसिल्टिंग - ईओआई जारी

मंत्री प्रवेश ने कहा कि नजफगढ़ ड्रेन में वर्षों से जमा भारी गाद को हटाकर इसकी प्रवाह क्षमता बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर डीसिल्टिंग हेतु ईओआई स्वीकृत की गई। विस्तृत बाथिमेट्रिक सर्वे में 91 लाख घन मीटर गाद का जमाव पाया गया, जिससे नालों की क्षमता घट रही थी और बाढ़ का खतरा बढ़ रहा था। ईओआई के माध्यम से आधुनिक ड्रेजिंग सिस्टम, एंफिबियस मशीनें और हाइड्रोलिक उपकरणों से लैस अनुभवी एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल और वैज्ञानिक गाद निस्तारण प्रणाली भी इस प्रक्रिया का हिस्सा होगी।इस अभियान से नजफगढ़ ड्रेन की कैरीइंग कैपेसिटी में वृद्धि होगी, मानसून में जलभराव में कमी आएगी और उत्तर, पश्चिम व मध्य दिल्ली में सफाई और स्वच्छता में सुधार होगा। बैठक में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सख्त निगरानी और पारदर्शिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर रुपये की निगरानी होगी और हर प्रोजेक्ट समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। दिल्ली को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए। आज लिए गए फैसले लंबे समय तक राहत, बेहतर मोबिलिटी और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वीकृत प्रोजेक्ट और अध्ययन ग्रामीण व पूर्वी दिल्ली के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थाई समाधान प्रदान करेंगे।

## नगर निगम द्वारा अनुमोदित 351 सड़कों का बदला जाए लैंड यूज : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पात्र सड़कों को कमर्शियल और मिक्स्ड लैंड यूज रोड घोषित किया जाए, सरकार को मिलेगा सैंकड़ों करोड़ का रेवेन्यू, दुकानदारों को सीलिंग से मिलेगी राहत

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गुरुवार को संसद में मांग की कि दिल्ली नगर निगम ने जिन 351 सड़कों का लैंडयूज बदलने की सिफारिश सरकार के पास भेजी है, उसे तुरंत स्वीकार किया जाए ताकि राजधानी के व्यापारी बिना किसी भय के काम कर सकें। उन्होंने बाकी बची सड़कों का तुरंत सर्वे कराकर उनका लैंड यूज भी कमर्शियल और मिक्स्ड लैंडयूज के रूप परिवर्तित करने का आग्रह किया है। इससे जहां दुकानें डिसील होंगी, वहीं सरकार को भी सैंकड़ों करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त होगा। बिधूड़ी ने कहा कि मास्टर प्लान 2021 यह कहता है कि जिन सड़कों पर 70 प्रतिशत या इससे अधिक दुकानें हैं, उन्हें कमर्शियल रोड घोषित किया जाए। इसी तरह जिन सड़कों पर 50 प्रतिशत या इससे अधिक दुकानें हैं, उन्हें मिक्स्ड लैंड यूज रोड घोषित किया जाए। दिल्ली नगर निगम ने बरसों पहले 351 सड़कों की पहचान करके उनका लैंडयूज बदलने की सिफारिश दिल्ली सरकार से की थी लेकिन अब तक उनका लैंडयूज नहीं बदला गया। लैंडयूज बदलने के बाद दुकानदार सरकार के पास कन्वर्जन चार्ज जमा कराकर अपना काम नियमानुसार कर सकते हैं। इससे सरकार को सैंकड़ों करोड़ रुपए का रेवेन्यू तो प्राप्त होगा ही, रोजगार भी बढ़ेगा तथा व्यापारिक गतिविधियों के बढ़ने से सरकार को टैक्स के रूप में भी अतिरिक्त आय होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में 13 हजार दुकानें इसी कारण सील पड़ी हैं।

## माह के आखिरी सप्ताह में आयोजित होगा पहला 'क्लीन-एयर इनोवेशन शोकेस इवेंट' : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में आईआईटी दिल्ली में लाइव 'क्लीन-एयर इनोवेशन शोकेस इवेंट' कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में देशभर से चुनी गई सर्वश्रेष्ठ टीमों को अपने समाधान जनता के सामने पेश करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम इन्टरनल टेक्निकल इवैल्यूएशन कमेटी (आईटीईसी) द्वारा संचालित होगा।

इस कमेटी में प्रमुख वैज्ञानिक, प्रोफेसर और पर्यावरण विशेषज्ञ शामिल हैं, जिनका लक्ष्य है ऐसी तकनीकों को पहचानना जो दिल्ली की हवा को साफ करने में व्यावहारिक, किफायती और तुरंत लागू की जा सकें।प्रारंभिक स्क्रीनिंग में करीब 300 एंट्रीज़ की गहन जांच हुई। अब उन बेहतरीन प्रविष्टियों को बैचवाइज आईटीईसी के सामने लाइव पिच के लिए बुलाया जा रहा है।

## भाजपा सरकार वायु प्रदूषण पर दुनिया भर में भारत की बदनामी करने का ले रही जोखिम : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा एक्यूआई नापने के लिए अपना अलग नियम बनाने के कदम को जोखिम भरा बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वायु प्रदूषण पर दुनिया भर में भारत की बदनामी करने का जोखिम ले रही है। केंद्र सरकार का एक्यूआई नापने के लिए दुनिया भर के नियमों से अलग खुद का नियम बनाने का फैसला चिंताजनक है। डबल्यूएचओ और यूएस के ईपीए पैमानों को न मानकर सरकार बता रही है कि वह भारत के जानलेवा प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत के लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इसलिए लोगों को हवा की सही गुणवत्ता जानने का हक है। लिहाजा सरकार को इस बेकार के प्रस्ताव को वापस लेकर अपनी सारी ऊर्जा प्रदूषण के स्रोत को रोकने में लगानी चाहिए, न कि आंकड़ों के फर्जीवाड़े में लगानी चाहिए।

गुरुवार को सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह गंभीर चिंता की बात है कि केंद्र सरकार प्रदूषण पर दुनिया भर में भारत की बदनामी करवाने का जोखिम उठा रही है। केंद्र सरकार ने फैसला लिया है कि वह हवा की गुणवत्ता नापने के लिए अपने खुद के नए नियम बनाएगी जो दुनिया भर के नियमों से अलग होंगे। यह बहुत ही चिंता वाली बात है। सौरभ ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और दुनिया की दूसरी बड़ी वैज्ञानिक संस्थाओं के पैमानों को न मानकर सरकार यह इशारा कर रही है कि वह भारत के जानलेवा प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है।

ऐसा लगता है कि सरकार का मकसद समस्या को ठीक करना नहीं है बल्कि आंकड़ों के साथ फर्जीवाड़ा करके यह दिखाना है कि समस्या उतनी बड़ी नहीं है। सौरभ ने कहा कि यह कोई नया तरीका या खोज नहीं है, बल्कि असलियत को छिपाने का काम है। दिल्ली और पूरे उत्तर भारत में जो लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं उनका हक बनता है कि उन्हें सच बताया जाए।

## 'शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं का निवारण आवश्यक'

# शैक्षिक महासंघ ने शिक्षा मंत्री सूद से की मुलाकात, रखीं शिक्षकों की प्रमुख मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के शिक्षकों की विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, दिल्ली प्रदेश (दिल्ली अध्यापक परिषद) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के समक्ष शिक्षकों से संबंधित अनेक लंबित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इनके शीघ्र समाधान की मांग की। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सबसे पहले शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं का निवारण आवश्यक है। संघ ने 8 से बढ़ाकर 12 आकस्मिक अवकाश व मासिक धर्म अवकाश,टीईटी संबंधित मामल में हस्तक्षेप, अतिथि शिक्षकों की सेवा शर्तों को बेहतर बनाना और नई भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने जैसे मुद्दों के समाधान की मांग की। साथ ही, पिछली सरकार द्वारा शिक्षकों से खरीदे गए टैबलेट की राशि अब तक जारी न किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए इसका तत्काल भुगतान करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री का ध्यान स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर भी आकर्षित किया और डीजीईएचएस के अंतर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सा और कैशलेस सुविधा को शामिल करने तथा और बेहतर अस्पतालों को पैनल में जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। अतिथि शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनसे 60 वर्ष तक सेवा सुनिश्चित करने, मानदेय बढ़ाने, प्रतियोगी परीक्षाओं में आयु सीमा में छूट देने और अनुभव आधारित अतिरिक्त अंक प्रदान करने की मांग की। सहायता प्राप्त विद्यालयों से जुड़े मुद्दों पर मांग की जिनमें पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर 100 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने और अनियमितताओं से ग्रस्त सहायता प्राप्त विद्यालयों का सरकारी अधिग्रहण जैसे सुझाव शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि इन विद्यालयों को भी विद्यालय कल्याण समिति (वीकेएस) की अनुदान राशि उपलब्ध कराई जाए। वहीं दिल्ली नगर निगम में कार्यरत शिक्षकों के लिए भी कई मांगें रखी गईं। इनमें शिक्षा निदेशालय की तरह ऑनलाइन स्थानांतरण मॉड्यूल लागू करने, डीजीईएचएस पैनल अस्पतालों को निगम के पैनल में शामिल करने और पूर्व सरकार द्वारा टीजीटी प्रमोशन में कटौती को वापस लेते हुए पुनः 80 प्रतिशत बहाल करने की बात शामिल थी।

### नौवीं में छात्रों के फेल होने का मामला

## संसद पटल पर रखे आंकड़ों ने हमारे आरोप को कर दिया है प्रमाणितः सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा लगातार कहती रही है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्था के दावे खोखले हैं और आज राज्य सभा सांसद स्वाति मालीवाल के एक प्रश्न के जवाब में केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के जवाब ने भाजपा के कथन को सही साबित कर दिया है।

सचदेवा ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा संसद में रखे आंकड़ों के अनुसार 2020-21 एवं 2021-22 जो दो कोविड काल वर्ष थे में 31541 एवं 28548 छात्र नौवीं कक्षा में फेल हुए और उनमे से केवल 11322 एवं 10598 छात्रों ने आगे ओपन स्कूल से शिक्षा जारी रखी शेष 39519 छात्रों ने शिक्षा आगे चालू ही नहीं रखी। इसी तरह 2022-23 कुल 88421 कक्षा 9वीं में फेल हुए उनमे से केवल 29436 छात्रों ने ही ओपन स्कूल से आगे शिक्षा जारी रखी। 2023-24 जब आतिशी मार्लेना शिक्षा मंत्री बन गईं थी 9वीं में फेल होने वाले छात्रों की संख्या एक लाख का आंकड़ा पार कर 101344 पर जा पहुंची और उनमे से केवल 7794 छात्रों ने पढ़ाई ओपन स्कूल से जारी रखी और गत वर्ष 2024-25 में 70296 छात्र फेल हुए जिनमे से केवल 11974 ने ओपन स्कूल से शिक्षा आगे जारी रखी। सचदेवा ने कहा भाजपा लगातार कहती रही है कि दसवीं का परीक्षा फल सर्वश्रेष्ठ दिखाने के लिए केजरीवाल सरकार लगभग हर कमजोर छात्र को नौवीं में फेल कर देती थी और आज संसद पटल पर रखे आंकड़ों ने हमारे आरोप को प्रमाणित कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध कालोनियों के खिलाफ चला बुलडोजर

**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर मोदीनगर में चला। 26 बीघा में विकसित की जा रही



अवैध कालोनियां ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में संजय, योगेन्द्र, अनिल पुत्रगण चमन सिंह व मनोज मांगे राम एवं बबलू चौधरी द्वारा खसरा सं0-239, ग्राम सादाबाद जखेबा, परगना जलालाबाद सहरावत फार्म वाली सडक पर अबूपुर रोड रजवाहे, मोदीनगर, पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में, अमित, हरीश सुरेन्द्र सिंह, द्वारा खसरा सं0-129, 130, सादाबाद, जखैवा, मोदीनगर गाजियाबाद पर लगभग 4000 वर्ग मी0 मे अवैध प्लाटिंग की जा रही है। स्थल निरीक्षण के समय निर्माणकर्ता/कालोनाईजर द्वारा कोई स्वीकृत तलपट मानचित्र/साक्ष्य अभिलेख नहीं दिखाए गये। बताये गये नाम के अनुसार चालानी कार्यवाही की जा रही है। गाजियाबाद पर लगभग 12000.00 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग हेतु पूर्व में चिनाई कर सडक पर मिट्टी भराई की गई है तथा बिजली के पोल लगाये गये है।

### 45 ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी, 9 धराएं

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देश पर हरियाणा पुलिस द्वारा 1 दिसंबर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन आरंभ किया है। इस ऑपरेशन के दौरान 10 दिसंबर को फरीदाबाद पुलिस ने 45



संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 8 मामले दर्ज कर 1 देसी कट्टा, 260 बोतल शराब, 4 किलो 958 ग्राम गांजा व 6.74 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने ऑपरेशन के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 10 दिसंबर को अवैध नशा बेचने के मामले में चंदन निवासी अजय नगर, दरभंगा बिहार हाल बिलासपुर, गुडगांव व शुभम निवासी नानपुर खोखरा, सीतामंडी बिहार हाल बिलासपुर गुड़गांव को 4.070 किलो ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

## सात में से हर एक व्यक्ति है मानसिक रोग का शिकार, सोच बदलें, गुणवत्तापूर्ण इलाज करवाएं

# मानसिक रोगी को निरंतरता, सहानुभूति और चिकित्सकीय देखभाल की जरूरतः डॉ. नीरजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बैंगलुरू के मानसिक स्वास्थ्य संस्थान मार्गा माइंड केयर ने गुरूग्राम में नए सेंटर के लॉन्च के साथ उत्तर भारत में प्रवेश किया है। मार्गा माइंड केयर, विज्ञान पर आधारित, सहानुभूतिपूर्ण एवं जीवनशैली के अनुकूल देखभाल लेकर आया है, जिसे मानसिक रोगों से जुड़ी सोच को बदलने और गुणवत्तापूर्ण इलाज को अधिक सुलभ बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अवसर पर डॉ जोथी नीरजा, संस्थापक, चेयरपर्सन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, पीपल ट्री हॉस्पिटल्स एवं मार्गा माइंड केयर ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को भी निरंतरता, सहानुभूति और चिकित्सकीय देखभाल की ज़रूरत है।




मानसिक रोग के लिए गुरुग्राम में सेंटर के शुभारंभ पर मौजूद चिकित्सक।

मार्गा के साथ हम ऐसी सुरक्षित प्रणाली का निर्माण करना चाहते हैं जहां चिंता से जूझ रहे बच्चे से लेकर अवसाद से जूझ रहे वरिष्ठ व्यक्ति तक, हर किसी को एक ही छत के नीचे समग्र एवं प्रमाण आधारित देखभाल मिले। गुरुग्राम का सेंटर समेकित विश्वस्तरीय मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को देश भर में सुलभ बनाने की दिशा में एक और कदम है। डॉ गिरीश चन्द्रा, मेडिकल डायरेक्टर एवं सीनियर कन्सलटेन्ट साइकेट्रिस्ट, मार्गा माइंड केयर ने कहा कि हमारा समेकित दृष्टिकोण लोगों को खुशियां, प्रयोजन एवं कनेक्शन ढूंढने में मदद करता है। हमें खुशी है कि हम अपनी रचनात्मक थेरेपियां को गुरूग्राम लेकर आए हैं, जहां व्यापक मानसिक स्वास्थ्य देखभाल की मांग बहुत अधिक है।

### देश में साइकेट्रिक सेवाओं के लिए बैड्स की कमीः डॉ. कंदलुरी

वहीं डॉ. अभिषेक हरिहरण कंदलुरी, सह-संस्थापक एवं कार्यकारी निदेशक, मार्गा माइंड केयर ने कहा कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य का संकट गहरा होता जा रहा है। हर सात में से एक व्यक्ति मानसिक रोग का शिकार है। इसके बावजूद 80 फीसदी से अधिक लोगों को उचित देखभाल नहीं मिल पाती। देश में साइकेट्रिक सेवाओं के लिए बैड्स की ज़बरदस्त कमी है, हर 100,000 की आबादी पर केवल 3 बैड्स हैं। जबकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर 100,000 की आबादी पर कम से कम 30 बैड होने चाहिए। मार्गा माइंड केयर में हम इसी अंतराल को दूर करना चाहते हैं- हम हर मरीज़ की गरिमा को सुनिश्चित करते हुए विश्वस्तरीय, सहानुभूतिपूर्ण उपचार को सुलभ बनाना चाहते हैं।

## कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित से किया गया

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

प्रधानाचार्या दास ने अतिथियों का पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया

छात्रों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर विभिन्न छात्रों ने पंजाबी भांगड़ा, राजस्थानी नृत्य, हरियाणवी नृत्य, उत्तराखण्ड नृत्य, हिमाचली नृत्य प्रस्तुत किया। इसके तत्पश्चात छात्राओं ने योग क्रियाओं को प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**

- आज के बच्चे कल देश का भविष्य होंगे
- छोटे बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।



पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय नम्बर-एक के वार्षिकोत्सव में प्रतिभागी छात्रों के साथ मुख्य अतिथि सीजीडब्ल्यूबी अवर सचिव वैज्ञानिक एस.एन. द्विवेदी, प्रिंसीपल बीर सिंह व वाइस प्रिंसीपल एल.एन. दास व अन्य अतिथि व अध्यापक गण।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीजीडब्ल्यूबी अवर सचिव वैज्ञानिक एस.एन. द्विवेदी उपस्थित रहे। विशेष रूप से बीएस भाटी, अंबिका कालरा, श्रीमती रंजन प्रसाद, रंजू जावा उपस्थित रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बीर सिंह, उप प्रधानाचार्या श्रीमती एल.एन. दास ने आए हुए अतिथियों का पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर श्रीमती चित्रा, हरिओम, वंसला बैंसला, रश्मि, सुमन रोहिल्ला, शरीफ आलम सहित अन्य अध्यापकवृन्द मौजूद रहे।
कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित से किया गया। छात्रों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर विभिन्न छात्रों ने पंजाबी भांगड़ा, राजस्थानी नृत्य, हरियाणवी नृत्य, उत्तराखण्ड नृत्य, हिमाचली नृत्य प्रस्तुत किया। इसके तत्पश्चात छात्राओं ने योग क्रियाओं को प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण तथा मोबाइल से हो रहे नुकसानों पर भी लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

उपस्थित छात्र, अभिभावकों व अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एस.एन. द्विवेदी ने कहा कि आज के बच्चे कल देश का भविष्य होंगे। इन में से ही कोई आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनकर देश का नाम रोशन करेगें। वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में पूर्ण विकसित बनाना है। वर्ष 2047 पूर्ण विकसित वर्ष के नाम से जाना जाएगा। ये भारत सरकार का एक विजन है। जिसका लक्ष्य 2047 में स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक भारत को एक पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाना है, जो आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन पर केंद्रित है, जिसमें युवा, गरीब, महिलाएं और अन्नदाता इसके चार मुख्य स्तंभ हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बीर सिंह ने कहा कि छात्रों को हाई क्वालिटी की शिक्षा उपलब्ध करवाना केन्द्रीय विद्यालय संगठन का उद्देश्य है। जिसके तहत विद्यालय के खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताओं में छात्र नित नए आयाम स्थापित करने में लगे हुए है।
विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती एल.एन. दास ने छात्रों को बेहतर शिक्षा देने का उद्देश्य समाज के विकास के लिए आवश्यक बताया। शिक्षा से व्यक्ति को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने, अपने विचारों को व्यक्त करने और समाज में योगदान करने में मदद मिलती है। मुख्य अतिथि द्विवेदी ने कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आयुक्त ने आवश्यकतानुसार स्थान बढ़ाने के निर्देश

# ठंड से बचाव के लिए निराश्रितों हेतु संजीवनी बन रहा निगम का अलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम ने निराश्रितों का ध्यान रखते हुए आश्रय स्थलों को व्यवस्थित कराया है वहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी निराश्रितों को ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था भी कराई गई है। वर्तमान में रात्रि में बढ़ती ठंड को देखते हुए 22 स्थान पर अलाव जलाया जा रहा है। प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठंड से बचाव के लिए निराश्रित तो हेतु सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था विभाग द्वारा की गई है आश्रय स्थलों के बाहर तथा आसपास सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा है। निराश्रितों को ठंड में राहत मिल रही है, नसीरपुर फाटक, संतोष अस्पताल के सामने पुराना बस अड्डा, अर्थला चौराहा, सुदामा पुरी, संजय नगर सेक्टर 23 न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के बाहर, डीएलएफ कॉलोनी, कौशांबी, लोहिया नगर लाल क्वार्टर का चौराहा, पुराना रेलवे स्टेशन गाजियाबाद, रेलवे स्टेशन साहिबाबाद, मोहन नगर चौराहा व अन्य स्थान पर अलाव की व्यवस्था ठंड को देखते हुए कराई जा रही है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भारती ठंड को देखते हुए रात्रि में अलाव की व्यवस्था कराई जा रही है ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज उर्फ विराट पुत्रः अनिल कुमार पताः टी-3690, गली नं. 21ए, दुर्गा मोहल्ला, बलजीत नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 137/2024 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज उर्फ विराट** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज उर्फ विराट** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 137/2024 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सूरज उर्फ विराट** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.01.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अंशुल सिंघल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
रूम नं. 268
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16512/WD/2025 (Court Matter)

## विदेश में रहकर चाईना मूल के लोगों के साथ मिलकर करता था ठगी

# फर्जी अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में फर्जी अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर 2.92 करोड़ की ठगी करने के केस में कंबोडिया से दिल्ली आ रहे एक आरोपी को पुलिस ने एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की अगस्त माह में एलओसी जारी करवा रखी थी। आरोपी विदेश में रहकर चाईना मूल के लोगों के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस इस केस में अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल, बीती चार दिसंबर को साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसके बेटे के पास एक कॉल आई। जिसमें उसके आधार कार्ड का हवाला में प्रयोग किए जाने की बात कही गई। वहीं इस दौरान फर्जी पुलिस अधिकारी ने केस दर्ज कराने का डर दिखाते हुए वीडियो कॉल के जरिए एक फर्जी सीबीआई अधिकारी से बात कराई। महिला के बेटे को डिजिटल अरेस्ट करते हुए उससे अलग-अलग बैंक खातों में कुल 2.92 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना प्रभारी की टीम ने एक आरोपी को कंबोडिया से दिल्ली आने पर एयरपोर्ट से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान गुजरात के सूरत निवासी चिराग कांजी भाई (28) के रूप में हुई।

### कॉलिंग टीम का सदस्य था

आरोपी 2021 से दुबई में वर्क वीजा पर गया था। अगस्त 2025 में वहां से कंबोडिया जाकर चाईना मूल के लोगों के साथ मिलकर साइबर ठगी का काम करने लगा। आरोपी ने फर्जी टेलीकॉम अधिकारी बनकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर युवक को डिजिटल अरेस्ट करके धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी कॉलिंग टीम का सदस्य था।

## आतंकी मुजम्मिल को फिर से अल फलाह लेकर पहुंची एनआईए, 2 घंटे की पूछताछ

**फरीदाबाद।** दिल्ली बम धमाके में शामिल अल फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी फरीदाबाद दोबारा से अल फलाह यूनिवर्सिटी में लेकर पहुंची। देर रात को उसको लाया गया। इस दौरान जांच एजेंसी उसको दोबारा से उन्हीं जगहों पर ले गई, जहां पर पहले लेकर गई थी।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी मुजम्मिल को यूनिवर्सिटी में सबसे पहले डॉ. शाहीन के फ्लैट नंबर 32 में लेकर गई। जहां पर उससे निशानदेही कराई गई। इसके कुछ समय बाद उसको उमर के फ्लैट में लेकर जाया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों जगह पर उससे अलग-अलग सवाल पूछे गए। यूनिवर्सिटी परिसर में करीब दो घंटे की पूछताछ के बाद टीम मुजम्मिल को लेकर बाहर निकली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी मुजम्मिल को यूनिवर्सिटी के बाद मस्जिद में लेकर गई। जहां पर वह नमाज पढ़ने के लिए जाता था। यूनिवर्सिटी के बाद मस्जिद में बने इमाम इश्तियाक के घर भी लेकर गई। वहां पर उससे इश्तियाक के परिवार की पहचान कराई गई। एनआईए मुजम्मिल को यूनिवर्सिटी के पास बने खेतों में उस कमरे पर भी लेकर गई ।

## दोनों मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# समस्याओं के समाधान के नाम पर 1 लाख 26 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। घरेलू समस्याओं के समाधान के नाम पर 1,26,571 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार डबुआ कॉलोनी निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में एक शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसने घरेलु समस्याओं के समाधान से संबंधित इंस्टाग्राम पर रील देखी और बातचीत शुरू की। जहां से उसे एक अन्य व्यक्ति का नम्बर दिया गया। जिसने उसकी समस्या के समाधान करने बारे कहा और समाधान करने के नाम पर उसे 1,26,571 रुपए ऐंठ लिये। जिस शिकायत पर थाना साइबर एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए करन व अभिषेक निवासी गांव गाहडू जिला हनुमानगढ राजस्थान को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी दोस्त हैं और एक ही गांव के रहने वाले हैं। आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर फेक अंकाउट बनाकर उस पर एड डाल रखी थी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय पुत्र महेश, निवासी RZ 41A/271, हंस पार्क, पोस्ट ऑफिस के पास, वेस्ट सागरपुर, नई दिल्ली-110046** ने **Ct. Cases 1095/2024 U/S 135 Indian Electricity Act, अन्तर्गत थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Cases 1095/2024 U/S 135 Indian Electricity Act, अन्तर्गत थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2026** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री हरलीन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (दक्षिण-पश्चिम)
स्पेशल कोर्ट इलेक्ट्रिसिटी, कक्ष संख्या 609
द्वारका कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/16637/SW/2025(Court Matter)

## समाज का हर वर्ग अपनी परंपराओं का जश्न मनाने के लिए एकजुट होगा

# गुर्जर महोत्सव बनेगा सांस्कृतिक क्रांति का सूत्रधारः मुख्य ट्रस्टी बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट ने गुरुवार को अपने मुख्य ट्रस्टी दिवाकर बिधूड़ी की अगुवाई में आयोजित प्रेस वार्ता में 2025 के भव्य गुर्जर महोत्सव की रूपरेखा और ट्रस्ट के विजन को विस्तार से रखा।

इस दौरान ट्रस्ट के प्रवक्ता प्रेम कृष्ण आर्य पप्पी ने अपने शांत, स्पष्ट और दृढ़ व्यवहार के साथ पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व करते दिखाई दिए। उन्होंने जिस आत्मविश्वास और गरिमा के साथ समाज की सांस्कृतिक धरोहर की चर्चा की उसने पूरी ट्रस्ट टीम को प्रभावित किया। एडवोकेट राजेश खटाना ने कहा कि गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन और गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करने का आंदोलन है। हमारी लोककला, लोककथाएं, इतिहास, महापुरुषों का योगदान और परंपराएं ये सब विश्व स्तर पर सम्मान पाने के योग्य हैं और ट्रस्ट इसी दिशा में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ना और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना ट्रस्ट का समान रूप से महत्वपूर्ण उद्देश्य है। चौधरी ने बताया कि इस वर्ष का महोत्सव और भी विस्तृत, भव्य और नवाचार से भरपूर होगा। गुर्जर समुदाय की कला और शिल्प की विविधता को बड़े मंच पर प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस बार महोत्सव में 5 नए बड़े आयोजन शामिल किए जा रहे हैं, जिनका खुलासा सिर्फ वहां उपस्थित दर्शकों को ही मिलेगा। सुंदर चौधरी ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रमुख कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि महोत्सव के बाद इन गतिविधियों की संख्या और बढ़ाई जाएगी।

## किसानों के घर सरकार को तोड़ने नहीं देंगेः सुमित गौड़

**फरीदाबाद।** बड़ोली और प्रहलादपुर गांवों में किसानों के घर तोड़े जाने और प्रशासनिक दमन के खिलाफ चल रहे तीखे जनआंदोलन में आज हरियाणा कांग्रेस प्रवक्ता सुमित गौड़ ने खुलकर सरकार पर हमला बोला और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी किसानों के घर, जमीन और सम्मान की लड़ाई में उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। विरोध प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीरपाल गुर्जर तथा पूर्व युवा लोकसभा अध्यक्ष रिंकू चंदिला के आह्वान पर सुमित गौड़ अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और आंदोलन को पूरा समर्थन दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए सुमित गौड़ ने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार की तानाशाही और प्रशासनिक गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बैठक में संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया

# हरियाणा पीडब्ल्यूडी यूनियन की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरकार के द्वारा विभागों के आकार को घटाने के बहाने तीनों विभागों के पदों में की जा रही कटौती को लेकर यूनियन को आंदोलन तेज करने होंगे। तभी पहले से मिल रही सुविधाओं और अधिकारों को सुरक्षित रखा जा सकता है। यदि संघर्ष नहीं होगा तो सरकार नये श्रम संहिताओं को लागू करके पहले से मिल रही सुविधाओं को एक-एक करके छीन लेगी। यह बात हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी, मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग में रखी गई। बैठक कैनाल कॉलोनी परिसर सैक्टर-16 में संपन्न हुई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. & 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सलाउद्दीन, पुत्रः** निजामुद्दीन, **पताः** दीपक का मकान, गैस एजेंसी शास्त्री पार्क, **दिल्ली FIR No. 22/2019, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थानाः शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलाउद्दीन,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलाउद्दीन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सलाउद्दीन, FIR No. 22/2019, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थानाः शास्त्री पार्क, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रुति सारस्वत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03,
उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16182/NE/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नया विधेयक पास

**रांची।** रांची विधानसभा ने बुधवार 10 दिसंबर को राज्य में पर्यटन को बेहतर बनाने के लिए एक



महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक पारित किया। 'झारखंड पर्यटन विकास एवं पंजीकरण (संशोधन) विधेयक 2025' का मुख्य उद्देश्य उन पर्यटन स्थलों पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है जो किसी भी शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) के दायरे में नहीं आते। पर्यटन मंत्री सुदिव्या कुमार ने इसे सदन में पेश किया और ध्वनि मत से विधेयक पारित कर दिया गया। इस विधेयक के तहत झारखंड पर्यटन क्षेत्र प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।

### पटना में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

**पटना।** पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र स्थित बग्घा टोला के पास



सोमवार देर रात्रि पुलिस और बदमाशों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस टीम इलाके में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सवार युवकों को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल अपराधी की पहचान राकेश कुमार (उम्र 36 वर्ष), निवासी पिपरा, के रूप में हुई है।

### फर्जी आईएएस बनकर ठगी करने वाला अरेस्ट

**शाहजहांपुर।** बोगस फर्म बनाकर जीएसटी के जरिए रकम हड़पने



वाले गिरोह का सदस्य सिद्धार्थ पांडेय बेहद प्रयागराज में रहने के दौरान वह स्वयं आइएएस व आइपीएस बनकर लोगों को काल करता था। एक मुकदमे में नाम निकलवाने के लिए उसने 30 हजार रुपए ठग लिए थे। भेद खुलने पर उसे जेल भेजा गया, लेकिन वहां से बाहर आने के बाद गौरव के साथ मिलकर जीएसटी में फर्जीवाड़ा शुरू कर दिया। बुधवार को दोनों आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई।

6 दिसंबर से शुरू हुई थी संकीर्तन पदयात्रा

# सीताराम संकीर्तन पदयात्रा अयोध्या रवाना: चित्रकूट से शुरू हुई यात्रा का फतेहपुर में पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

सीताराम संकीर्तन के 16 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चित्रकूट के संकट मोचन मंदिर से एक पदयात्रा अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई है। यह यात्रा नंदकिशोर तिवारी उर्फ भोले जी महाराज के नेतृत्व में 6 दिसंबर को शुरू हुई थी। गुरुवार को जनपद फतेहपुर पहुंचने पर इस पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिम्पल के नेतृत्व में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता और जिलाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने पदयात्रियों का अभिनंदन किया।



### भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया

इसी क्रम में, श्री बांके बिहारी मंदिर में आदर्श व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में भी पदयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंदिर में यात्रा के कलश में मां मंदाकिनी का जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर आदर्श व्यापार मंडल के कालीशंकर



श्रीवास्तव, नीरज द्विवेदी, गंगा बचाव सेवा समिति के वीरेंद्र साहू, मनोज सोनी, कामता सिंह, आसाराम, शिवकुमार, रामेश्वर गुप्ता और अवधेश सहित कई भक्तगण उपस्थित रहे।

चुनाव आयोग से मिली मंजूरी, अभी तक गणना प्रपत्रों की मैपिंग का कार्य 76 प्रतिशत हुआ

# यूपी में एसआईआर की समय सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ी मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग को भेजा था पत्र

उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 17.7 प्रतिशत फॉर्म जमा न होने के कारण सीईओ ने चुनाव आयोग से अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया था। जिसे मंजूरी मिल गई है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से और समय मांगा गया है। इसे अब मंजूर कर दिया गया है। यूपी में अब एसआईआर की सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस संबंध में आयोग को पत्र भेज दिया था। ताकि मृतक, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराया जा सके।

रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। डिजिटाइज गणना प्रपत्रों में 18.85 प्रतिशत गणना प्रपत्र असंग्रहीत यानी मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। अभी तक 80.29 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाता व उसके परिवार के अन्य सदस्य के हस्ताक्षर से वापस मिल चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18.85 प्रतिशत लगभग 2.91 करोड़ मतदाताओं के गणना प्रपत्र असंग्रहीत श्रेणी के हैं, जिसमें सर्वाधिक 8.22 प्रतिशत यानी लगभग 1.27 करोड़ स्थायी रुप से अपने निवास स्थान से स्थानांतरित मतदाता हैं। 2.98 प्रतिशत यानी लगभग 45.95 लाख मृतक मतदाता, 1.5 प्रतिशत यानी लगभग 23.69 लाख ऐसे मतदाता हैं, जो पहले से ही किसी और स्थान पर भी मतदाता हैं। 0.62 प्रतिशत या 9.58 लाख ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र लेकर अभी तक वापस नहीं किया। वहीं, 5.49 प्रतिशत यानी 84.73 लाख मतदाता अनुपस्थित हैं।



### वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी असंग्रहीत मतदाताओं की सूची

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के सत्यापन में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सभी बूथ लेवल अधिकारी बैठककर अपने क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट को 12 दिसंबर तक असंग्रहीत मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराएंगे। यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

### मतदाताओं को फॉर्म-8 भरना होगा

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि अब नए वोटरों को जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। आवेदन आ भी रहे हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर फॉर्म-6 भरकर नए वोटर के लिए आवेदन किया जा सकता है। अगर ऑनलाइन आवेदन करने में कोई दिक्कत आ रही है तो बीएलओ से संपर्क कर ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा है। एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विस्थापित हुए लोगों के नाम भी जोड़े जाएंगे। इसके लिए उन मतदाताओं को फॉर्म-8 भरना होगा।

### 76 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का काम

मतदाताओं से अभी तक प्राप्त गणना प्रपत्रों की मैपिंग का काम 76 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। यह मैपिंग वर्ष 2003 की मतदाता सूची से की गई है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मैपिंग के काम में और तेजी लाते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा करें।

### जिनका सूची में नाम नहीं, फॉर्म-6 भरें

उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम वर्ष-2025 की मतदाता सूची में न होने से उनको गणना प्रपत्र नहीं प्राप्त हुए, उनसे फार्म-6 भरवाएं जाएं। इसी तरह 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं को मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरवाए जाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 14 जिलों, 132 विधानसभा क्षेत्रों और 143509 मतदेय स्थलों में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है।

**कोई दिक्कत आए तो करें कॉल**



अब भी जिन्होंने एसआईआर फॉर्म भरकर जमा नहीं किया है, वह भर सकते हैं। एसआईआर फॉर्म भरना हो या फिर नए वोटर बनने के लिए आवेदन संबंधी जानकारी चाहिए तो इसके लिए 0522-1950 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। हेल्पलाइन पर आयोग से संबंधित कर्मचारी पूरी जानकारी देंगे और फॉर्म भरवाने में मदद करेंगे।

महीनों से चल रही है अटकलें

# यूपी में 16 दिसंबर तक मिलेगा भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर महीनों से चल रही अटकलें अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई हैं। प्रांतीय परिषद के सदस्यों की घोषणा के साथ ही संगठन में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है।

यह वही परिषद है, जिसके लगभग 400 सदस्य प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। पार्टी के भीतर तैयारियां पूरी हैं और परिस्थितियां यह भी बयां कर रही हैं कि 16 दिसंबर खरमास से पहले भाजपा अपना प्रदेश अध्यक्ष चुन लेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनने की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत सबसे पहले प्रांतीय परिषद के सदस्य तय किए जाते हैं। 403 विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक सदस्य चुना जाता है। हालांकि, यह वहीं से चुने जाते हैं जहां के जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके होते हैं। भाजपा ने 98 जिलों में प्रदेश को बांटा हुआ है।

इसमें से 84 जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके हैं। इनमें 350 से अधिक प्रांतीय परिषद के सदस्य घोषित हो गए हैं। इसके अलावा पार्टी के विधानमंडल और संसद सदस्यों में से 10-10 प्रतिशत सदस्य परिषद में शामिल होते हैं। भाजपा के विधान सभा में 258 व विधान परिषद के 79 सदस्य हैं यानी कुल 337 सदस्य हैं। इनमें से 34 परिषद के सदस्य बनेंगे। इसी प्रकार लोक सभा में 33 व राज्य सभा में 24 यानी कुल 57 सदस्यों में छह सदस्य प्रांतीय परिषद में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए केवल 50 प्रतिशत से अधिक जिलाध्यक्षों का चयन जरूरी था, जबकि वर्तमान में 86 प्रतिशत जिलाध्यक्षों का चयन हो चुका है। इसी प्रकार 1918 मंडलों में से 1600 से अधिक में चुनाव संपन्न हो चुके हैं।

### प्रस्तावक होंगे शीर्ष नेता

प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन में प्रस्तावक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और संगठन के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रस्तावक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य होते हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि राष्ट्रीय परिषद में प्रदेश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हो सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### टैरिफ संकट के...

अलावा दोनों शीर्ष नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि के साथ एकजुटता से साथ मिलकर काम करने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को एक्स पर अपनी एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है।

### अगले सप्ताह सोमवार ...

15 से 16 दिसंबर तक रहेंगे। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन ने प्रधानमंत्री को इस यात्रा के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। दोनों के बीच जॉर्डन में एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक भी होगी। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की व्यापक रूप से समीक्षा की जाएगी और उसके अलावा क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह जॉर्डन यात्रा मौजूदा साल में दोनों देशों के बीच स्थापित कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ को भी प्रदर्शित करती है। जो एक प्रकार से द्विपक्षीय गतिविधियों को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करने के साथ ही साझा विकास और समृद्धि के लिए सहयोग के नए अवसरों का पहचान करने का भी अवसर प्रदान करेगी। इसके अलावा पीएम मोदी और किंग अब्दुल्ला की यह मुलाकात दोनों देशों की क्षेत्रीय शांति, समृद्धि, सुरक्षा और स्थायित्व को बरकरार रखने की प्रतिबद्धता को भी मजबूती के साथ दोहराने में मददगार साबित होगी।

**इथोपिया की पहली राजकीय यात्राः** मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस विदेश यात्रा का दूसरा पड़ाव इथोपिया होगा। जिसके लिए उन्हें इथोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली ने आमंत्रित किया है। 16 से 17 दिसंबर तक पीएम इथोपिया की पहली राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसमें भारत और इथोपिया के प्रधानमंत्रियों के बीच दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की जाएगी। ग्लोबल साउथ के दो प्रमुख भागीदार देश होने के नाते पीएम की यह यात्रा भारत-इथोपिया के बीच मित्रता को बढ़ाने और सहयोग को और अधिक मजबूती देने को लेकर दी जाने वाली साझा प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर प्रदान करेगी।

**17 से 18 दिसंबर तक ओमान में रहेंगे पीएमः** प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्रा का तीसरा और अंतिम पड़ाव ओमान होगा। जिसके लिए उन्हें ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने आमंत्रित किया है। पीएम ओमान में 17 से 18 दिसंबर तक रहेंगे। यह उनका दूसरा ओमान दौरा होगा। दोनों देशों के बीच न केवल शताब्दियों पुराने संबंध हैं। बल्कि सामरिक साझेदारी भी है। साथ ही व्यापार संपर्क और दोनों देशों की आम जनता के बीच भी संबंध स्थापित हैं। पीएम की यह यात्रा भारत-ओमान के बीच स्थापित कूटनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ को भी प्रदर्शित करती है। जो दिसंबर 2023 में ओमान के सुल्तान की भारत यात्रा के बाद की जा रही है। दोनों शीर्ष नेताओं की ओमान में होने वाली मुलाकात द्विपक्षीय भागीदारी की व्यापक समीक्षा करने का अवसर प्रदान करने के अलावा व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा-सुरक्षा, तकनीक, खेती और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में विचार साझा करने व आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने का एक सुअवसर बनेगी।

### नौसेना में शामिल....

परिचालन दक्षता के शीर्ष मानकों को सुनिश्चित करता है। जहाज की कुल विस्थापन क्षमता 390 टन है और इसके देश में किए गए निर्माण से भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की क्षमता भी प्रदर्शित होती है।

### तमिलनाडु और...

वोटरों को फॉर्म छह भरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उसे ब्लॉक लेवल अधिकारियों को जमा करने या ईसीआईनेट एप या वेबसाइट का इस्तेमाल करके ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए बताया जा रहा है, जिससे उनके नाम फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल हो सकें।

**शाह ने ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय का भी उल्लेख कियाः** गृहमंत्री अमित शाह ने मतदाता पंजीकरण की कानूनी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए 1995 के एक ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि 1995 में लालबाबू हुसैन बनाम मतदाता रजिस्ट्रेशन ऑफिसर का जजमेंट आया था। उसमें अदालत ने साफ कहा कि जहां मतदाता का नाम दर्ज किया जाना है, वहां रिटर्निंग ऑफिसर ये सुनिश्चित कर सकता है कि आवेदक भारत का नागरिक है या नहीं। शाह ने स्पष्ट किया था कि यह निर्णय उनका या सरकार का नहीं है, बल्कि भारत की सर्वोच्च अदालत का है और हम सब इससे बंधे हुए हैं।

### अंतिम मतदाता सूची...

के बीच दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। दावों, आपत्तियों का निपटारा और विशेष सत्यापन अभियान 7 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा, साथ ही मतदान केंद्रों का युक्तिकरण भी उसी तिथि तक पूरा कर लिया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी, 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

### राहुल को शाह ने...

थीं, जो एक ही नंबर पर दर्ज हैं। शाह ने विपक्ष को याद दिलाया था कि जब पुराने नंबर से हरियाणा में कांग्रेस की सरकार चुनी गई थी, तब से ही ये नंबर इसी तरह चला आ रहा है। शाह ने जोर देकर कहा था कि ये न कोई फर्जी गढ़ है न कोई फर्जी वोटर। वोट चोरी का नैरेटिव के लिए है।

### सिंगापुर की तर्ज....

दी है। यह छोटी-मोटी चोरियां नहीं हैं बल्कि यह पूंजी एवं मानसिक स्वास्थ्य का बहुत बड़ा नुकसान है जो हमारे डिजिटल बैंकिंग सिस्टम की नाक के नीचे होता है।

उन्होंने संसद में कहा कि मुख्य मुद्दा ट्रांसफर की स्पीड है। दबाव में कोई भी पीड़ित कुछ ही मिनटों में अपनी ज़िंदगी की लगभग पूरी कमाई ट्रांसफर कर देता है और बैंकिंग सिस्टम इसे एक सही ट्रांजैक्शन के तौर पर मानते हुए प्रोसेस कर देता है। ऐसे में इसमें बदलाव होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से सिंगापुर के बैंक ज़्यादा जोखिम वाले बदलावों के लिए "मनी लॉक" फ़ीचर और कूलिंग-ऑफ पीरियड का इस्तेमाल करते हैं, उसी तरह का प्रयोग यहां भी करना चाहिए और फंड को 12-24 घंटे के "कूलिंग-ऑफ" पीरियड के लिए एक अस्थायी एस्क्रो में भेज दिया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय वित्तमंत्री से आग्रह किया कि नागरिकों के जीवन भर की बचत को बचाने के लिए सेफ्टी होल्ड या एस्क्रो मैकेनिज्म के लिए 'एआई ड्रिवेन गाइडलाइंस' जल्द से जल्द जारी किया जाए।

### 14 दिसंबर की ....

राय, अविनाश पांडे, सहित दो दर्जन से ज़्यादा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी भाग लिया।

### जनाधार बढ़ाने के ....

रूप से खाद पानी दिया जाए कि रैली की सफलता के बाद इन मशविदों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। रैली में दमखम के साथ जो नेता सामने आयेंगे जाहिर है वैसे नेताओं को चिन्हित कर जिम्मेदारी देने का फार्मूला प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अपनी ओर से दिया। ग्रामीण व शहरी इलाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने, जनता से जुड़ने और पार्टी विचारधारा को मजबूत तरीके से स्पष्ट करने की रणनीति पर ज़ोर दिया गया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि पार्टी को जन सरोकार के मुद्दों पर लगातार जनसमर्थन जुटाना है तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करना है। उन्होंने नेताओं से कहा कि हर कार्यकर्ता को जनता के बीच जाना चाहिए और उनके मुद्दों को सरकार तक पहुँचाना चाहिए। केसी वेणुगोपाल ने भी बैठक में स्पष्ट किया कि वोट चोरी और विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे संवेद्य मुद्दों पर पार्टी की आवाज़ को देशभर में व्यापक रूप से उठाया जाएगा।

### पीएम मोदी से मिले ....

हरियाणा निरंतर उन्नति, समृद्धि और सुशासन की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।' मुख्यमंत्री नायब सैनी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री शाह आगामी 24 दिसंबर को हरियाणा आयेंगे और प्रदेश के पुलिसकर्मियों की पासिंग आउट परेड के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### अब इंडिगो एयरलाइन....

जिन्हें एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार करना पड़ा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने रजिस्टर्ड ईमेल और मोबाइल नंबर पर भेजे गए मैसेज को चेक करें, ताकि उन्हें मुआवजा और वाउचर क्लेम करने की प्रक्रिया में आसानी हो।

### मुख्यमंत्री सैनी ने...

लाल के समक्ष भी अपनी मांगें रखी। इस बैठक मे लोकसभा सांसद धर्मवीर सिंह, नवीन जिंदल, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, सुभाष बराला, रेखा शर्मा, कार्तिकेय शर्मा मौजूद रहे।

### अमेरिका में विपक्ष....

बीच बने हुए सामरिक विश्वास और पारस्परिक रूप से स्थापित आपसी समझ को वास्तविक तथा स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा रही हैं। ऐसे में अब हमारे देश को क्षतिपूर्ति के लिए अविश्वसनीय रूप से तत्परता के साथ महत्वपूर्ण कदम उठाने की दरकार है। जबकि दूसरी ओर राष्ट्रपति ट्रंप ने विदेशी छात्रों और पेशेवरों के भविष्य को सुरक्षित रखने व स्थायी नागरिकता प्रदान करने का दम भरते हुए उनके लिए गोल्ड कार्ड जारी करने का ऐलान किया है। जिसे प्राप्त करने के लिए किसी को भी बड़ी जेब ढीली करनी पड़ेगी।

**गोल्ड कार्ड से यूं होगा भारतीयों को फायदाः** उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति ने बीते बुधवार को व्हाइट हाउस में एक गोलमेज बैठक में ऐलान किया कि अमेरिका के बड़े विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण करने के बाद विदेशी छात्रों का देश छोड़कर जाना हमारे लिए नुकसानदेह है। इसे ध्यान में रखते हुए मैंने गोल्ड कार्ड जारी करने की घोषणा की है। जिसकी मदद से भारत और चीन जैसे देशों के उन छात्रों व पेशेवरों को फायदा होगा। जो अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करने के बाद रोजगार के मामले में हमारे देश में रुक नहीं पाते थे। लेकिन अब इन छात्रों को नियुक्त करने वाली कंपनियां उनके लिए गोल्ड कार्ड खरीदकर अमेरिका में इनके स्थायी प्रवास की व्यवस्था कर सकेंगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर भी ट्रंप ने अपनी इस घोषणा को एक पोस्ट के जरिए साझा किया है। जिसमें उन्होंने गोल्ड कार्ड को अमेरिकी ग्रीन कार्ड के समकक्ष ही करार दिया है। साथ ही कहा कि गोल्ड कार्ड की मदद से अमेरिका के सरकारी खजाने में इजाफा होगा, अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और रोजगार के भी कई अवसर पैदा होंगे। ट्रंप की घोषणा के वक्त उनके साथ आईबीएम के भारत-अमेरिकी सीईओ अरविंद कृष्णा, डेल टेक्नोलॉजीज के सीईओ माइकल डेल मौजूद थे।

**गोल्ड कार्ड के लिए देनी पड़ेगी इतनी धनराशिः** गोल्ड कार्ड के लिए व्यक्तिगत आवेदक को 10 लाख डॉलर की कीमत चुकानी पड़ेगी। जबकि किसी कंपनी की ओर से चुने गए आवेदक के लिए 20 लाख डॉलर का भुगतान करना पड़ेगा। जिसमें 15 हजार डॉलर की नॉन रिफंडेबल प्रोसेसिंग शुल्क जमा करनी पड़ेगी। गोल्ड कार्ड के लिए ऑनलाइन वीजा आवेदन शुरू हो चुके हैं।

ग्रीन कार्ड से कैसे भिन्न है गोल्ड कार्ड? यहां बता दें कि अमेरिका में स्थायी नागरिकता पाने के लिए ग्रीन कार्ड की व्यवस्था पहले से मौजूद है। जिसके तहत अमेरिका में निवेश के जरिए रोजगार प्रदान करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए ईबी-5 वीजा के तहत ग्रीन कार्ड प्रदान करने का सिस्टम है। इसमें अमेरिका के अंदर से आवेदन करने पर आवेदकों को 3005 डॉलर और विदेश से आवेदन करने पर 1340 डॉलर की धनराशि का भुगतान करना पड़ता है। ईबी-5 वीजा के तहत लोग लोन ले सकते हैं या पैसा मिलाकर निवेश कर सकते हैं। जबकि गोल्ड कार्ड में सीधे एक बार में पैसा देना पड़ेगा। ग्रीन कार्ड अमेरिका में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित कर वहां के लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करता है। जबकि गोल्ड कार्ड विदेशियों के लिए रोजगार के साथ स्थायी निवास के अवसर खोलता है।

### यह है अमेरिकी....

साथ कहें तो भारत को हमने खो दिया। जबकि रूस के साम्राज्य को मजबूती प्रदान कर दी है। सांसद के संबोधन के दौरान समिति के समक्ष 'द यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिपः सिक्योरिंग ए फ्री एंड ओपन इंडो-पैसेफिक' विषय रखा गया था। राष्ट्रपति के फैसलों ने अमेरिका का अटलांटिक पार गठबंधन तोड़ा है और लैटिन अमेरिका को खतरे में डाला है। हमारे देश में हालांकि किसी राष्ट्रपति ने ऐसी कोई परंपरा नहीं रखी है। अमेरिकी सांसद के संबोधन के दौरान समिति में एशियन स्टडीज सेंटर (हेरिटेज फाउंडेशन) के डायरेक्टर जेफ स्मिथ, ओआरएफ (अमेरिका) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ध्रुव जयशंकर, एक्सटर्नल सीनियर एडवाइजर (स्पेशल कॉम्पिटिटिव स्टडीज प्रोजेक्ट सीनियर फैलो) हिंद-प्रशांत कार्यक्रम जर्मन मार्शल और फंड ऑफ द यूनाइटेड स्टेट्स समीर लालवानी मौजूद रहे।

### हास्यास्पद है नोबेल ....

सीमित है। जो कि हास्यास्पद है। लेकिन इससे होने वाले नुकसान को कम करके आंकना उचित नहीं होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति का मत है कि उन्होंने दुनियाभर में कई संघर्षों को रुकवाया और शांति स्थापित की है। जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई 2025 को हुए संघर्ष को समाप्त करने का श्रेय भी उन्होंने लिया है। डेमोक्रेटिक सांसद ने अमेरिका की रिपब्लिकन सरकार द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ और एच1बी वीजा की सालाना फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने के निर्णय की भी तीखी आलोचना की है।

अमेजिंग

शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।



## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *



## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु

नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *




**किताब :** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक :** राजा चौरसिया, **मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें



1 कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।



2 न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3 आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा

## जीके क्विज-183

1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा

**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल



कहानी

अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

# रजाई की सीख

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।

'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।



एआई इमेज

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता

मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191

**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



आशना, जांजगीर



अनन्या, महासमुंद



अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर



पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192



बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### डॉ. सोनल को रक्तचाप शोध के लिए पुरस्कार

**भोपाल।** एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग की तृतीय वर्ष की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. सोनल राजमाने को जयपुर में इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी सम्मेलन में ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनके शोध में 24 घंटे और 48 घंटे की एम्बुलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की तुलना की गई, जिसमें 48 घंटे की मॉनिटरिंग को अधिक सटीक पाया गया। यह शोध डॉ. गिरीश सी. भट्ट के मार्गदर्शन तथा डॉ. शिखा मलिक, डॉ. महेश महेश्वरी और डॉ. अंबर कुमार के सह-मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौत

**भोपाल।** जगदलपुर शहर के धरमपुरा में बीती रात एक तेज रफ्तार वाहन चालक ने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, इस हादसे में दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बता दे कि धरमपुरा स्थित सब्जी मार्केट के पास बीती रात को पल्लीगाव निवासी राजेश बघेल व प्रिंस बघेल जो जगदलपुर की ओर आ रहे थे, उनकी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। लोगों ने दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### दीपावली को वैश्विक धरोहर घोषित सम्मान

**भोपाल।** दीपावली को यूनेस्को की इन्टेंजिबल कल्चरल हैरिटेज सूची में शामिल किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इसे प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी सहेजने का काम कर रही है और वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री मोदी इसी रास्ते पर कदम बढ़ाते हुए दुनिया में भारतीय संस्कृति का परचम फहराएंगे। भारत और भारतीय संस्कृति को मिली उपलब्धि पर मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं।

### खंडेलवाल एवं शर्मा ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सागर जिले के बांदरी-मालथौन के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 4 पुलिसकर्मियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### आईआरपीआरए अंडर 40: जूरी का ऐलान

**भोपाल।** देश के छोटे-बड़े शहरों और कस्बों आदि में कार्यरत पीआर प्रोफेशनल्स की मेहनत और प्रतिभा अक्सर छिपी रहती है। लेकिन, तथ्य यह है कि उनके क्रिएटिव आइडियाज़, लगातार प्रयास और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करने का जज़्बा ही कम्युनिकेशन की दुनिया को आगे बढ़ाता है। इन्हीं प्रोफेशनल्स की मेहनत को मान्यता देने के लिए इंडिया रीजनल पब्लिक रिलेशन्स अवॉर्ड्स (आईआरपीआरए) '40 अंडर 40' का चौथा संस्करण 10 जनवरी, को वर्चुअल रूप से आयोजित होने जा रहा है। जैसा कि पिछले संस्करणों में हुआ, इस बार भी इस अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों के पीआर प्रोफेशनल्स को उनके समर्पण और उत्कृष्ट काम के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन खुला है और नामांकन की आखिरी तारीख 25 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। इस बार के इंडियाज रीजनल पीआर अवॉर्ड्स (आईआरपीआरए) '40 अंडर 40' के चौथे संस्करण के लिए जूरी पैनल में देश के जाने-माने पीआर प्रोफेशनल्स, जर्नलिस्ट्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट्स शामिल हैं।

## मुख्य सचिव जैन ने राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक ली

# भारत की जनगणना 2027- परीक्षा के दृष्टिगत मकान गणना और जनगणना की अवधि तय करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जनगणना का कार्य अब जल्द शुरू होने जा रहा है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक अप्रैल से 30 सितम्बर 2026 के दौरान 30 दिवस की अवधि में किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए कि आगामी जनगणना 2027 के दृष्टिगत प्रशासनिक इकाइयों में जो भी परिवर्तन किए जाने हैं वे 31 दिसम्बर तक अनिवार्यतः कर लिए जाएं।

मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में भारत की जनगणना 2027 के दृष्टिगत राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि स्कूली बच्चों की पढ़ाई, मानसून इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उक्त 30 दिवस की अवधि निर्धारित की जाएं। जनगणना के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य पूरे देश में एक साथ फ़रवरी 2027 में किया जाएगा।

### समन्वय के लिए विभागों को एक-एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश



अनुराग जैन, मुख्य सचिव

### मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन

मुख्य सचिव जैन ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम जन को यह बताया जाना आवश्यक होगा कि जनगणना 2027 पहली बार देश में डिजिटल होगी, जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन एवं वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेंजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बात का प्रचार होना चाहिए कि जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत जनगणना में संकलित व्यक्तिगत जानकारियां गोपनीय होती है साथ ही इन्हें कहीं भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

### जनगणना के द्वितीय चरण में बच्चों को परीक्षाओं में असुविधा न हों

मुख्य सचिव जैन ने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि वे जनगणना के द्वितीय चरण को ध्यान में रखकर वर्ष 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करें। उन्होंने परीक्षाओं की समय-सारणी इस तरह तैयार करने के निर्देश दिए है जिससे विद्यार्थीयों को कोई असुविधा नहीं हो। साथ ही सम्बंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे आपस में समन्वय करते हुए जनगणना 2027 के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता के लिए योजना तैयार करें, जिससे जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### मप्र में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग

अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ल ने बताया कि मप्र में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग है, जो भारत सरकार, जनगणना निदेशालय एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनगणना सम्पादन में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा। प्रारंभ में निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनगणना 2027 की रूपरेखा, प्रारम्भिक तैयारियां, डिजिटल रोडमैप और संगठनात्मक ढांचा इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया।

### स्व-गणना किए जाने के प्रावधान की सराहना की

मुख्य सचिव जैन ने आगामी जनगणना डिजिटल होने के मद्देनजर सर्वसम्बन्धितों को उचित समय पर युक्तियुक्त प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जैन ने जनगणना के दौरान स्व-गणना किए जाने के प्रावधान की सराहना की। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए कि वे जनगणना 2027 के कार्य के समन्वय के लिए अपने अपने विभागों में एक नोडल अधिकारी नामित करें।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा कर दिए निर्देश

# शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में पीडब्ल्यूडी को करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि विकास, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का आधार हैं। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक निर्माण कार्य को सिर्फ एक तकनीकी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाले साधन के रूप में देखना है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार के साथ प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की आधारभूत संरचना का विकास ही जनकल्याण का आधार है। विभाग ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। अपर मुख्य सचिव क्षेत्रों के समग्र विकास अनुसार कार्ययोजना का निर्धारण करें। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण से लोक कल्याण नवम्बर-2025 के न्यूज-लेटर,लोकपथ इनफार्मेशन ब्रोशर का विमोचन किया।

### विभागीय न्यूज लेटर और पर्यावरण से समन्वय ब्रोशर का किया विमोचन

**एमपीआरडीसी और एमपीबीडीसी के संचालक मंडल की बैठक आयोजित**

**हर सड़क, हर पुल, हर परियोजना- जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकता: सीएम**

**दो वर्षों में विभाग ने गति, गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार के नए आयाम स्थापित किए**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री सिंह लोक निर्माण से लोक कल्याण नवंबर-2025 के न्यूज-लेटर और लोकपथ इनफार्मेशन ब्रोशर का विमोचन करते हुए।

### पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा

*प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी सुखवीर सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों, पीएम गतिशक्ति पोर्टल के उपयोग से रोड प्लानिंग, बीआईएसएजी- एन के माध्यम से समय सीमा का निर्धारण और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ पर्यावरण से समन्वय, पौधरोपण, ट्री-शिफ्टिंग, लोक सरोवर, सौर ऊर्जा के कार्य भी विकास कार्यों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।*

### मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ाए: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ाएं। पूरे प्रदेश को समावेशित कर समग्र विकास पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जबलपुर और ग्वालियर को भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों सभी को अधोसंरचना विकास का लाभ प्राप्त हो, इस आधार पर प्रस्ताव की परिकल्पना की जाए। राजमार्गों का घनत्व राष्ट्रीय स्तर के समीप ले जाने के लिए विज़न डॉक्यूमेंट के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें।

### सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज पर भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में लोक निर्माण विभाग को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विकास में पर्यावरण समन्वय का विशेष ध्यान रखा जाए। सतत संवहनीय विकास के लिए सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज में भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए। बिजली और पानी की बचत सुनिश्चित की जाए।

### फ्लाईओवर, अंडरपास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक्सप्रेस-वे आधुनिक समय की मांग है। इन अधोसंरचनाओं के विकास में ग्रामीण क्षेत्र की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। आवश्यकतानुसार फ्लाई-ओवर, अंडर-पास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ-2028 के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। प्रस्तावित कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। दिसंबर माह के अंत तक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यों को जून-2027 तक पूर्ण किया जाए।

### 12 हज़ार 212 शिकायतों में से 12 हज़ार 166 का निराकरण: सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि लोकपथ एप में प्राप्त 12 हज़ार 212 शिकायतों में से 12 हज़ार 166 का निराकरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने लोकपथ एप के उत्कृष्ट उपयोग की सराहना की। एप में आगे स्थलों के बीच की दूरी, वैकल्पिक मार्ग, पर्यटन स्थल, चिकित्सा सेवाएं, ब्लैक स्पॉट अन्य सुविधाओं को मैप किया है।

## तीन लोगों की हत्या मामले में पांच गिरफ्तार

# पांच लाख को ढाई करोड़ बनाने कर रहे थे तंत्र-मंत्र



मृतक की फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बुधवार देर रात हुए दिल दहला देने वाले तिहरे हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। स्क्रैप व्यवसाय से जुड़े अशरफ मेमन सहित तीन लोगों की उनके कबाड़ यार्ड में लाश मिलने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि मृतकों में अशरफ मेमन कोरबा निवासी, सुरेश साहू पिता बलदेव साहू तुलसी नगर निवासी, नीतीश कुमार दुर्गा निवासी हैं। तीनों की लाश एक ही कमरे में संदिग्ध हालत में मिली है। बताया जा रहा है कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में तीनों की मौत हुई है।

बिलासपुर से एक तांत्रिक तीन अन्य साथियों के साथ कोरबा बुधवार की रात 11:00 बजे कोरबा पहुंचा। इसके बाद अशरफ मेमन के बरबसपुर स्थित स्क्रैप यार्ड में रात होते ही तंत्र मंत्र शुरू किया गया। जहां तांत्रिक बिलासपुर निवासी राजेंद्र कुमार एक कमरे में तीनों को बारी-बारी से बुलाकर नींबू देकर एक रस्सी से सर्किल बनाता है। इसके बाद कमरे में बंद कर बाहर आता है और उसे आधा से एक घंटा बाद खोलने की बात कहता है, जहां समय बीतने के बाद कैमरा खोला गया तो तीनों की मौत हो चुकी थी। बिलासपुर अमेरी निवासी अश्वनी कुर्रे ने बताया कि तांत्रिक की टीम में वह भी साथ आया हुआ था। जहां पांच लाख को ढाई करोड़ रुपये करने के लिए तंत्र-मंत्र की बात सामने आई थी और उसे पैसे को बराबर हिस्से में बांटने की बात हुई थी। तांत्रिक राजेंद्र के द्वारा कमरे में तंत्र विद्या किया गया और उनकी संदिग्ध मौत हो गई।

मौत कब-कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह उसे भी जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद अशरफ मेमन के परिजन पहुंच गए और जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया है। यार्ड को सील कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि अब तक इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मामला तंत्र विद्या से जुड़ा हुआ है। अभी और भी गिरफ्तारी हो सकती है। फोरेंसिक एक्सपर्ट और अन्य टीम काम कर रही हैं।

## बालोद थाना क्षेत्र का मामला, जांच जारी

# साइबर धोखाधड़ी के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



वोडाफोन-आईडिया कंपनी के विक्रेता ईश्वर गजेन्द्र को पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कंपनी द्वारा दिए गए सिम कार्ड बिक्री लक्ष्य (टारगेट) को पूरा करने के लिए 142 फर्जी सिम एक्टिव किए। साइबर सेल बालोद की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर से ग्राहकों के बायोमैट्रिक और आधार फेस आईडी का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से वोडाफोन-आईडिया की सिम जारी की। जांच में सामने आया है कि यह सिम ग्राहकों की जानकारी के बिना, उनके नाम पर सक्रिय कर कुछ समय बाद तोड़ दी जाती थी।

## पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार, पूछताछ जारी

# पिता पर नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पिता ने डरा धमकाकर अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद महिला थाना पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं पुलिस आरोपी पिता से पूछताछ भी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की पीड़िता ने महिला थाना में शिकायत दर्ज की। शिकायत में बताया कि उसकी मां आसपास के घरों में काम करने जाती है। उसके पिता घर में ही रहते हैं। पीड़िता ने बताया कि 26 जनवरी 2023 को वह अपनी सहेलियों के साथ घूमने गई थी। इस दौरान उसके पिता ने उसे देख लिया था। जब वह घर पहुंची उसकी मां और दोनों भाई नहीं थे। तब उसके पिता ने उससे मारपीट करते हुए जबरन उसके साथ संबंध बनाया। इस दौरान विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि इस घटना के बाद जब भी घर में कोई नहीं रहता था तो उसके पिता उससे मारपीट करते हुए उसके साथ संबंध बनाते आ रहा था। पीड़िता ने बताया कि बीते दिन जब वह घर में अकेली थी। इस दौरान उसके पिता ने उसके साथ मारपीट की और शारीरिक संबंध भी बनाया। इस घटना के बाद वह स्कूल चली गई थी और वहां से वापस लौटते समय रास्ते में उसने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी।

## मजदूरी करती थीं महिलाएं, पुलिस जांच जारी

# पानी की टंकी गिरी, दो महिलाओं की मौत, मासूम बच्ची घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ईंट बनाने के लिए बनाई गई पानी की टंकी की दीवार महिलाओं पर टूट कर गिर गई जिसमें दो महिलाओं की मौत और एक मासूम बालिका गम्भीर रूप से हुई घायल हुई है। घटना के बाद महिलाओं को संजीवनी हॉस्पिटल दल्लीराजहरा लाया गया जहां डॉक्टरों ने महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। वहीं मासूम को इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। मासूम की स्थिति भी गम्भीर बताई जा रही है। आपको बता दें कि डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली डेम के किनारे की यह घटना है।

मृतक महिलाएं बलौदाबाजार की रहने वाली बताई जा रही हैं। दरअसल ईंट भठ्ठे में काम करने आई महिलाएं पानी की टंकी के नीचे नहाने बैठी थीं। उसी समय पानी की टंकी की दीवार टूट कर महिलाओं के ऊपर गिर गई। मृतक महिला का नाम चन्द्रकला, आशा बारले बताया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 'महिला सशक्तिकरण एवं मानवाधिकार' विषय पर हुआ मंथन

# अधिकारों के साथ ही कर्तव्य बोध भी आवश्यक, पूरक हैं अधिकार और कर्तव्य : तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 'महिला सशक्तिकरण एवं मानवाधिकार' विषय पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि अधिकार और कर्त्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं। आधिकारों के लिए कानून बनाए गए हैं, उन्हें लिखित रूप से परिभाषित किया जा सकता है, किंतु कर्त्तव्यों का बोध करना और कराना पड़ता है। जब हम अधिकारों के प्रति जागरुकता प्रदर्शित करते हैं तो कर्तव्य पालन का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण प्राचीनकाल से ही हमारे संस्कारों में शामिल रहा है। हमारी संस्कृति में महिलाओं का स्थान सर्वोपरि रहा है। प्रचीनकाल से ही हमारी मातृ-शक्ति साहस, युद्ध-कौशल, तपस्या, त्याग और विद्वता से संपन्न रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज की छोटी-छोटी कमजोरियों के प्रति सजग और संवेदनशील हैं। उनके कुशल नेतृत्व में आज देश की 2.5 लाख से अधिक पंचायतों में 14 लाख महिला प्रतिनिधि निर्वाचित हुई हैं। इसके साथ ही सरपंच से सांसद तक हमारी निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या अधिक है। देश में 10 करोड़ बहनें 9 लाख स्व-सहायता समूहों के साथ जुड़कर उद्यमिता से समाज सेवा तक महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।



विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने महिला सशक्तिकरण और मानव अधिकार विषय पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया।

### प्रदेश के लिंगानुपात में प्रभावशाली सुधार हुआ: डॉ. अवधेश

आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश में महिला सशक्तिकरण के साथ ही मानवाधिकारों के सुधार की दिशा में केंद्र व राज्य सरकारें सजग हैं और समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण योजनाओं के प्रेजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मी योजनाओं के प्रभावों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि केन्द्र और राज्य सरकारों की योजनाओं से प्रदेश के लिंगानुपात में प्रभावशाली सुधार हुआ है। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और मानव अधिकार विषय पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया।

**आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

### बेटों को भी बचपन से महिलाओं की रक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के संस्कार देने होंगे: मंत्री भूरिया

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाओं के मानवाधिकार और सशक्तिकरण सरकारों की संवैधानिक और समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। मप्र देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की पूर्णतः ऑनलाइन पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू की है। मंत्री भूरिया ने कहा कि वह आदिवासी समाज से हैं और समाज की महिलाओं की परेशानियां समझती हैं, इसलिए उनके निवारण के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने परिवारों को भी इसके प्रति सजग रहते हुए बेटियों के साथ ही बेटों को भी बचपन से ही महिलाओं की रक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के संस्कार देने होंगे।

## चिंतन

# यात्रियों की सुरक्षा-विश्वास को भी प्राथमिकता दें एयरलाइंस

इंडिगो एयरलाइंस पर स्टाफ की कमी से आया परिचालन संकट एक सबक है। सरकार के लिए भी और एयरलाइंस के लिए भी। पिछले आठ दिनों में करीब 4,800 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं। इसके कारण आसमान में उड़ने के लिए किराया भी आसमान छू रहा है। इस दौरान 5-6 हजार की जगह 35-40 हजार रुपये किराया वसूला गया। इस पर न किसी की बंदिश थी और न ही लगाम। हालांकि सरकार के आदेश के बाद इंडिगो ने पिछले 5-6 दिनों में करीब 600 करोड़ रिफंड भी किए, लेकिन यहां सवाल रिफंड का नहीं, यात्रियों का जो नुकसान हुआ उसका है, उनकी सुरक्षा और विश्वास का है। एक एयरलाइंस की लापरवाही के कारण लाखों लोगों को जो परेशानी झेलनी पड़ी, उसकी भरपाई कौन करेगा। इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हुआ। सवाल यह भी है कि जब इंडिगो की फ्लाइटें बंद थीं, तो अन्य एयरलाइंस ने मौके का फायदा उठाते हुए टिकटों के दाम क्यों बढ़ा दिए? ऐसे में दूसरी एयरलाइंस द्वारा दाम बढ़ाए जाने को कैसे जायज ठहराया जा सकता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इंडिगो के चल रहे संकट को लेकर केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की खिंचाई की और उड़ानें रद्द और देरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीर संकट बताते हुए सवाल उठाए। आखिर हालात इस कदर कैसे बिगड़ गए? कोर्ट ने भी निर्देश दिया है कि यात्रियों को तुरंत मुआवजा देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। दूसरी तरफ, इंडिगो ने कहा कि वह उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। 3-5 दिसंबर के बीच ज्यादा परेशान हुए यात्रियों को 10,000 रुपये का ट्रैवल वाउचर मिलेगा। इसे अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। दूसरी तरफ, हाल ही में आए एक सर्वे पॉपुलर कम्युनिटी प्लेटफॉर्म (लोकलसर्कल) के अनुसार इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, अकासा एयर जैसी 8 प्रमुख एयरलाइंस पिछले 12 महीनों में यात्रियों के साथ धोखाधड़ी में शामिल मिली हैं। 1.24 लाख से ज्यादा यात्रियों के डेटा से यह खुलासा हुआ है कि इन एयरलाइंस ने टिकट बुकिंग से लेकर कैंसिलेशन तक में कई तरह के अनैतिक तरीके अपनाए और यात्रियों के विश्वास का हनन किया है। सर्वे के अनुसार ड्रिप प्राइसिंग (छुपी हुई फीस), बैट एंड स्विच (वादा करके बदलना), फोर्स्ड एक्शन (जबरदस्ती) और कन्फर्म शेमिंग के नाम पर यात्रियों के साथ धोखाधड़ी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 70% यात्रियों ने पिछले एक साल में इस तरह की धोखाधड़ी महसूस की। सर्वे में यात्रियों ने बताया कि कैसे उन्हें एयरलाइंस की वेबसाइट या एप पर गलत जानकारी दी गई, जिससे वे मजबूरन ज्यादा पैसे खर्च करने पर मजबूर हुए। बता दें कि केंद्र ने 2023 में यात्रियों के साथ होने वाली धोखाधड़ी (डार्क पैटर्न्स) पर दिशा-निर्देश जारी किए थे। हालांकि इसके बाद भी ज्यादातर एयरलाइंस पर उसका कोई खास असर नहीं पड़ा। ग्राहक अभी भी इससे परेशान हैं और सोशल मीडिया पर अक्सर शिकायतें करते देखे जा सकते हैं। ऐसी घटनाएं दर्शाती हैं कि देश में यात्री सुरक्षा और पारदर्शिता की कमी है। एयरलाइंस को सिर्फ मुनाफे को नहीं, बल्कि यात्रियों के विश्वास व सुरक्षा को भी प्राथमिकता देनी होगी। सरकार को तुरंत जांच करनी चाहिए और दोषी एयरलाइंस पर जुर्माना लगाना चाहिए। भविष्य में ऐसा न हो इसके लिए डीजीसीए, सरकार और एयरलाइंस की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

## मंथन
राजेंद्र बज



# रुकना चाहिए आत्महत्या का चिंताजनक सिलसिला

भागम-भाग की इस जीवन शैली में अलग-अलग कारणों के चलते मानसिक संताप से त्रस्त होकर आत्महत्या करने के मामले बहुतायत में देखें और सुने जा रहे हैं। समस्या कैसी भी हो, इतनी बड़ी नहीं हो सकती कि देव दुर्लभ माने जाने वाले मनुष्य भव का अस्तित्व दांव पर लगा दिया जाए। कानूनी रूप से ही नहीं, अपितु धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी आत्महत्या को अपराध की श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह अलग बात है कि इसमें सफल होने पर दोष सिद्धि के कोई मायने ही नहीं रह जाते, लेकिन जाने वाला अपने परिजन पर अपने जाने के बाद जो जिम्मेदारियां छोड़ जाता है, उसका बोझ परिजनों को ही उठाना होता है। दरअसल, हमें उन कारणों को चिन्हित करना होगा, जिसके चलते सामान्य व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश हो जाया करता है। आत्महत्या के कारण के मूल में आर्थिक तंगी, पारिवारिक कलह, गंभीर बीमारी और प्रेम प्रसंग को प्रमुख रूप से रेखांकित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कानूनी प्रावधान के साथ-साथ सामाजिक चेतना को और अधिक जागृत करने की दिशा में गंभीर कदम उठाने की नितांत आवश्यकता है। ऐसे विधि सम्मत प्रावधान होने चाहिए कि कोई भी कर्जदार व्यक्ति कर्जदाता के खौफ में रहकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम न उठाए। हालांकि इस संबंध में वैधानिक प्रावधान तो अवश्य है, लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव में पीड़ित पक्ष इसकी शरण नहीं ले पाता। व्यवहार में देखा गया है कि आवश्यकता होने पर ऊंची से ऊंची ब्याज दर का भुगतान करने की शर्त के आधार पर कहीं और, और अधिक लाभ की प्रत्याशा में बाजार से पैसा उठा लिया जाता है। ऐसे में व्यापारिक उतार-चढ़ाव के चलते लाभ हो न हो, लेकिन भारी-भरकम ब्याज चुकाने की जिम्मेदारी आयद हो जाती है। इसके चलते हताशा इस कदर हो जाती है कि व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश हो जाता है। इस संदर्भ में बाजार में प्रचलित ब्याज दर पर नियंत्रण की अत्यंत आवश्यकता है। जहां तक घर-परिवार के संचालन में आर्थिक तंगी का सवाल है, तो शासन स्तर पर व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु अतिरिक्त प्रावधान भी किए जाने चाहिए। हालांकि जीवन की अधिकांश अनिवार्य आवश्यकताओं की आपूर्ति करने की दिशा में केंद्र तथा राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इसके बावजूद बिना किसी औपचारिकता को पूर्ण किए, ऐसी व्यवस्था का लाभ आम आदमी को नहीं मिल पाता। यह बात जरूर है कि वर्तमान दौर में अनिवार्य आवश्यकताओं में नाना प्रकार की आवश्यकताओं का विस्तार हो गया है। लेकिन जीवनरक्षक आवश्यकताओं की पूर्ति तो की ही जा सकती है। मालवा में ऐसा माना जाता है कि जहां चार बर्तन होते हैं, वहां बजने की संभावना बलवती होती है। बहुत स्वाभाविक है कि परिवार में सदस्य विशेष के कार्य या व्यवहार से अन्य सदस्यों को इतनी तकलीफ होने लगे कि बात तकरार पर आ जाए। आए दिन परिवार में कलह होने लगे। ऐसी स्थिति में हो सकता है कि अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान को दांव पर लगा देखकर कोई सदस्य आक्रोश या घोर हताशा के चलते आत्महत्या जैसा कदम उठा लें। ऐसी स्थिति में पास-पड़ोसियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस संदर्भ में बेहतर हो यदि हर कोई अपने पास-पड़ोस में होती कलह के कारणों को दूर करने का स्वतः संज्ञान लेवे।

आत्महत्या के अन्य कारणों में गंभीर बीमारी और प्रेम-प्रसंग को लिया जा सकता है। ये कारण दरअसल इतने व्यक्तिगत होते हैं कि अनेक बार परिजनों को भी इसकी भनक नहीं लग पाती। ऐसे में यह जिम्मेदारी भी परिवार के सदस्यों पर छोड़ी जा सकती है कि किसी सदस्य विशेष के आचार-विचार और व्यवहार में यदि असामान्य परिवर्तन दिखाई दे, तो समय रहते ऐसे परिवर्तन के कारणों को चिन्हित करते हुए उसके निदान की समुचित व्यवस्था बनाए। कुल मिलाकर हर एक दूसरों के प्रति जिम्मेदार बनने की कोशिश करें, तभी आत्महत्या के दौर को नियंत्रित किया जा सकेगा। हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार मनोविज्ञान के क्षेत्र में, विशेषज्ञ आत्महत्या की समस्या से निपटने के लिए अपनी विशिष्ट क्षमताओं का उपयोग कर रहे हैं। मौलिक वैज्ञानिक आत्महत्या के विचारों और व्यवहार से जुड़े मस्तिष्क परिवर्तनों और जोखिम कारकों का अध्ययन कर रहे हैं। व्यावहारिक वैज्ञानिक जोखिम में पड़े लोगों की पहचान करने के नए तरीके खोज रहे हैं। नैदानिक शोधकर्ता नए उपचारात्मक उपायों का परीक्षण कर रहे हैं, और जमीनी स्तर पर कार्यरत चिकित्सक संघर्षरत लोगों तक उपचार पहुंचाने में मदद कर रहे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# इतिहास-बोध से प्रेरित जातिगत टकराव

विचार
शिवेन्द्र राणा

क्रोचे जब कहते हैं कि सभी इतिहास समसामयिक होते हैं, तब निश्चित तौर पर उनकी दृष्टि एक राजनीतिक भविष्यद्रष्टा की रही होगी। यूँ भी राजनीति और इतिहास का पुराना सहजीविता का सम्बन्ध रहा है। अकसर इतिहास के सन्दर्भ राजनीति के संदर्शों को निर्देशित और निर्धारित करते रहे हैं। राजनीति जो समाज और राष्ट्र का चालक सूत्र है, उसका इतिहास से प्रभावित होना और इतिहास को प्रभावित करना, एक सामान्य प्रक्रम है। इन दिनों इतिहास का पुनर्लेखन, तथ्यों, घटनाओं का पुनर्स्थापन, ऐतिहासिक व्यक्तित्वों का संकुचन-प्रसारण राष्ट्रीय विमर्श के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण प्रसंगों में शामिल है, यानि राष्ट्रीय इतिहास-बोध की पुनर्समीक्षा। इसी ऐतिहासिक-सन्दर्भ की एक धारा है, दलित-पिछड़ा वर्ग के इतिहास आधारित वैचारिक उन्नयन की, जो मूलरूपेण बहुजन आन्दोलन के सांस्कृतिक प्रभाग के रूप में दलित एवं पिछड़ी जातियों के संतों एवं नायकों को महत्त्व प्रदान किये जाने का प्रक्रम था। यानि एक सामाजिक-राजनीतिक आन्दोलन ने आधुनिक भारतीय इतिहास में विस्मृत पिछड़े एवं दलित वर्ग से सम्बंधित इतिहास पुरुषों एवं घटना-क्रम को अतीत के अंधेरे कोटरों से निकालकर राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठित किया।

ये यथार्थ है, यदि 70 के दशक के बाद राजनीति प्रेरित जातीय अस्मिता के वर्चस्व का टकराव ना प्रारंभ होता तो आज भी राष्ट्रीय समाज की मुख्यधारा से कोरी जाति से संबंधित झलकारी बाई, पासी जाति के दलदेव महाराज और बालेदीन, वीर पासी, उदेया पासी, मक्का पासी , ऊदा देवी, मेहतर जाति के बालु मेहतर, जाटव-चमार जाति के चेतराम जाटव, बांके चमार, यादव जाति के छाउर, दुसाध जाति के चुहारमल, के अतिरिक्त मातादीन भंगी, अवन्ती बाई लोधी, महावीरादेवी भंगी, पन्नाधाय धानुक जैसी अनेकानेक नायक-नायिकाओं को आधुनिक इतिहास सम्मान दे पाने में विफल ही रहता है।

80 के दशक में इतिहास के जातीय निरुपण की जो पटकथा बामसेफ और डी.एस. फोर मूवमेंट ने प्रारम्भ की, उसने दलित-पिछड़ा जातीय गोलबंदी को राजनीतिक के प्रभावी समूह में परिवर्तित किया। यानि इस इतिहास-बोध की संचेतन धारा को वर्गीय गोलबंदी की प्रेरणा राजनीति से मिली। जिसने तत्कालीन प्रभावी दबाव समूह से आज चार दशकों के पश्चात उसी वर्गीय इतिहास-बोध अवचेतन आग्रह को दुराग्रही जातीय त्वरा में परिवर्तित कर दिया है।

उदाहरणस्वरुप पूर्व में राजभर जाति द्वारा अपने इतिहासपुरुष माने जाने वाले महाराज सुहेलदेव को पासी जाति द्वारा सुहेलदेव पासी कहे जाने से आपत्ति प्रकट की थी। उधर जून, 2025 में पासी समाज ने महाराज सुहेलदेव पासी विजय दिवस पर आयोजित प्रदर्शन में राजभर जाति के नेताओं कों इतिहास से छेड़छाड़ ना करने की चेतावनी जारी कर दी। अब पिछले दिनों उन्होंने गाजीपुर में प्रदर्शन के दौरान निहालगढ़ (अमेठी) रेलवे स्टेशन का नाम बिजली पासी से बिजली राजभर करने के साथ ही महाराज सुहेलदेव से जुड़े सभी स्मारकों, दस्तावेजों, ट्रेन और विश्वविद्यालय सहित अन्य सभी जगहों पर राजभर अंकित करने की मांग की है। उन्होंने भी इतिहास से छेड़छाड़ ना करने को चेताया है। इस प्रसंग का तात्पर्य स्पष्ट है। यदि जाति भारतीय सामाजिक व्यवस्था की अविरल धारा का चिरंतर सत्य है तो जातीय अस्मिता का संघर्ष उसका अविछिन्न उत्पाद। जब जातीय अस्मिता आधारित गर्वोक्ति अतिशयता में परिवर्तित होती है तो जाति के वर्गीय समूह में टकराव भी पैदा होते हैं। अर्थात यह संघर्ष की अवस्था इतिहास की अविरल धारा के यात्रा-क्रम का एक पड़ाव है। सवर्ण-कुवर्ण, अगड़ा-पिछड़ा, दलित-वनवासी जैसे सामाजिक-राजनीतिक या ऐतिहासिक वर्गीय संघर्ष जब विस्तारित होंगे तो उनका वर्ग के भीतर जाति आधारित टकराव तक जाना अवश्यंभावी है और यही इतिहास-चक्र की नियति भी है। यानि हीगल का द्वन्दवाद इतिहास-बोध की चेतन परंपरा को अपवाद के रूप में स्वीकार नहीं करता।



इतिहास के हर प्रभाग, हर नियति में परस्पर विरोधी तथ्य समाहित होते हैं। इन तथ्यों में संघर्ष स्थिति, प्रतिस्थिति तथा संयोजन के आधार पर होता है। यह एक सतत गतिशील प्रक्रिया है। किन्तु इस संघर्ष में हर दफ़े जो नया स्वरुप प्रकट होता है, वह पूर्व की अपेक्षा अधिक तीव्र होता है। वस्तुतः उपरोक्त विवाद इतिहास-बोध के राजनीति के कुटिल परिवेश में जाति अनुप्रेरित टकराव से अधिक सामाजिक व्यवस्था में श्रेष्ठता के दावे की व्यग्रता है। साथ ही यह ऐतिहासिक व्यक्तित्वों में स्वजाति के इतिहासपुरुषों को स्थापित करने का द्वन्द भी है। असल में महान व्यक्ति इतिहास के नायकों के रूप में एक गौरवपूर्ण भावनात्मक संचेतना के संवाहक होते हैं। याद करिये, भिंडरावाले के ज्यादातर भाषणों में सिख योद्धाओं की विरुदावलियां होती थीं जो सिख कौम को गर्व की भावना से अनुप्राणित कर देती थीं।

अब यह भी मार्क्सवादी विचार-दर्शन का एक विरोधाभास ही है कि मनुष्य की चेतना उसके अस्तित्व का निर्धारण नहीं करती बल्कि उसके विपरीत उसका सामाजिक अस्तित्व ही उसकी चेतना का निर्धारण करता है।

एक तरफ जहां समाज की अभिजनवादी वृत्ति प्रारंभ में पिछड़े-दलितों के अस्तित्व को समता प्रदान करने की नहीं रही थी। ऐसे में 'तथाकथित सवर्ण' अभिजात्यवर्गीय मेधा उनकी ऐतिहासिकता को कहां स्वीकार कर पाती। यही कारण है इतिहास लेखन की सबाल्टर्न वैचारिकी अस्तित्व में आते ही इतिहास-बोध की नई प्रेरणा पैदा करती है। हालांकि इतिहास की धारा यह प्रमाणित करती है कि ऐसे टकराव अनादि सभ्यता का हिस्सा रहे हैं। और ऐतिहासिक सन्दर्भों में राष्ट्रीयताओं के बाह्य संघर्ष के समानांतर वर्ग और जातियों के आतंरिक संघर्ष चलते ही रहते है। जैसे प्राचीन रोम में पैटीशियनों और प्लीबियनों का वर्ग संघर्ष हमेशा चलता रहा था। विशेषकर जब भी रोम की आर्थिक, राजनैतिक शक्ति में इजाफा हुआ तब यह संघर्ष खुलकर अधिक सतह पर आया। जैसा कि आज भारतीय राजनीति में सर्वत्र उपस्थित है। अब इस्लाम के नाम पर भारत के विरुद्ध एकजुट पाकिस्तानी आवाम को देखें जहां पंजाबी मुसलमानों के सर्वव्यापी अधिकारवाद के विरुद्ध सिंधियों, बलूचों का जातीय संघर्ष सर्वविदित है। बल्कि बंगालियों ने तो इस टकराव में विभाजन का मार्ग ही चुन लिया।

पुनश्च मार्क्स के दर्शन के अनुरूप साहित्य को इतिहास का नया दृष्टिकोण मानने वाले डॉ. नामवर सिंह इसकी विशेषताओं में, 'वस्तुओं, व्यक्तियों घटनाओं और विचारों में असंगति अथवा अन्तर्विरोध को पहचानना' भी गिनाते हैं।' अब वर्तमान प्रसंग में यह कैसे संदर्भित है? भारतीय ज्ञान परंपरा में निरुक्तकार ने ऐतिहासिक पक्ष को प्रस्तुत करते समय उसे अपना पक्ष नहीं है, बल्कि इत्यैतिहासिकाः' 'इत्याख्यानम' आदि के रूप में अन्य ऐतिहासिकों का बताया है। लेकिन देश का वर्तमान राजनीतिक वर्ग और उनके अनुकूल इतिहास के व्याख्याकार ऐसे संवर्ग में बदले हैं जो स्वघोषित राजनीतिक इतिहास के विकृत और तथ्यहीन स्वरुप में जाति-वर्ग की गोलबंदी और सामाजिक टकराव का हलाहल फैला रहे हैं। नतीजा जातीय अस्मिता के नित नये टकराव के रूप में पैदा हो रहा है। यदि ऐसा ना होता तो किसी सांसद को राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने की जरुरत नहीं पड़ती और नाहीं किसी नेता को सावरकर के विरुद्ध अपमानजनक वक्तव्य देना पड़ता। ऐसी स्थिति में कहना होगा कि जैसे रोमां रोला गांधी जी के अनुभव जनित सत्य को 'आपेक्षिक सत्य' कहते हैं। वैसे ही भारतीय राजनीति के लिए आधुनिक युग के इतिहास-बोध की अवधारणा भी ऐसा ही आपेक्षिक सत्य है।

तात्पर्य यह है कि इतिहास के तर्क जब राजनीति के विष वमन से प्रेरित होते हैं तो राष्ट्रीय समाज में वर्ग एवं जाति आधारित परस्पर संघर्ष से अनिवार्य हो जाता है। क्योंकि यहाँ हर दफ़े ऐतिहासिक तथ्यों और तर्कों के प्रकाश में एक व्यक्ति के समक्ष दूसरा, एक घटना के विरुद्ध अन्य या एक राष्ट्रीयता या सांस्कृतिक आग्रह के समक्ष दूसरा प्रतिद्वंदी होगा ही। यानि राष्ट्रीय अर्थ में राजवंशों, इतिहासपुरुषों या घटना-प्रधान विषयों पर आधारित इतिहास बोध यदि संकुचित जाति-वर्ग अनुकूल नजरिये से विकसित होगा तो उसका दुष्परिणाम कटु जातिगत-वर्गीय विभेद और उग्र सामाजिक टकराव के रुप में ही सामने आएगा। इस वैचारिक खोट का स्वार्थ इतना तीव्र है कि वह यह भी नहीं देख पा रहा कि महापुरुषों और राष्ट्रीयता को जाति, वर्ग के दायरे में समेटकर वस्तुतः उन्हें अपमानित ही किया जा रहा है।

अतः आवश्यकता ऐसे इतिहास बोध की है जो विभिन्न वर्गों और जातियों के मध्य परस्पर प्रभाव और प्रतिपत्ति के संकोच प्रसार और राष्ट्र की यथार्थ एकता के योगक्षेम के अनुसार स्फुटित हो ताकि राष्ट्रीय समाज की एकात्मकता बनी रहे। जैसा कि भक्त कवि रज्जब का कहना था, 'बुंद पुकारै बुंद को गति मिलै सँजोय ।' अर्थात सभी बिन्दु एकत्र हो सकें, तभी साधना की धारा अव्याहत भाव से सागर की ओर चलेगी. यानि राष्ट्र की उन्नति का मार्ग अस्तित्व, व्यक्तित्व, और पहचान की संकीर्ण वृत्ति से नहीं बल्कि राष्ट्रीयता की मूल एकात्मकता के संस्कार से ही सुनिश्चित होगा।

*(इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में परियोजना सहयोगी)*

# सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित
## दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## केक शो



*कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार को 51वें सालाना केक शो के दौरान आर्टिस्ट फिल्म कंतारा के पंचुरली थीम वाले एक मॉडल केक को फाइनल टच दे रहे हैं।*

## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचा सकते हैं, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- पंकज साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

# हत्या-आत्महत्या घटना में चैटजीपीटी पर मुकदमा

अमेरिका में कनेक्टिकट की 83 वर्षीय महिला के परिवार ने चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई और उसके व्यापारिक साझेदार माइक्रोसॉफ्ट पर मुकदमा कर आरोप लगाया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले चैटबॉट ने उनके बेटे के 'भ्रम' को और बढ़ा दिया तथा अपनी मां की हत्या करने के लिए उकसाया। पुलिस ने बताया कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले पूर्व कर्मचारी 56 वर्षीय स्टीन-एरिक सोएलबर्ग ने अगस्त की शुरुआत में कनेक्टिकट में स्थित घर में अपनी मां सुजैन एडम्स की पीट-पीटकर और गला घोंटकर हत्या कर दी। मां-बेटे इसी घर में रहते थे। एडम्स के परिवार द्वारा बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को में स्थित अदालत में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ओपनएआई ने 'एक दोषपूर्ण उत्पाद डिजाइन व वितरित किया जिसने एक उपयोगकर्ता के अपनी मां के बारे में मनगढ़ंत भ्रमों को सही साबित कर दिया।' देश भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट निर्माताओं के खिलाफ मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। मुकदमे में कहा गया है, 'इन सभी बातचीत के दौरान, चैटजीपीटी ने एक ही खतरनाक संदेश को दोहराया कि स्टीन-एरिक को अपने जीवन में किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए, सिवाय चैटजीपीटी के।'




## ऑफ बीट

# बोतलबंद पानी पीने के मिले अनदेखे स्वास्थ्य जोखिम

पानी के प्रति बढ़ते अविश्वास के कारण बोतलबंद जल का सेवन दुनियाभर में एक आदत बन गयी है। यहां तक कि उन देशों में भी ऐसा हो रहा है जहां सार्वजनिक जलापूर्ति की बहुत गहराई से जांच की जाती है। बाजार ने बोतलबंद पानी को शुद्ध, स्वस्थ और अधिक सुविधाजनक उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया है, लेकिन वैज्ञानिक प्रमाण एक अलग कहानी बताते हैं। शुद्धता के एहसास को केंद्र में रखकर बोतलबंद पानी के सेवन की अपील की जाती है, फिर भी शोध यह दिखाते हैं कि इससे अक्सर स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए जोखिम खड़े होते हैं। इस साल एक शोध में पता चला कि बोतलबंद पानी उतना सुरक्षित नहीं हो सकता जितना कई लोग मानते हैं। दोबारा भरने करने योग्य जग और प्लास्टिक की बोतलों में बेचे जाने वाले पानी पर किए गए परीक्षणों के दौरान बैक्टीरिया संदूषण का स्तर उच्च पाया गया। अधिकांश विकसित देशों में, नल के पानी को बोतलबंद पानी की तुलना में कड़े कानूनी और परीक्षण मानकों के तहत परखा जाता है। रोजाना सार्वजनिक जलापूर्ति में बैक्टीरिया, भारी धातुओं और कीटनाशकों की जांच की जाती है। ब्रिटेन में, पेयजल परीक्षण के परिणामों को खुले रूप से प्रकाशित किया जाता है।



## ट्रेंड

### पूर्व राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उनकी संविधान की गहरी समझ ने सार्वजनिक पदों पर उनके कार्यकाल को परिभाषित किया। उनका जीवन और कार्य हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### खण्डित आज़ादी



वर्ष- 1937 में मुस्लिम लीग ने 'वन्दे मातरम् ' का विरोध किया जिसको कांग्रेस ने स्वीकार किया था। वर्ष- 1947 में कांग्रेस ने भारत को खण्डित आज़ादी दिलाई थी, इसी तरह 'वन्दे मातरम' के शुरुआत के दो अंतरे लेकर उसे भी खण्डित किया था।
-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### असमान अर्थव्यवस्था



अरबपति मित्रों को बांटों देश की संपत्ति, गरीबों पर भाजपाई लूट की रोज़ाना विपत्ति ! मोदी सरकार ने भारत को दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्था बना दिया है। भारत में 10% सबसे अमीर लोगों के पास देश की 58% संपत्ति है, और निचले स्तर पर गरीब 50% लोगों के पास केवल 15% हिस्सा।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### एआई कंटेंट की क्रांति



अधिकतर लोग यह मान चुके हैं कि एआई कंटेंट बाजार में क्रांति ला रहा है, लेकिन वे यह नहीं मान रहे हैं कि यह नए आईपी (बौद्धिक संपदा) के निर्माण और प्रसार की लागत को भी काफी कम कर रहा है।
- शेखर कपूर, फिल्मकार

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## राज्यसभा में बोले सदन के नेता जेपी नड्डा

# वंदे मातरम एक गीत भर नहीं, बल्कि एक मंत्र, एक ऊर्जा व एक प्रण... स्वतंत्रता आंदोलन की अनगिनत घटनाओं में इसने लोगों को प्रेरित और संगठित किया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

वंदे मातरम पर राज्यसभा में जारी विशेष चर्चा के दौरान गुरुवार को राज्यसभा में सदन के नेता, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदन में विस्तृत जवाब देते हुए कहा,वंदे मातरम एक गीत भर नहीं, बल्कि एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक प्रण और मां भारती की साधना का प्रतीक है। स्वतंत्रता आंदोलन की अनगिनत घटनाओं में वंदे मातरम ने लोगों को प्रेरित और संगठित किया था। उन्होंने सावरकर का उल्लेख करते हुए कहा कि जब सावरकर ने वंदे मातरम पर लिखा, तो ब्रिटिश सरकार ने उन्हें दंडित किया। चार्जशीट में कहा गया कि यह लेख राजद्रोही है और इसी आधार पर उन्हें काला पानी भेजा गया। इससे स्पष्ट होता है कि अंग्रेज वंदे मातरम की शक्ति और प्रभाव से डरते थे।

### नेहरू का अपमान उद्देश्य नहीं, पर सच देश को पता होना चाहिए

नड्डा ने कहा कि हमारा उद्देश्य नेहरू को बदनाम करना नहीं है, बल्कि भारत के इतिहास को दर्ज करना है। जब भी कोई घटना होती है, तब जिम्मेदारी उसी पर होती है जो सत्ता में हो और उस समय देश के जिम्मेदार नेता नेहरू ही थे। उन्होंने दावा किया कि 1937 में नेहरू ने वंदे मातरम को लेकर अपनी आपत्तियां जताई थीं। एक पत्र का हवाला देते हुए नड्डा ने कहा कि नेहरू ने इसे कठिन शब्दों वाला और आधुनिक राष्ट्रवाद के अनुरूप नहीं बताया।

### बंकिम बाबू ने भारत माता को ज्ञान समृद्धि और शक्ति का स्वरूप बताया

नड्डा ने आगे कहा कि बंकिम बाबू ने वंदे मातरम उस समय लिखा था जब अंग्रेज भारत की संस्कृति और आत्मसम्मान को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे समय में बंकिम बाबू ने भारत माता को ज्ञान, समृद्धि और शक्ति का स्वरूप बताया। मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और मां दुर्गा के रूप में। इस गीत ने देश की चेतना जागृत की। उन्होंने संविधान सभा में राष्ट्रगान पर हुई चर्चा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज पर विस्तृत चर्चा हुई, कमेटी बनी, रिपोर्ट आई। लेकिन राष्ट्रगान पर कितनी चर्चा हुई? क्या इसे गंभीरता से लिया गया?



### नड्डा ने जयराम रमेश पर टिप्पणी करते हुए कहा

नड्डा ने कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता पूर्व के केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस जब चाहे नेहरू की बात करती है और जब चाहे सुभाष चंद्र बोस या रवींद्रनाथ टैगोर को आगे रख देती है। उन्होंने कहा कि अगर आप श्रेय लेना चाहते हैं, तो देश के कठिन समय की जिम्मेदारी भी आपको ही लेनी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि 1936-37 में जब नेहरू कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब 'सांप्रदायिक दबाव' में वंदे मातरम की उन पंक्तियों को हटाया गया जिसमें भारत माता को हथियारों के साथ मां दुर्गा के रूप में दर्शाया गया था।

### वंदे मातरम का सम्मान भी 'जन गण मन' के समान ही किया जाएगा

जेपी नड्डा ने कहा कि संविधान सभा में भारत के राष्ट्रगान के चयन के दौरान जो हुआ और वंदे मातरम के प्रति जो उदासीनता और उपेक्षा का भाव रहा, उसके लिए पूरी तरह जवाहरलाल नेहरू ही जिम्मेदार थे। संविधान की तीन प्रतियों पर हस्ताक्षर करने के लिए 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा की अंतिम बैठक हुई। उसमें बिना किसी चर्चा और बिना किसी नोटिस के एक वक्तव्य पढ़ दिया गया, जिसमें भारत के राष्ट्रगान का निर्णय सुना दिया गया। 'जन गण मन' को भारत का राष्ट्रगान घोषित कर दिया गया और साथ ही यह भी कहा गया कि वंदे मातरम का सम्मान भी 'जन गण मन' के समान ही किया जाएगा। यह निर्णय किस प्रकार संवैधानिक प्रक्रिया के तहत और लोकतांत्रिक निर्णय कहा जा सकता है, यह संविधान-निर्माताओं पर छोड़ा जाता है।

### सीडब्ल्यूसी के बैठक में क्या हुआ था यह भी बताया

उन्होंने कहा कि कलकत्ता कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 1937 तक हुई और उसने एआईसीसी के लिए एक प्रस्ताव पास किया। इसमें कहा गया था कि कमेटी हमारे मुस्लिम दोस्तों द्वारा गाने के कुछ हिस्सों पर उठाई गई आपत्तियों को सही मानती है। कमेटी सलाह देती है कि जब भी राष्ट्रीय मौकों पर वंदे मातरम गाया जाए, तो सिर्फ पहले दो पंक्ति ही गाए जाएं। कलकत्ता कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने सिफारिश की कि राष्ट्रीय सभाओं में जहां भी वंदे मातरम गाया जाए, वहां सिर्फ पहले दो छंद ही गाए जाएं और आयोजकों को पूरी आजादी होगी कि वे वंदे मातरम के साथ या उसके बदले में कोई भी दूसरा ऐसा गाना गा सकें, जिस पर कोई आपत्ति न हो।

### मुखर्जी को लिखी चिट्ठी में नेहरू ने क्या कहा था

नड्डा ने कहा, 21 जून, 1948 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लिखी गई चिट्ठी में नेहरू ने साफ कर दिया था कि वे वंदे मातरम को नेशनल एंथम के योग्य नहीं मानते। 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ सेशन में मोहम्मद अली जिन्ना ने वंदे मातरम के खिलाफ फतवा जारी किया। इसका विरोध करने की बजाय नेहरू ने वंदे मातरम पर पड़ताल शुरू कर दी। 20 अक्टूबर को नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी कि वंदे मातरम की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि मुसलमानों को भड़का सकती है। कोलकाता में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस ने वंदे मातरम को न वह सम्मान दिया गया और न ही वह स्थान।

## संसद में शाह बहुत नर्वस थेः राहुल

**नेता प्रतिपक्ष का दावा**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा में बुधवार को अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह बहुत 'नर्वस' नजर आए तथा उन्होंने बहस की चुनौती पर कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पूरे देश ने देखा कि शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं।



### वंदे मातरम की वर्षगांठ पर चर्चा या नेहरू पर?



मल्लिकार्जुन खरगे ने नड्डा को बीच में टोका और कहा कि आपके नेता ने इसे खुद स्वीकार किया था। आपके नेता उस समय की सरकार में शामिल थे। जिन चीजों में आपकी सहभागिता थी, आपके अध्यक्ष भी उसमें शामिल थे। उसी बात को आप यहां नकार रहे हैं। खरगे ने यह भी कहा कि यह बहस वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हो रही है या जवाहरलाल नेहरू पर?

### एसआईआर को लेकर जल्दबाजी क्यों? चंद्रशेखर



आज़ाद समाज पार्टी (कांशी राम) के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि चुनावों के दौरान खर्च की जा रही धनराशि का मतलब है कि उसके बाद किसी गरीब का बेटा कभी आगे नहीं बढ़ पाएगा। मतदान का अधिकार हमारी शक्ति है और इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है।

### ईसी को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है?



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि अगर चुनाव आयोग को वाकई चिंता है तो उसे यह सोचना चाहिए कि विपक्ष ने आयोग पर से अपना भरोसा क्यों खो दिया है? दूसरा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है? यह पूरी तरह से अवैध प्रक्रिया है ।

## खबर संक्षेप

### रायबरेली में रेल कोच रेस्टोरेंट में लगी आग

**रायबरेली।** बछरावां में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर सरेल कोच रेस्टोरेंट में गुरुवार सुबह 9 बजे आग लग गई।



यह करीब डेढ़ घंटे तक धू-धूकर जलता रहा। लोगों और दुकानदारों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पाया जा सका। जब तक दमकल पहुंचा, कई हिस्सा खाक हो चुका था।

### बिना अनुमति खान की तस्वीरों का इस्तेमाल बैन

**नई दिल्ली।** डिजिटल दौर में अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल के खिलाफ एक



महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अभिनेता सलमान खान ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की व्यापक कानूनी सुरक्षा की मांग की है। सुनवाई जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने की।

### हनुमानगढ़ में बवाल से 30 परिवारों ने घर छोड़ा

**हनुमानगढ़।** जिले में गुरुवार का दिन भी तनावपूर्ण बना रहा। यहां किसानों और विपक्षी नेताओं ने



चेतावनी दी कि निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्टरी के खिलाफ उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। हालात ये हैं कि फैक्टरी के पास रहने वाले 30 परिवार डर की वजह से अपने घर छोड़कर जा चुके हैं।

### पंजाब में पुजारी के बेटे की कोर्ट परिसर में हत्या

**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का में एक मंदिर के पुजारी के बेटे की हत्या कर दी गई। हत्या अबोहर के



अदालत परिसर में हुई। मरने वाले का नाम गोलू पंडित था और वह अबोहर के जोड़ी मंदिर के पुजारी अवनीश पंडित के बेटे थे।गोलीबारी की यह घटना गुरुवार सुबह 10:30 बजे हुई और इससे घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

## लोकसभा अध्यक्ष बोले, आरोप की पुष्टि हुई तो वे कड़ी कार्रवाई करेंगे

# टीएमसी सांसद पर लगा लोस में ई सिगरेट पीने का आरोप, ठाकुर ने उठाया मामला

### बिल्डिंग के अंदर धूम्रपान मना है, लेकिन बाहर कोई आपत्ति नहीं: सौगत राय

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य लोकसभा सदन के अंदर ई-सिगरेट का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह न केवल संसदीय मर्यादा का उल्लंघन है, बल्कि राष्ट्रीय कानून का भी उल्लंघन है। इस पर सत्ता पक्ष के कई सांसदों ने भी जोरदार आपत्ति जताई और हंगामा शुरू हो गया। प्रश्नकाल के दौरान मामला उठाते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि संसद की गरिमा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अध्यक्ष ओम बिरला ने हस्तक्षेप करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी कोई अनुमति कभी नहीं दी गई थी और कहा कि यदि लिखित शिकायत दर्ज की जाती है और आरोप की पुष्टि होती है तो वे कड़ी कार्रवाई करेंगे। हालांकि ठाकुर ने सांसद के नाम का खुलासा नहीं किया।

अज्ञात विपक्षी सदस्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए खड़े हो गए। इस आरोप ने सदन के भीतर पहले से ही तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल को और बढ़ा दिया, जिससे कुछ देर के लिए व्यवधान उत्पन्न हुआ।

यह मामला लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान तब उठा जब ठाकुर ने उठकर सदन के नियमों के बार-बार उल्लंघन का मुद्दा उठाया। अध्यक्ष को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि पूरा सदन इस मुद्दे से अवगत हो। अनुराग ठाकुर ने कहा कि महोदय, मेरा सदन से एक प्रश्न है। महोदय,



पूरे देश में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। क्या आपने सदन में इसकी अनुमति दी है? अध्यक्ष ने उत्तर दिया, नहीं, कोई भी इसकी अनुमति नहीं दे रहा है।

ठाकुर ने कहा कि महोदय, क्या आपने इसकी जांच की है? टीएमसी के सांसद इसका सेवन कर रहे हैं। अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांगों को स्वीकार करते हुए, बिरला ने दोहराया कि आचार संहिता सभी सांसदों पर समान रूप से लागू होती है और इस बात पर ज़ोर दिया कि किसी भी औपचारिक शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी। उन्होंने सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने का भी आग्रह किया। ओम बिरला ने कहा कि मैं सभी सांसदों से संविधान के नियमों और विनियमों का पालन करने का अनुरोध करता हूं। यदि कोई सांसद इस तरह का कोई मुद्दा लेकर मेरे पास आता है, तो मैं निश्चित रूप से उस पर कार्रवाई करूंगा। उधर, संसद परिसर में टीएमसी सांसद सौगत राय ने कहा कि बिल्डिंग के अंदर धूम्रपान मना है, लेकिन बाहर कोई आपत्ति नहीं।

त्रिवेदी ने संसद में खोला इतिहास का 'अनसुना' पन्ना

## आंबेडकर की हार पर नेहरू ने एडविना को क्यों लिखा पत्र? 34,000 वोटों को क्यों किया रद्द?

चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को इतिहास का अनसुना पन्ना खोल दिया। त्रिवेदी ने कांग्रेस के शासनकाल और विशेष रूप से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के एक पत्र का जिक्र करते हुए इतिहास की कई परतों को उधेड़ दिया। त्रिवेदी ने 1952 के पहले आम चुनाव का जिक्र किया। इस चुनाव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर भी बॉम्बे (अब मुंबई) नार्थ सीट से चुनावी मैदान में थे। लेकिन, उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें हराने वाले कोई और नहीं बल्कि कांग्रेस के उम्मीदवार नारायण काजोलकर थे। डॉ. त्रिवेदी ने दावा किया कि 34000 वोट रद्द करके उन्हें 15000 वोट से हरा दिया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने एडविना माउंटबेटन को एक पत्र लिखा था। सुधांशु ने सदन को बताया कि नेहरू ने माउंटबेटन को लिखा था।

### आंबेडकर के प्रति कांग्रेस का दृष्टिकोण बताया



त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर यह भी लिखा था कि आंबेडकर हिंदू कम्युनिस्टों के साथ हाथ मिला रहे हैं। त्रिवेदी का तर्क था कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि उस समय कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आंबेडकर के प्रति किस तरह का दृष्टिकोण रखता था।

### पहली 'चुनावी याचिका'आंबेडकर ने दी कांग्रेस का कारनामा इतिहास में दर्ज

सुधांशु याद दिलाया कि भारत के इतिहास में पहली चुनावी याचिका किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. आंबेडकर ने दायर की थी, क्योंकि उन्हें चुनाव प्रक्रिया और अपनी हार पर संदेह था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी आज लोकतंत्र और संविधान बचाने की दुहाई देती है, उसने अपने शासनकाल में संविधान निर्माता के साथ कैसा व्यवहार किया था, यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है?

### बैलेट बॉक्स लूटने, बूथ कैप्चरिंग का दौर अब नहीं आएगा

सुधांशु ने कहा कि यह सब इंदिरा गांधी की चुनावी जीत पर अदालत में सवाल उठाए जाने का ही परिणाम था। अब बैलेट बाक्स, बूथ लूट नहीं हो पाएगा।

### बहराइच हिंसा मामले में फैसला

## सरफराज को फांसी की सजा, 9 आरोपियों को आजीवन कारावास

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान राम गोपाल की हत्या की



बहराइच में हिंसा वाला स्थान

एजेंसी ▸▸ बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच में 13 अक्टूबर 2024 को सांप्रदायिक दंगे हुए थे। दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान यह दंगे हुए थे और इसमें रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना बहराइच के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार की थी। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद इलाके में हिंसा फैल गई और जमकर तोड़फोड़ हुई थी। इस मामले में 13 लोग आरोपी बनाए गए थे। वहीं मुख्य आरोपी सरफराज था। जिला सत्र न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाया है और सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है जबकि 9 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं 3 को बरी कर दिया गया।

### रामगोपाल को अगवा किया, तड़पाकर मारा

पुलिस ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनकी मौत गोली लगने से ही हुई थी। पुलिस ने यह भी कहा था कि इस पूरी घटना में केवल रामगोपाल मिश्रा की ही मौत हुई थी। आरोपियों ने पहले रामगोपाल को अगवा कर लिया था और उसके बाद उसकी हत्या की गई थी। रामगोपाल मिश्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गोली लगने से उनकी मौत हुई थी। उनके चेहरे, गले और सीने में गोली के करीब 30 छर्रे के निशान पाए गए थे। राम गोपाल मिश्रा 22 साल के थे। बीच में अफवाह उड़ी थी कि रामगोपाल को मारने से पहले काफी तड़पाया गया और उनके साथ बर्बरता की गई थी।

### इन धाराओं में दर्ज था मुकदमा

बहराइच के जिला सत्र न्यायालय के अपर जिला जज पवन कुमार शर्मा ने यह फैसला सुनाया। मामले का ट्रायल 13 महीने तक चला और उसके बाद अदालत में 10 अभियुक्त को दोषी पाया। कोर्ट में सभी सबूत और गवाहों की गवाही के बाद यह सजा सुनाई गई। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191/2, 191/3, 190, 103/2, 249 और 61/2 के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई थी।

### एसआईआर पर सीएम ममता ने कहा

## किसी महिला का नाम कटा तो रसोई के औजारों से करें पिटाई

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। राज्य में सर प्रक्रिया पर तीखा हमला बोलते हुए सीएम



ममता बेनर्जी ने महिलाओं से अपील की है कि अगर मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान उनके नाम हटाए जाते हैं, तो वे रसोई के औजार तैयार रखें। ममता ने बंगाल के कृष्णानगर में एक रैली में कहा कि क्या आप एसआईआर के नाम पर माताओं और बहनों के अधिकार छीन लेंगे? वे चुनाव के दौरान दिल्ली से पुलिस लाएंगे।

### महिलाएं ज्यादा शक्तिशाली हैं या भाजपा?

उन्होंने कहा कि वह देखना चाहती हैं कि महिलाएं ज्यादा शक्तिशाली हैं या भाजपा । उन्होंने कहा कि मैं सांप्रदायिकता में विश्वास नहीं करती। धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करती हूं। जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा पैसे का इस्तेमाल और लोगों को बांटने के लिए दूसरे राज्यों से लोगों को लाने की कोशिश करती है।

### कहा, एनएच पर बड़े-बड़े गड्ढे, जलभराव से बढ़ रहे सड़क हादसे

# जालंधर-सिरसा-नोहर-तारानगर हाईवे का निर्माण जल्द हो

## सिरसा से सांसद सैलजा ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया मामला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि सरकार द्वारा अमेरिका जैसी सड़कें देने के दावे तो बार-बार किए गए, परंतु हरियाणा की सड़कों की वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट है। दिल्ली-रोहतक-हिसार सहित अनेक राष्ट्रीय राजमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह, जलभराव और इंजीनियरिंग की खामियां इतनी गंभीर हो चुकी हैं कि प्रतिदिन इन मार्गों पर सफर करना जनता के लिए जीवन जोखिम में डालने जैसा हो गया है। सरकार इस भयावह स्थिति पर कोई ठोस कदम उठाने में असफल रही है। जालंधर-सिरसा-नोहर-तारानगर हाईवे का निर्माण जल्द हो पूरा किया जाए।

सैलजा ने सिरसा के दक्षिणी बाईपास का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया, जो वर्षों से केवल कागजों में घूम रहा है। उन्होंने केएमपी एक्सप्रेसवे की दयनीय हालत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है, लेकिन इसके कई हिस्से टूटे हुए हैं और सुरक्षा संकेतों का अभाव है।

सांसद ने कहा कि बढ़ते ट्रैफिक, प्रदूषण और दुर्घटनाओं को देखते हुए यह परियोजना अत्यंत आवश्यक है, परंतु न भूमि अधिग्रहण आगे बढ़ रहा है और न ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसी तरह जालंधर-सिरसा-नोहर-तारानगर हाईवे का अधूरा निर्माण भी क्षेत्र के उद्योग, व्यापार और यात्रियों के लिए भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। यह मार्ग पंजाब, हरियाणा और राजस्थान को जोड़ने वाला अहम गलियारा है, लेकिन वर्षों से उपेक्षित पड़ा है। सैलजा ने टोल प्लाजाओं की अव्यवस्था को जनता के साथ खुली लूट बताते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी स्वयं सदन में यह कह चुके हैं कि 60 किलोमीटर से कम दूरी पर टोल नहीं लगाया जा सकता, परंतु हरियाणा में इस नियम का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। बहादुरगढ़ से डबवाली तक की दूरी में जहां पाच टोल होने चाहिए थे, वहां सात टोल वसूले जा रहे हैं। हिसार में तो 37 किलोमीटर पर ही दोनों दिशाओं में टोल लगाकर जनता का आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

सैलजा ने कहा कि जनता भारी कर और टोल देती है, लेकिन इसके बदले उसे न शौचालय, न ग्रीन कॉरिडोर, न पार्किंग और न ही स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलती हैं। कोहरे के दिनों में यह उपेक्षा जानलेवा साबित हो रही है। इंजीनियरिंग और निगरानी में करोड़ों रुपए खर्च करने के दावों पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पानी निकासी के लिए करोड़ों रुपए खर्च होने की बातें कही गईं, परंतु जमीन पर नाले काम करते दिखाई नहीं देते। बरसात के समय सड़कें पानी से भर जाती हैं, जिससे दुर्घटनाएं और अधिक बढ़ जाती हैं।

# चांदी की चमक सोने से ज्यादा बढ़ी, अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऑलटाइम हाई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जब भी वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता और उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है, तो निवेशक स्वाभाविक रूप से सुरक्षित निवेश साधनों में पैसा लगाने लगते हैं। इस साल सोने ने जहां मजबूत रिटर्न दिया, वहीं चांदी ने अपनी अप्रत्याशित चमक से न केवल गोल्ड को पीछे छोड़ा, बल्कि घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नया इतिहास रच दिया है।

■ चांदी में तेजी के पीछे सबसे बड़ी औद्योगिक मांग बताई जा रही

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी के दाम 2 लाख रुपए प्रति किलो के करीब पहुंच चुके हैं, जो अब तक के सर्वोच्च स्तरों में से एक है। दिसंबर महीने में चांदी की तेजी इतनी जबरदस्त रही कि सिर्फ कुछ कारोबारी सत्रों में ही यह हजारों रुपए प्रति किलो चढ़ गई और निवेशकों व ट्रेडरों का ध्यान अपनी ओर खींच लाई।

## चांदी भारत में 2 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच चुकी

### क्यों बढ़ी चांदी की चमक?

घरेलू स्तर पर भी कई कारक चांदी की कीमतों को ऊपर धकेल रहे हैं। भारतीय रुपए में लगातार कमजोरी, त्योहारी सीजन में बढ़ी हुई खरीदारी, शादियों में भारी डिमांड और सिल्वर ईटीएफ में मजबूत इनफ्लो, इन सभी ने मिलकर चांदी के दामों को तेजी से ऊपर धकेला है। साथ ही, बाजार में जोखिम टालने की प्रवृत्ति बढ़ने पर सुरक्षित निवेश साधन के रूप में भी चांदी आकर्षक विकल्प बन गई है। अब जब चांदी 2 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर को छूने के करीब पहुंच चुकी है, निवेशकों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में इसका रुझान कैसा रहेगा। क्या यह तेजी का सिलसिला जारी रहेगा या फिर मुनाफावसूली के कारण इसमें कुछ ठहराव आएगा।



### चांदी के सामने सोना पड़ा फीका

चांदी की इस जबरदस्त चमक के पीछे कई कारण एकसाथ काम कर रहे हैं। सबसे बड़ी वजह औद्योगिक मांग में तेजी है। चांदी का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर पैनल, सेमीकंडक्टर्स, डेटा सेंटर और विभिन्न हाई-टेक उपकरणों में तेजी से बढ़ रहा है। दुनिया हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रही है, और चांदी कई महत्वपूर्ण तकनीकों का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर की मांग आने वाले कई वर्षों तक निरंतर बढ़ने की संभावना है। इसी बीच सप्लाई सीमित हो रही है और लीज रेट्स भी बढ़ रहे हैं।

### फेड के ब्याज कटौती से चांदी को मिला सहारा

इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में लगातार तीसरी बार 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती ने भी चांदी की कीमतों को सहारा दिया है। ब्याज दरों में कटौती से डॉलर कमजोर होता है, और डॉलर के कमजोर पड़ते ही सोने व चांदी जैसे कीमती धातुओं की चमक और बढ़ जाती है। बुधवार को चांदी में एक ही दिन में 6,595 रुपए की बड़ी छलांग देखने को मिली और यह 1,85,488 रुपए प्रति किलो के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(ORDER V, RULE 20 of the Code of Civil Procedure)
**IN THE COURT OF SH. SURINDER S. RATHI, L.D. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-11, CENTRAL DISTRICT, ROOM NO. 310, TIS HAZARI COURT, DELHI**
**CASE NO. CS (COMM)/1050/2025**
PUNJAB & SIND BANK
VS
ANSHUL SHARMA (DECEASED BORROWER)

To,
ANSHUL SHARMA (DECEASED BORROWER)
THROUGH LRs
1. MS. KOMAL SHARMA W/O LATE SH. ANSHUL SHARMA
2. MRS. RADHA SHARMA W/O SURESH CHAND SHARMA M/O LATE SH. ANSHUL SHARMA
**BOTH AT:** R/O H NO- 11-157, GALI NO. 8, GANGA VIHAR DELHI, EAST DELHI, DELHI- 110094. Mob: 9990943894

WHEREAS the Plaintiff has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reasons to be recorded in writing and on payment of such costs as the Court deems fit, but which shall not be later than 120 days from the date of service of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statement and the Court shall not allow the written statement to be taken on record.

You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on **07.01.2026** in the forenoon, to answer the claim; and further you are hereby directed to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and whether in your possession or power or not, or evidence in support of your defence or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of the Court, on this **06.12.2025**.

**District Judge (Commercial Court-11)**
**Tis Hazari Court, Delhi**

## खबर संक्षेप

### उर्वरक उद्योग ने सब्सिडी सुधार की मांग की



**नई दिल्ली।** उर्वरक उद्योग ने कई नीतिगत सुधार किये जाने की मांग की, जिसमें यूरिया के लिए पोषण आधारित सब्सिडी का विस्तार, पारदर्शी सब्सिडी ढांचा और जीएसटी से जुड़े इनपुट टैक्स क्रेडिट इकट्ठा होने का समाधान शामिल है, इस क्षेत्र की लाभप्रदता बेहतर हो सके और नए निवेश को आकर्षित किया जा सकें।

### टाटा स्टील का थ्रिवेनी में हिस्सेदारी लेने समझौता

TATA STEEL

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने ओडिशा स्थित त्रिवेणी पैलेस प्राइवेट लिमिटेड (टीसीपीएल) में बहुमत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। इस अधिग्रहण से टाटा स्टील की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी, खासकर कच्चे माल के महत्वपूर्ण क्षेत्र में।

## माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन व सीईओ ने कहा, भारतीयों को बनाएंगे कुशल

# माइक्रोसॉफ्ट भारत में एआई परिवेश को लेकर प्रतिबद्ध, बुनियादी ढांचे में कर रही निवेश : नडेला

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश को लेकर प्रतिबद्ध है और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है।

नडेला ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट, 'क्लाउड' क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के साथ एआई-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने चार प्रमुख आईटी कंपनियों कॉग्निजेंट, इन्फोसिस, टीसीएस और विप्रो के साथ रणनीतिक साझेदारी की भी घोषणा की। ये कंपनियां 'एजेंटिक' एआई को अपनाने में तेजी लाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर काम करेंगी।

### माइक्रोसॉफ्ट निवेश को लेकर उत्साहित

'माइक्रोसॉफ्ट' के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में नडेला ने कहा, ''हम भारत में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं ताकि हम यहां सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का बुनियादी ढांचा ला सकें। यह 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश है। नडेला ने इसे एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का सबसे बड़ा निवेश बताया।

### नया डेटा सेंटर 2026 में चालू हो जाएगा

'एज्यूर' माइक्रोसॉफ्ट द्वारा प्रदान किया गया एक व्यापक 'क्लाउड कंप्यूटिंग' मंच है। इस पर कंपनियां एवं डेवलपर अपनी एप्लिकेशन, वेबसाइट, डेटाबेस, स्टोरेज, एआई मॉडल तथा सर्वर ऑनलाइन बना, चला तथा प्रबंधित कर सकते हैं.. वह भी बिना अपने 'फिजिकल सर्वर' खरीदे। उन्होंने कहा कि एक नया डेटा सेंटर क्षेत्र 2026 में चालू हो जाएगा।



### प्रधानमंत्री ने दिखाया काफी उत्साह

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन नडेला ने बताया कि हाल में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई जिन्होंने समाज, अर्थव्यवस्था एवं वृद्धि को गति देने के लिए इस निवेश (17.5 अरब अमेरिकी डॉलर) को लेकर काफी उत्साह दिखाया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबद्धता उनकी पिछली यात्रा के दौरान घोषित तीन अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अतिरिक्त है।

- कंपनी क्लाउड क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करेगी
- चार प्रमुख आईटी कंपनियों के साथ की रणनीतिक साझेदारी
- ये कंपनियां 'एजेंटिक' एआई को अपनाने में तेजी से काम करेंगी।

### भारत 2030 तक गिटहब बनने के लिए तैयार

*सीईओ ने कहा, ''भारत 2030 तक 'गिटहब' के साथ दुनिया का अग्रणी समुदाय बनने के लिए तैयार है।'' 'गिटहब' एक वेब-आधारित मंच है जो 'वर्जन कंट्रोल' और सहयोग के लिए बनाया गया है। मुख्य रूप से डेवलपर द्वारा सॉफ्टवेयर कोड को 'स्टोर' करने, प्रबंधित करने एवं साझा करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।*

*एज्यूर को विश्व कंप्यूटर के रूप में विकसित किया जा रहा : माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने देश भर में कंपनी के 'क्लाउड नेटवर्क' के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। ''हम 'एज्यूर' को विश्व के कंप्यूटर के रूप में विकसित कर रहे हैं और हमारे पास दुनिया भर में 70 से अधिक डेटा सेंटर क्षेत्र हैं।*

### साइबर सुरक्षा के महत्व पर दिया जोर

नडेला ने कहा, ''हमें बेहद खुशी है कि 2026 में देश के दक्षिण क्षेत्र में हमारा एक नया डिजिटल सेंटर होगा। सबसे अच्छी बात यह है कि यह पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है।'उन्होंने एआई के बढ़ते उपयोग के इस युग में डिजिटल संप्रभुता एवं साइबर सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया।

### पब्लिक क्लाउड में संप्रभु नियंत्रण है

नडेला कहा, ''हम संप्रभुता को लेकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि संप्रभुता के लिए विकल्पों का एक व्यापक खंड मौजूद हो। इसलिए आपके पास पब्लिक 'क्लाउड' है, पब्लिक क्लाउड में संप्रभु नियंत्रण हैं... उन्होंने चेतावनी दी कि संप्रभुता को सुरक्षा से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

**रंगसंस एयरोस्पेस को मिला एयरबस से बड़ा अनुबंध :** मैसूर। देश की प्रमुख वैमानिकी एवं रक्षा समाधान प्रदाता कंपनी रंगसंस एयरोस्पेस ने विमान विनिर्माता एयरबस से दीर्घकालिक अनुबंध हासिल किया है।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 339716 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | ''एमएलआर अनुसूची के दौरान एसजी से ईओजी में संशोधन कार्य सहित यांत्रिक और विद्युत वस्तुओं को हटाना (एसजी से ईओजी रूपांतरण)।'' |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 33,24,869.20/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 66,500/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 01.01.2026 खुलने का समय 15:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

सं.: 339716 दिनांक: 11.12.2025 3833/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 84 BNSS/82 CrPC देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मीता सिंह पत्नी श्री जितेंद्र सिंह निवासी मकान नंबर एन–69ए, कीर्ति नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 146/2018 U/S 323/325/341 IPC, अन्तर्गत कीर्ति नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीता सिंह** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीता सिंह** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आप को छिपा रही है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 146/2018 U/S 323/325/341 IPC, अन्तर्गत थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मीता सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.01.2026** को इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
**सुश्री वसुंधरा आजाद**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–07
पश्चिम जिला, कक्ष संख्या 146, प्रथम मंजिल
**DP/16669/WD/2025(Court Matter)** तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

### एचसीसी ने सहयोगी कंपनी को किया ऋण हस्तांतरित

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र में काम कर रही प्रमुख कंपनी एचसीसी ने शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजित करने के उद्देश्य से अपनी सहयोगी कंपनी प्रोलिफिक रेजोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (पीआरपीएल) को कुल 2,854 करोड़ रुपये का कर्ज हस्तांतरित करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# तीन दिनों बाद उबरा शेयर बाजार सेंसेक्स में 427 अंकों की तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी गिरावट बृहस्पतिवार को थम गई और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। वाहन एवं धातु शेयरों में लिवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती से सेंसेक्स 427 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 140 अंक की तेजी आई।

- अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में की कटौती
- वाहन एवं धातु शेयरों में निकली खरीदारी

अपने शुरुआती निचले स्तर से उबरते हुए बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक चढ़कर 84,818.13 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,906.93 के ऊपरी और 84,150.19 के निचले स्तर तक गया। निफ्टी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,898.55 पर बंद हुआ। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद, निफ्टी में धीरे-धीरे तेजी आई और एक समय यह 25,922.80 के ऊपरी स्तर तक पहुंच गया था।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि आईटी, वाहन, धातु, रियल्टी एवं बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को हाल की गिरावट से उबरने में मदद मिली।

### इन शेयरों ने दर्ज किया लाभ

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी इंडिया, सन फार्मास्यूटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, इन्फोसिस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

*इन शेयरों में रहा नुकसान : वहीं नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन शामिल हैं।*

## वित्त मंत्रालय ने उठाया व्यापक सुधारात्मक कदम

# सार्वजनिक बैंकों की भर्ती परीक्षाएं होंगी पारदर्शी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं और उनके परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये सुधार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), राष्ट्रीयकृत बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की भर्ती प्रक्रिया पर समान रूप से लागू होंगे। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने कहा कि वर्तमान में इन सभी श्रेणियों के बैंकों में भर्ती आईबीपीएस के माध्यम से की जाती है।

### नौकरी छोड़ने का उच्चस्तर देखने मिलता है

इससे संबंधित बैंकों में नौकरी छोड़ने का उच्च स्तर देखने को मिलता है और कामकाज के संचालन में दिक्कतें पैदा होती हैं। डीएफएस ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए बैंकों की भर्ती प्रक्रिया और परिणाम घोषित करने के मौजूदा चलन की समीक्षा की।

*नतीजों की घोषणा एकसमान हो : इसके बाद भारतीय बैंक संघ को सलाह दी गई कि सभी श्रेणी के बैंकों में भर्ती परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा एकसमान और तार्किक क्रम में की जाए, ताकि उम्मीदवारों की प्राथमिकता स्पष्ट हो सके और बैंकों की मानव संसाधन योजना अधिक प्रभावी बन सके।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें**
मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **उमेश उर्फ पन्नू, पुत्रः स्वर्गीय अमर सिंह, निवासीः ए-1/18, मदर डेयरी के पास, वेलकम, दिल्ली** अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.542/2014 U/S 342/341/411 IPC** के तहत एक मामला **थाना वेलकम, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **उमेश उर्फ पन्नू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **उमेश उर्फ पन्नू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.542/2014 U/S 342/341/411 IPC, थाना वेलकम, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **उमेश उर्फ पन्नू** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 12.01.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।
आदेशानुसार, दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कोर्ट संख्या 19, मुख्य भवन
कड़कड़डूमा कोर्ट, शहादरा, दिल्ली
**DP/16313/NE/2025**
**(अदालती मामला)**

### फेडरल रिजर्व ने प्रमुख ब्याज दरों में की कटौती

**वॉशिंगटन।** फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दर में लगातार तीसरी बार बुधवार को एक चौथाई अंक की कटौती की लेकिन संकेत दिया कि वह आने वाले महीनों में दरों को यथावत रख सकता है। फेडरल रिजर्व बुधवार को ब्याज दर में कटौती के बाद यह घटकर करीब 3.6 प्रतिशत हो गई, जो पिछले लगभग तीन वर्ष में सबसे कम है। ब्याज दरों में कटौती से उधार लेने की लागत कम हो सकती है, हालांकि बाजार की ताकतें भी इन दरों को प्रभावित कर सकती हैं। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने सम्मेलन में संकेत दिया कि अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के बाद, आगामी महीनों में वह ब्याज दरों में और कटौती नहीं करेगा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | एचवीपीएनएल के सीएसआर फंड्स के तहत गांधी कुष्ठ आश्रम, हिसार रोड, रोहतक में कुष्ठ रोगियों के लिए 10 अदद कमरों का निर्माण। | 10.12.2025 16.12.2025 | रु. 84,23,399/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 17/7 विद्युत नगर, हिसार में अधिकारियों के अतिथि गृह का पुनरोद्धार। | 10.12.2025 16.12.2025 | अनुमानित लागत रु. 36,13,128/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41081/I/88/7 दि. 11.12.25

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग–दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 6075



**बाएँ से दाएं**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6074 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |





# लियोनल मेसी के साथ फोटो खिंचवाना हो तो चुकाने पड़ेंगे 10 लाख रुपये

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी के प्रशंसक विश्व भर में मौजूद हैं। वह 13 दिसंबर को हैदराबाद में आएंगे, जहां उन्हें कुछ खास कार्यक्रमों में हिस्सा लेना है। भारत में मौजूद उनके प्रशंसकों के पास इस फुटबॉल दिग्गज के साथ फोटो खिंचवाने का सुनहरा मौका मिलेगा, लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी जेब से लगभग 10 लाख रुपये खर्च करने होंगे।

फलकनुमा पैलेस में खिंचवाए जाएंगे फोटो मेसी के शनिवार की शाम 4 बजे हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद वह उप्पल स्टेडियम जाएंगे, जहां शाम 7 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी के साथ फोटो खिंचाने के लिए 9.95 लाख रुपये और जीएसटी भी चुकाने होंगे। इस अनुभव के लिए सिर्फ 100 स्लॉट उपलब्ध हैं। यह प्रीमियम फोटो फलकनुमा पैलेस में खिंचवाएं जाएंगे और इसके लिए टिकट डिस्ट्रिक्ट ऐप के जरिए बेचे जा रहे हैं।

## शनिवार की शाम 4 बजे हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद


फाइल फोटो

### स्टेडियम में लगभग 1 घंटे समय बिताएंगे मेसी

गॉट टूर हैदराबाद की एडवाइजर परवती रेड्डी के अनुसार, स्टेडियम प्रोग्राम के लिए सभी टिकट कैटेगरी डिस्ट्रिक्ट ऐप के माध्यम से उपलब्ध हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि कोई क्रिकेटर आमंत्रित नहीं किए गए हैं और शाम में एक संगीतमय कॉन्सर्ट भी शामिल होगा।मेसी में स्टेडियम में लगभग एक घंटे रुकने की उम्मीद है और रविवार को मुंबई के लिए रवाना होने से पहले वह हैदराबाद में ही रात बिताएंगे।

### मेसी के साथ सुआरेज और रोड्रिगो भी होंगे शामिल

मेसी के साथ अर्जेंटीना के स्टार रोड्रिगो डी पॉल और उरुग्वे के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज भी हैदराबाद में कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्टेडियम इवेंट 20 मिनट के प्रदर्शनी मैच से शुरू होगा, जिसमें सिंगारेणी आरआर-9 और अपर्णा मेसी ऑल स्टार्स के बीच मुकाबला होगा। इस प्रदर्शनी मैच में कुछ युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को मेसी के सामने खेलने का सौभाग्य मिलेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी मैच के आखिरी 5 मिनट में शामिल होंगे।

### सबसे ज्यादा बार बेलोन डी'ओर का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी

मेसी सबसे ज्यादा बार बेलोन डी'ओर जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और 2023 में यह खिताब जीता था। दूसरे स्थान पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो (5 बार) हैं। उन्होंने 2008, 2013, 2014, 2016 और 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था। तीसरे स्थान पर फ्रांस के माइकल प्लैटिनी हैं। उन्होंने साल 1983, 1984 और 1985 में यह खिताब जीता था। मेसी लगातार 4 बार यह खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी थे।

## खबर संक्षेप



### वुमैंस लीग फुटबॉल का 20 से कोलकाता में आगाज

**नई दिल्ली।** इंडियन वुमैंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा। इसके पहले मैच में सेथु एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि आईडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जाएगा। इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी। कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जाएंगे।दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई तक आईडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिससे सीनियर और अंडर20 महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। भारत की यह दोनों टीम अपनी अपनी श्रेणियों में अगले साल एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेंगी।

### करणदीप ने दुबई में पहला आईजीपीएल खिताब जीता



**दुबई।** करणदीप कोच्चर ने यहां आईजीपीएल आमंत्रण यूएई गोल्फ टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता। कोच्चर का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने युवा वीर गणपति और पुखराज सिंह को पछाड़ा। आईजीपीएल आमंत्रण कोलकाता में उप विजेता रहे कोच्चर ने आईजीपीएल के पहले सत्र में 10वें टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत दर्ज की। गणपति अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से कोच्चर से एक शॉट पीछे रहे। पुखराज भी उनके साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों का कुल स्कोर आठ अंडर रहा। आईजीपीएल मुंबई में खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली प्रणवी उर्स (71) कुल सात अंडर के स्कोर से चौथे स्थान पर रहीं।

### पैरा खेलों में तैराक अब्दुल इंदौरी ने दो स्वर्ण पदक जीते



**दुबई।** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया। इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

## डिकॉक का अर्धशतक, बार्टमैन ने 4 विकेट झटके

# भारत को 51 रन से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला 1-1 से बराबर की

▶▶ भारतीय टीम 162 रन पर ऑलआउट

▶▶ भारत दूसरा टी-20 हारा, यह घर में सबसे बड़ी हार

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)




दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बृहस्पतिवार को यहां दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 51 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। अब तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाएगा। पहले मैच में महज 74 रन पर आउट होने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 213 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया जिसमें डिकॉक की 46 गेंद की पारी में सात छक्के और पांच चौके जड़े थे। डिकॉक ने कप्तान एडन मारक्रम (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 83 रन की भागीदारी निभाई। डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया।

भारत ने पारी में 16 वाइड गेंद डाली और 22 अंतिरिक्त रन दिए जबकि दक्षिण अफ्रीका ने केवल पांच अतिरिक्त रन दिए। इस तरह भारत ने अंतिम 10 ओवर में 123 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत काफी खराब रही जिससे टीम उबर नहीं सकी और तिलक वर्मा (62 रन) के अर्धशतक के बावजूद 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 27 रन, अक्षर पटेल ने 21 रन और हार्दिक पंड्या ने 20 रन बनाए। चार विकेट झटके जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और लुथे सिपमाला को दो दो विकेट मिले। टीम ने पहले ही ओवर में शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल सके।

इस तरह खेल के इस प्रारूप में उनकी फॉर्म पर चिंता बरकरार है। एनगिडी की गेंद को डिफेंड करने की कोशिश में वह पहली स्लिप में खड़े हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दो छक्के से आठ गेंद में 17 रन बनाकर तेज शुरूआत की लेकिन यानसन की गेंद पर आउट हो गए। गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर सीधे विकेटकीपर डिकॉक के हाथों में समां गई।

### क्विंटन डी कॉक बने मैन आफ द मैच

### अफ्रीका-213/4 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक रन आउट | 90 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो वरुण चक्रवर्ती | 08 |
| मारक्रम का पटेल बो चक्रवर्ती | 29 |
| डेवाल्ड का तिलक वर्मा बो पटेल | 14 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 30 |
| डेविड मिलर नाबाद | 20 |

अतिरिक्त : 22

कुल योग : 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन

विकेट पतन : 1-38, 2-121, 3-156, 4-160

गेंदबाजी: अर्शदीप सिंह 4-0-54-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-45-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-29-2, अक्षर पटेल 3-0-27-1, हार्दिक पंड्या 3-0-34-0, शिवम दुबे 2-0-18-0

### भारत-162/10 (19.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का डिकॉक बो यानसन | 17 |
| शुभमन का हेंड्रिक्स बो एनगिडी | 00 |
| अक्षर का हेंड्रिक्स बो बार्टमैन | 21 |
| सूर्यकुमार का डिकॉक बो यानसन | 05 |
| तिलक का मारक्रम बो एनगिडी | 62 |
| पंड्या का ब्रेविस बो सिपमाला | 20 |
| जितेश का बार्टमैन बो सिपमाला | 27 |
| शिवम दुबे बो बार्टमैन | 01 |
| अर्शदीप का मिलर बो बार्टमैन | 04 |
| वरुण का मारक्रम बो बार्टमैन | 00 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 05

कुल : 19.1 ओवर में 162 रन पर सभी आउट

विकेट पतन: 1-38, 2-121, 3-156, 4-160, 5-118, 6-157, 7-158, 8-162, 9-162

गेंदबाजी : लुंगी एनगिडी 3.1-0-26-2, मार्को यानसन 4-0-25-2, लुथो सिपमाला 4-0-46-2, डोनोवन फरेरा 1-0-14-0, ओटनील बार्टमैन 4-0-24-4, जॉर्ज लिंडे 3-0-23-0

## टी20 सीरीज

# श्रीलंका के खिलाफ भारत कमान संभालेंगी हरमनप्रीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने जा रही पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा हुई। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मैच जिताऊ पारी खेलने वालीं शेफाली को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बयान में कहा, "महिला चयन समिति ने श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आगामी पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम चुन ली है।" हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। इस टीम में जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को भी मौका दिया गया है। दोनों ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप में खेला था।

### भारत की टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिगेज, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

## रोहित और कोहली का होगा डिमोशन सैलरी में होगी 2 करोड़ की कटौती...!

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली की सालाना सैलेरी में 2 करोड़ रुपये की कटौती हो सकती है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 22 दिसंबर को अपनी 31वीं सालाना आम बैठक करेगा। इस साल सबसे बड़ी चर्चा का विषय विराट कोहली और रोहित शर्मा के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट हैं। माना जा रहा है कि रोहित-विराट के ग्रेड में डिमोशन हो सकता है। मतलब उन्हें ए+ ग्रेड से ए ग्रेड में डाला जा सकता है, जिसकी असर उन्हें मिलने वाली सालाना सैलरी पर भी पड़ता दिखेगा। बता दें पिछले एक साल में दोनों दिग्गजों ने टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब वे सिर्फ वनडे खेलते हैं।

## एशेज सीरीज

# लंबे समय बाद मैदान में दिखेंगे कमिंस तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 का तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से खेला जाना है, जिसके लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है। एडिलेड टेस्ट की 15 सदस्यीय टीम में कप्तान पैट कमिंस की वापसी हुई है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट की वजह से लंबे समय से टेस्ट नहीं खेले हैं।

उन्होंने इस साल जुलाई में सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है। बता दें कि कमिंस सीरीज के शुरुआती 2 टेस्ट में नहीं खेले। उनकी गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में मेजबान टीम ने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की थी।

### उस्मान ख्वाजा को भी मिली जगह

उस्मान ख्वाजा ने भी टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। वह पर्थ में खास प्रदर्शन नहीं कर सके और पीठ की चोट की वजह से गाबा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ब्रिस्बेन में नेट्स पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, ख्वाजा फिट और उपलब्ध होने चाहिए। ऐसा माना जाता है कि वह सिर्फ ओपनिंग ही कर सकते हैं। हालांकि, वह किसी भी नंबर पर खेल सकते हैं।

**ऐसी है ऑस्ट्रेलिया की टीम**

तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम: पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, और ब्यू वेबस्टर।

### अंडर 19 वर्ल्ड कप क्रिकेट में भारत-पाक की ग्रुप स्टेज में नहीं होगी टक्कर

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंडर-19 पुरुष विश्व कप 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट जनवरी और फरवरी में नामीबिया और जिम्बाब्वे में आयोजित होगा। ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान की टीमें अलग-अलग ग्रुप में रखी गई हैं। इसलिए ग्रुप चरण में दोनों टीमों के बीच कोई मुकाबला नहीं होगा। सुपर सिक्स और नॉकआउट चरण में भारत और पाकिस्तान की टक्कर संभव है। यह टूर्नामेंट युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। दोनों देशों के युवा खिलाड़ी इस मौके का इंतजार कर रहे हैं।

# मैनचेस्टर सिटी से हारा रियाल मैड्रिड आर्सेनल जीता, पीएसजी ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके कोच जाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। बता दें कि केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।



### रियाल मैड्रिड ने जीते हैं सिर्फ दो मैच

रियाल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियाल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।

# आईओसी लॉस एंजिलिस ओलंपिक हॉकी टूर्नामेंट की क्वालीफिकेशन प्रणाली को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 लॉस एंजिलिस खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की हॉकी प्रतियोगिताओं की क्वालीफिकेशन प्रणाली को स्वीकृति दे दी। खेल की वैश्विक संचालन संस्था एफआईएच ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। जैसा कि बीजिंग 2008 ओलंपिक के बाद से होता आया है। दोनों वर्ग में 12 टीम हिस्सा लेंगी। इसमे मेजबान देश अमेरिका भी शामिल है। प्रत्येक वर्ग में बाकी 11 टीम एफआईएच प्रो लीग, पांच महाद्वीपीय चैंपियनशिप और ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए क्वालीफाई करेंगी। एफआईएच ने कहा, ''एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र 2025-26 और 2026-27 में शीर्ष पर रहने वाली टीम क्वालीफाई करेगी। अगर वही टीम जो 2025-26 सत्र जीतती है, वह 2026-27 सत्र भी जीतती है तो 2026-27 सत्र की उप विजेता टीम क्वालीफाई करेगी।'' इसके अलावा पांच महाद्वीपीय चैंपियनशिप में से प्रत्येक में शीर्ष पर रहने वाली जिसने पहले से ही मेजबान के तौर पर या एफआईएच प्रो लीग के जरिए क्वालीफाई नहीं किया है, उसे जगह मिलेगी। एफआईएच ने कहा, ''अगर एफआईएच हॉकी प्रो लीग के जरिए क्वालीफाई करने वाला देश अपनी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में शीर्ष पर रहता है तो ऐसी महाद्वीपीय चैंपियनशिप की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम क्वालीफाई करेगी।''

## रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया का रहा शानदार सफर

# इस साल भारतीय टीम का रहा दमदार प्रदर्शन, जीती चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए वनडे क्रिकेट में यह साल शानदार बीता। रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके बाद रोहित की जगह शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज पर भी कब्जा जमाया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत को सीरीज गंवानी पड़ी। इस बीच 2025 में भारतीय टीम के प्रदर्शन और प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।



### भारत ने इस साल जीते कुल 11 वनडे

भारत ने इस साल कुल 14 वनडे मैच खेले, जिसमें से 11 में जीत दर्ज की और 3 में शिकस्त का सामना किया। भारत ने फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घर पर वनडे सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसके बाद दुबई में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी को जीता। अक्टूबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज में 1-2 से हार झेली। नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से सीरीज में हराया।

### चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय रहते हुए जीती

भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर सकारात्मक शुरुआत की थी। अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 44 रन से हराया था। इस ग्रुप से भारत ने शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से और फाइनल में न्यूजीलैंड को शिकस्त दी थी। विराट कोहली ने इस साल वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 13 मैचों में 65.10 की औसत और 96.15 की स्ट्राइक रेट से 651 रन बनाए। उन्होंने इस साल 7 स्कोर 50+ रन के किए, जिनमें 3 शतक शामिल रहे। रोहित ने 14 वनडे में 50 की औसत और 100.46 की स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।




## पार्किंग एरिया में स्थापित किया फील्ड अस्पताल, पूर्ण संचालन के साथ प्रदान करता चिकित्सा

# ऑपरेशन सागर बंधु...श्रीलंका में दित्वा चक्रवात से प्रभावित पांच हजार लोगों के घावों पर भारतीय सेना ने लगाया मरहम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भारत द्वारा श्रीलंका के दित्वा चक्रवात प्रभावितों के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन सागर बंधु नामक राहत और बचाव अभियान वर्तमान में भी जोरशोर से चल रहा है। जिसमें वहां ग्राउंड पर इस प्राकृतिक आपदा से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र में भारतीय सेना ने एक फील्ड अस्पताल स्थापित कर जरूरतमंदों तक बड़े पैमाने पर चिकित्सा सहायता पहुंचाना शुरू कर दिया है। अब तक इस अस्पताल के जरिए चक्रवात प्रभावित कुल करीब 5 हजार से अधिक लोगों को सेना की मेडिकल टास्क फोर्स की टुकड़ी ने इलाज की सुविधा प्रदान की है। दरअसल इस अस्थायी अस्पताल को खड़ा करने की इस पूरी कवायद में सेना की मेडिकल टास्क फोर्स के 85 कर्मियों का सराहनीय योगदान है। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जन, नर्सिंग स्टाफ, इंजीनियर, सिग्नलर और लॉजिस्टिक दल ने द्वीपीय देश के स्थानीय प्रशासन और गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के साथ मिलकर युद्धस्तर पर दिन रात काम कर मानवता के इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया है।

### पहुंचने में लगे 18 घंटे, पार्किंग में बनाया अस्पताल

ऑपरेशन सागर बंधु की मदद से श्रीलंका में राहत पहुंचा रही सेना की टुकड़ी के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल ने बताया कि चक्रवात से बुरी तरह से जूझ रहे एक क्षेत्र में मदद पहुंचाने के लिए जिस अटूट दृढ़ता की हमें दरकार थी। मेरी टीम ने उसका शानदार अंदाज में प्रदर्शन किया है। कोलंबो में लैंड करने के बाद इस प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान की वजह से हमारी टीम को फील्ड अस्पताल स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थान तक पहुंचने में 18 घंटे का लंबा वक्त लगा। लेकिन आखिरकार पार्किंग एरिया में कुछ जगह मिल गई और हमने अपना काम शुरू कर दिया। 18 घंटे का लंबा वक्त लगने के पीछे की बड़ी वजह चक्रवात से बड़ी तादाद में बह गई सड़कें, किसी भी तरह के संचार संपर्क का पूरी तरह से कट जाना, बिजली का अभाव, पानी का लगातार बहाव हमारे सामने रहीं। लेकिन हमने हार नहीं मानी और फील्ड अस्पताल स्थापित करके ही दम लिया।



### स्थानीय एजेंसियों ने दिया सहयोग

गिल ने बताया कि हमारे सैन्य दस्ते को श्रीलंका की स्थानीय एजेंसियों और अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला है। जिसकी बदौलत हम अपने पेशेवराना अंदाज, नवाचार और टीमवर्क के साथ चुनौतियों को अवसर में तब्दील कर पाए। सेना की इंजीनियर और मेडिकल टीमों ने अस्पताल के शेल्टर यानी अस्थायी ढांचे को खड़ा करने के लिए रातभर काम किया। क्रिटिकल केयर, सर्जरी और जीवन रक्षक जैसी चिकित्सा गतिविधियों के लिए पोर्टेबल जेनरेटर सेट लगाए गए। जिससे बिजली की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे। सैन्य टुकड़ी ने जिला प्रशासन के साथ पानी की नियमित सप्लाई की व्यवस्था करने के साथ ही एक संचार केंद्र स्थापित किया और भारत के साथ रियल टाइम कनेक्टिविटी बनाई।

### 5 हजार से अधिक लोगों का किया इलाज

सेना ने बताया कि अब तक इस अस्पताल के माध्यम से कुल करीब 5 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया है। फील्ड अस्पताल में लोगों को बड़े पैमाने पर इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए नई तकनीक का सेना ने इस्तेमाल किया है। एचवी-एसी से लैस मेडिकल टेंट लगाए गए हैं। जिनमें पूर्ण संचालित ऑपरेशन थिएटर काम कर रहा है। ब्लड सैंपल इत्यादि के लिए भी आधुनिक चिकित्सा पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है। सेना के प्रयासों से कुछ ही दिनों में ये फील्ड अस्पताल एक पूर्ण रूप से मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल नोड में तब्दील हो गया है। टीम ने इसमें अंदर ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे और प्रयोगशाला, डेंटल मेडिकल सहायता जैसी सुविधाएं विकसित की हैं। साथ ही मल्टीपल समर्पित ओपीडी, सर्जरी (ऑर्थोपेडिक्स, डेंटल एंड फैमिली मेडिसिन) भी अस्पताल चलायी जा रही है।

## गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: लूथरा ब्रदर्स के बिजनेस नेटवर्क का खुलासा

### फुकेट में हिरासत में लिए गए लूथरा ब्रदर्स

# एक ही पते पर 42 कंपनियां, कॉर्पोरेट दावों की विश्वसनीयता पर उठे सवाल

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार दर्जनों कंपनियों में एक ही पते का बार-बार इस्तेमाल होना फाइनेंशियल जांच में एक जाना-माना रेड-फ्लैग इंडिकेटर है। जिसका मतलब शेल एंटिटी, गुमनाम फंड रूटिंग और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा होता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोवा अग्निकांड के आरोपी और नाइट क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड्स की जांच में दिल्ली के रेस्टोरेंट मालिक सौरभ और गौरव लूथरा से जुड़ी 42 कंपनियों का नाम सामने आया है। ये दोनों भाई 6 दिसंबर को गोवा के नाइटक्लब में लगी आग की घटना में जांच के केंद्र में हैं।

इन खुलासों से भाइयों के बिजनेस ऑपरेशन के पैमाने, स्ट्रक्चर, फाइनेंशियल तरीकों और कॉर्पोरेट दावों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं, जिसमें उनकी ग्लोबल मौजूदगी का दावा भी शामिल है। कॉर्पोरेट फाइलिंग से पता चलता है कि लूथरा भाई 42 अलग-अलग कंपनियों में डायरेक्टर या पार्टनर हैं, जिनमें प्राइवेट लिमिटेड फर्म और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) शामिल हैं। जांच में पाया गया कि ज्यादातर कंपनियां एक ही पते पर रजिस्टर्ड है। जो कि 2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली है।

### ◆ सभी का पता 2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नॉर्थ वेस्ट


थाइलैंड के फुकेट में हिरासत में सौरभ और गौरव लूथरा

### एक ही पता रेड फ्लैग इंडिकेटर

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार दर्जनों कंपनियों में एक ही पते का बार-बार इस्तेमाल होना फाइनेंशियल जांच में एक जाना-माना रेड-फ्लैग इंडिकेटर है। जिसका मतलब शेल एंटिटी, गुमनाम फंड रूटिंग और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा होता है। रोमियो लेन ग्रुप के कई मार्केटिंग कैंपेन में थाईलैंड के फुकेट में इंटरनेशनल मौजूदगी का दावा किया गया है। हालांकि, जांच में कोई ऑपरेशनल आउटलेट, कस्टमर रिव्यू या कोई वेरिफाइड बिजनेस पता नहीं मिला है।

### भारत वापस लाया जाएगा

गुरुवार को थाई अधिकारियों ने इंटरपोल नोटिस जारी होने के बाद भारत के अनुरोध पर फुकेट में सौरभ और गौरव लूथरा को हिरासत में ले लिया। स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी तस्वीरों में दोनों भाई थाई अधिकारियों के बगल में खड़े दिख रहे हैं। दोनों के हाथ बंधे हुए हैं और दोनों के पास उनके भारतीय पासपोर्ट हैं। थाई अधिकारियों से फाइनल मंजूरी मिलने के बाद, उम्मीद है कि दोनों भाइयों को 24 घंटे के अंदर भारत वापस लाया जाएगा।

### अदालत ने खारिज की अग्रिम जमानत

गोवा के नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में लगी आग में 25 लोगों की मौत के मामले में फरार रहने के बाद थाईलैंड से पकड़े गए कारोबारी सौरभ और गौरव लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में खारिज कर दी गई। इससे पहले उनके वकील वरिष्ठ अधिवक्ता तनवीर अहमद मीर ने कहा कि लूथरा ब्रदर्स कोई 5000 करोड़ की धोखाधड़ी कर देश छोड़कर भागने वाले लोग नहीं हैं, बल्कि बड़े व्यवसायी हैं।

### 8 दिन में तैयार होगी रिपोर्ट: सीएम सावंत

गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि इस त्रासदी की जांच रिपोर्ट 8 दिन के भीतर तैयार हो जाएगी। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देना शुरू कर दिया है और सभी मनोरंजन स्थलों में सुरक्षा ऑडिट सख्त कर दिया है। आग लगने की घटना के तुरंत बाद से गृह विभाग, दमकल विभाग और प्रशासन सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। हम हरसंभव अधिक से अधिक जानें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। भर्ती कराए गए 6 लोगों का इलाज जारी है।

### अरुणाचल प्रदेश में खाई में गिरा ट्रक

# 22 मजदूरों की मौत, पीएम ने सहायता राशि का ऐलान किया



एजेंसी ▶▶| ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के अंजाव जिले में मजदूरों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक खतरनाक पहाड़ी रास्ते से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा।

हादसे में करीब 22 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि अब तक सिर्फ एक मजदूर ही जिंदा निकाला गया है। इस घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने भी दुख जताया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री राहत कोष से पीड़ितों के लिए सहायता राशि का ऐलान किया है। यह हादसा बुधवार को हायलांग-चगलाघम मार्ग पर मेटेंगलियांग के पास हुआ। सभी मजदूर असम के तिनसुकिया जिले के गेलापुखुरी चाय बागान के रहने वाले थे। वह कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने एक प्रोजेक्ट साइट पर जा रहे थे। लेकिन तीखे मोड़, सीधी चढ़ाई-उतराई और गहरी खाइयों वाले खतरनाक रास्ते पर हादसा हो गया।

### रेस्क्यू टीम ने 13 शव बरामद किए

हादसे की जगह से रेस्क्यू टीम ने 13 शवों की बरामदगी की है। बाकी की तलाश जारी है। मौके पर खड़ी ढलान, बेहद मुश्किल इलाका और खराब रास्तों की वजह से बचाव कार्य में काफी परेशानी हो रही है। पुलिस, जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और सेना की टीमें मिलकर ऑपरेशन चला रही हैं। सभी बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मृतक मजदूरों की पहचान हुई

मृतकों में बुधेश्वर दीप, राहुल कुमार, समीर दीप, जॉन कुमार, पंकज मांकी, अजय मांकी, बिजय कुमार, अभय भुमिज, रोहित मांकी, बिरेंद्र कुमार, अगोर टांटी, धीरेन चेतिया, रजनी नाग, दीप गोवाला, रामचबक सोनार, सोनातन नाग, संजय कुमार, करण कुमार और जोनाश मुंडा शामिल हैं।




# ट्रंप को नया प्रस्ताव सौंपेंगे जेलेंस्की, 30 देशों संग की खास बैठक

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस के साथ समझौते के लिए बढ़ते अमेरिकी दबाव के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने किसी भी क्षेत्र को छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। यूक्रेन के लिए यूरोपीय समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे जेलेंस्की ने गुरुवार को कहा है कि युक्रेन यह लड़ाई इसीलिए लड़ रहा है कि क्योंकि वह अपनी कोई भी रूस को नहीं देना चाहता। जेलेंस्की ने 30 देशों के नेताओं और अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की जिसमें जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस सहित यूक्रेन के कई सहयोगियों के शामिल हुए। कई देशों ने बैठक में वीडियो लिंक के जरिए हिस्सा लिया। बैठक को 'कोएलिशन ऑफ द विलिंग' का नाम दिया गया है। जेलेंस्की ने संकेत दिए हैं कि यह बातचीत जल्दबाजी में आयोजित की गई थी क्योंकि ट्रंप का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन ने युद्ध के बाद पुनर्निर्माण की योजनाओं और आर्थिक विकास पर एक विस्तृत दस्तावेज अमेरिका के साथ चर्चा के लिए तैयार किया है। एक अलग 20 सूत्री शांति रूपरेखा भी जल्द वाशिंगटन को भेजी जाएगी। ट्रंप द्वारा यूक्रेन में चुनाव की मांग के बाद जेलेंस्की ने कहा कि यदि सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और कानून में बदलाव हो सके तो यूक्रेन 60-90 दिनों में चुनाव कराने के लिए तैयार है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा है कि उन्होंने और यूरोपीय नेताओं ने फोन पर काफी सख्त शब्दों में नए प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की को शांति योजना पर अपने देश की स्थिति के बारे में 'यथार्थवादी' होना होगा और यूक्रेनी क्षेत्र रूस को सौंपना ही होगा।

## आजादी के 77 साल बाद पहली बार पाकिस्तान में गूंजी देव वाणी

### 10-15 साल में पाक में गीता महाभारत के विद्वान दिखेंगे

# शौक से सीख रहे संस्कृत, अब कोर्स में पढ़ाई जाएंगी महाभारत व भगवद्गीता

एजेंसी ▶▶| लाहौर

आजादी के 77 साल बाद पहली बार इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान में संस्कृत आधिकारिक तौर पर लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एलयूएमएस) पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गई है। वो देववाणी, जिसे भारत में तो सदियों से पढ़ा जा रहा है, अब पाकिस्तानी छात्र बड़े शौक और जिज्ञासा से सीख रहे हैं।

महज एक साप्ताहिक कार्यशाला से शुरू हुई यह यात्रा अब चार क्रेडिट वाले पूर्ण कोर्स तक पहुंच चुकी है और आगे महाभारत व भगवद्गीता के अलग कोर्स भी आने वाले हैं। गुरमानी सेंटर के निदेशक डॉ. अली उस्मान कासमी कहते हैं कि उम्मीद है इससे नई दिशा मिलेगी।

अलग खबर

*कई छात्र हैरान कि उर्दू और हिंदी के इतने शब्द संस्कृत से आए*


संस्कृत कोर्स पूरा करने पर छात्रा को प्रमाणपत्र सौंपते हुए डॉ. कासिम

### *शास्त्रीय भाषाओं में इंसानियत का ज्ञान*

*विश्वविद्यालय में डॉ. शाहिद रशीद मुख्य रूप से व्याकरण पढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि जब मैं 'सुभाषित' पढ़ा रहा था तो कई छात्र हैरान रह गए कि उर्दू के इतने शब्द संस्कृत से आए हैं। कुछ को तो ये भी नहीं पता था कि संस्कृत हिंदी से अलग भाषा है।*

### 2027 तक पूरा कोर्स होगा

डॉ. कासमी ने बताया कि शुरू में सिर्फ वीकेंड प्रोग्राम था, जो स्टूडेंट्स, रिसर्चरों, वकीलों से लेकर आम लोगों तक सबके लिए खुला था। रिस्पॉन्स देखकर इसे नियमित डिग्री कोर्स बना दिया गया। अगले कुछ सालों छात्रों की संख्या बढ़ने की पूरी उम्मीद है। आदर्श रूप से 2027 के वसंत ऋतु तक हम इसे एक साल का पूरा कोर्स बना देंगे। डॉ. कासमी बताते हैं कि ये कोर्स यूनिवर्सिटी के बड़े भाषाई माहौल का हिस्सा है जिसमें सिंधी, पश्तो, पंजाबी, बलोची, अरबी और फारसी पहले से पढ़ाई जा रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109